सूर्योदय 6:11 सूर्यास्त 6:40

आज का तापमान

शिमला	11.4 न्यू	20.8 अधि
धर्मशाला	9.6 न्यू	24.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	71,948
निफ्टी	22,331
सोना 1,46,330	चांदी 2,28,200

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 1 अप्रैल 2026 | 19 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 92, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

दलाई लामा ने पोप की शांति अपील का किया समर्थन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने पोप लियो के 'पाम संडे मास' के दौरान दुनिया भर में शांति स्थापित करने के लिए किए गए आह्वान का समर्थन किया है। उन्होंने हिंसा छोड़कर बातचीत और कूटनीति के जरिए संघर्ष सुलझाने पर जोर दिया। दलाई लामा ने कहा कि सभी धर्मों का मूल संदेश प्रेम, करुणा और सहिष्णुता है और हिंसा केवल हिंसा को जन्म देती है। उन्होंने विश्व में जारी संघर्षों के जल्द समाधान और स्थायी शांति की प्रार्थना की।

मुंबई होटल में आईपीएल ब्रॉडकास्ट इंजीनियर की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली। आईपीएल के बीच मुंबई के ट्राइडेंट होटल में ब्रिटिश नागरिक और बीसीसीआई ब्रॉडकास्ट इंजीनियर इयान विलियम्स लैंगफोर्ड का शव मिला। इयान 29 मार्च को मुंबई इंडियंस और केकेआर के मैच के बाद अपने कमरे (नंबर 2715) लौटे थे और 30 मार्च को मृत पाए गए। उनकी अचानक मौत से क्रिकेट जगत में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

मायके से मिली संपत्ति पर पति का अधिकार नहीं

एजेंसी, अमरावती। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी हिंदू महिला को माता-पिता से विरासत में मिली संपत्ति पर उसकी मौत के बाद पति या ससुराल का कोई कानूनी हक नहीं होगा। ऐसी संपत्ति महिला के पिता के वारिसों को जाएगी। न्यायमूर्ति तारलाडा राजशेखर राव ने कहा कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15 (2) (ए) इस बात को स्पष्ट करती है। मामला एक परिवार की संपत्ति से जुड़ा था, जिसमें मृत नातिन के पति द्वारा म्यूटेशन की चुनौती हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। (अनंत ज्ञान)

एलीटकॉन इंटरनेशनल समेत सेबी का 6 पर बैन

एजेंसी, मुंबई। बाजार नियामक सेबी ने एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और इसके प्रोमोटर विपिन शर्मा समेत चार अन्य पर सिक्योरिटीज मार्केट में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगाया। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी और जुड़े लोगों ने निवेशकों को गुमराह करने के लिए वित्तीय और परिचालन जानकारी छिपाई और ऊंची कीमत पर शेयर बेचे। अंतरिम आदेश में ₹51.26 करोड़ की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश भी दिया गया है। मामले की गहराई से जांच के लिए सेबी विशेष ऑडिट भी कराएगा। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- आईटीबीपी अब सीधे गांवों से खरीदेगी उत्पाद -पेज 2
- पेट्रोल-डीजल बिक्री में कटौती शुरू -पेज 5
- मुल्थान-बरोट पुल पर फिसलन का खतरा -पेज 7

सीएम सुक्खू का बड़ा ऐलान–पहले की तरह लिया जाएगा एंट्री टैक्स

कहा- बढ़ोतरी नहीं संशोधन किए थे, सरकार की मंशा वाहन चालकों पर बोझ डालने की नहीं

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमाओं पर एंट्री टैक्स को लेकर बढ़ते विवाद के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने फिलहाल यथास्थिति बहाल करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को विधानसभा में इस मुद्दे पर कहा कि सरकार ने एंट्री टैक्स में किसी तरह की बड़ी बढ़ोतरी नहीं की है, बल्कि केवल विभिन्न श्रेणियों को व्यवस्थित और तर्कसंगत बनाने के लिए बदलाव किए गए थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए अधिकारियों के साथ बैठक कर पुराने ढांचे के अनुसार व्यवस्था बहाल करने का निर्णय लिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री से भी बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। हालांकि, पंजाब कांग्रेस के नेताओं राजा वडिंग और प्रताप सिंह बाजवा से इस विषय पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसी भी राज्य या वाहन चालकों पर अतिरिक्त बोझ डालने की नहीं है और इस मामले को बातचीत से सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में टोल टैक्स या एंट्री टैक्स की दरों में कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि छह टायर वाले ट्रक की फीस पहले 320 रुपए थी और अब भी उतनी ही रखी गई है। इसी तरह 10, 12 और 14 टायर वाले डबल एक्सल ट्रकों की फीस पहले 570 रुपए थी और उसमें भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि केवल कुछ श्रेणियों में मामूली संशोधन किए गए थे। उदाहरण के तौर पर तीन एक्सल वाले वाहनों की फीस 720 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए की गई थी।



सदन में अपनी बात रखते मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

रोबोटिक सर्जरी आम लोगों की पहुंच में लाएगी सरकार

शिमला। हिमाचल के चार सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं और सरकार इसे आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि अब तक करीब 20 डॉक्टरों को इस तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी का खर्च औसतन 1 लाख रुपए है, जबकि निजी अस्पतालों में यह लगभग 5 लाख रुपए तक होता है। गरीब मरीजों को सरकार 70 हजार रुपए तक का अनुदान देगी, लेकिन स्पेशल वार्ड में भर्ती मरीज इसका लाभ नहीं उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी और एमआरआई जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का राज्य में चरणबद्ध विस्तार किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत यह सुविधा और अधिक सुलभ होगी, और हिमकेयर योजना में भी इसे शामिल करने पर विचार चल रहा है।

हाईकोर्ट ने 7 अप्रैल तक बढ़ाई रोस्टर की डेडलाइन

हिमाचल सरकार ने बदले आरक्षण रोस्टर के नियम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल सरकार ने पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर लगाने के नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत 95 प्रतिशत पंचायतों का आरक्षण नियमों के तहत होगा, जबकि 5 प्रतिशत पंचायतों में डीसी आरक्षण रोस्टर बदल सकेंगे। संशोधित नियमों में तर्क दिया गया कि यह बदलाव भौगोलिक या विशेष परिस्थितियों को देखते हुए किया जाएगा।

वहीं हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण रोस्टर 7 अप्रैल तक हर हाल में जारी करने के आदेश दिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि रोस्टर 13 फरवरी 2026 की स्थिति के आधार पर तैयार किया जाए और उसी आधार पर पंचायत चुनाव करवाए जाएं।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य में 13 फरवरी 2026 के बाद गठित नई पंचायतों, पुरानी पंचायतों के विभाजन और पुनर्गठन से जुड़ी अधिसूचनाओं को चुनौती देने वाले मामलों का फैसला बाद में मेरिट के आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इनसे संबंधित प्रक्रिया पर रोक जारी रहेगी। गौरतलब है कि हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं पर अंतरिम आदेश देते हुए विवादित पंचायतों से जुड़े ड्राफ्ट प्रस्तावों और अधिसूचनाओं पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है। इसके चलते आरक्षण रोस्टर तय करने की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई थी।

राज्य सरकार ने इस स्थिति को देखते हुए कोर्ट से रोस्टर जारी करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। इसे स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने 7 अप्रैल तक आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सभी जिलों के डीसी को आज (31 मार्च तक) हर हाल में पंचायत व नगर निकाय चुनाव को आरक्षण रोस्टर तय करना था। अब कोर्ट ने सरकार को सात दिन की मोहलत दी है। इससे पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक हजारों दावेदारों का आरक्षण रोस्टर के लिए इंतजार लंबा हो गया है।

◆ पांच प्रतिशत सीटें डीसी कर सकेंगे आरक्षित

3773 पंचायतों और 73 नगर निकायों में होने हैं चुनाव

प्रदेश की 3773 पंचायतों और 73 नगर निकायों में 31 मई से पहले चुनाव है। पंचायतों में प्रधान, उप प्रधान, वार्ड मेंबर, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद के लिए इलेक्शन होने है, जबकि शहरी निकायों में पार्षदों का चयन होना है। इनमें से उप प्रधान को छोड़कर हर पद के लिए आरक्षण रोस्टर लगता है।

शिमला–कांगड़ा में रिश्तों का कत्ल, दहला हिमाचल

सराहन में छोटे ने की बड़े भाई की हत्या

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के सराहन क्षेत्र में छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। घटना 30 मार्च की सुबह सामने आई जब राई खड्ड स्थित श्मशानघाट के पास 35 वर्षीय अनिल कुमार उर्फ काकू का शव पड़ा मिला। मृतक के शरीर और मुंह पर चोटों के निशान और खून पाए जाने के बाद मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया और विशेषज्ञ टीम की मौजूदगी में घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराहन भेजा गया। जांच के दौरान मृतक के छोटे भाई विक्रम पर शक हुआ जिसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि शराब पीने के दौरान पुरानी रंजिश के चलते उसने बड़े भाई की हत्या की।

एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस घटना की सभी परिस्थितियों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के बाद हत्याकांड की पूरी गुत्थी सुलझाई जाएगी। दोनों भाइयों के बीच पुरानी रंजिश की असली वजह भी सामने लाने की कोशिश की जा रही है।

लंबागांव में पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

अनंत ज्ञान

नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। जयसिंहपुर के कुटाहन गांव में 32 वर्षीय कालटी देवी को पति सनी कुमार ने कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के समय मृतका अपनी बेटी के साथ सो रही थी। बेटी की आवाज पर पड़ोसी और भाई मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने आरोपित को तुरंत हिरासत में ले लिया। डीएसपी बैजनाथ संदीप शर्मा और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल पालमपुर में करवाया गया और परिजनों को सौंपा गया।

परिजनों ने आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की। आरोपी के भाई के अनुसार, वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। घटना से पहले सोमवार रात को वह झाड़-फूंक करवाने गया था और देर रात अपनी पत्नी को लेकर अपने भाई के घर आया। करीब साढ़े तीन बजे उसने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगा रही है।

हिमाचल में आज से होंगे कई बड़े बदलाव, जनता रहे तैयार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ एक अप्रैल से कई बड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम जनता की जेब, किसानों की आय और कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। सरकार ने एक तरफ राजस्व बढ़ाने के लिए कुछ फैसले किए हैं, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ सकता है, वहीं दूसरी ओर कई वर्गों को राहत देने के कदम भी उठाए गए हैं, जिससे संतुलन बनाने की कोशिश नजर आती है।

सबसे बड़ा असर एंट्री टैक्स में बढ़ोतरी और शराब की कीमतों में संभावित वृद्धि के रूप में देखने को मिलेगा। राज्य की सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों पर टैक्स बढ़ने से बाजार में आने वाले सामान महंगे हो सकते हैं, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। वहीं, नई आबकारी नीति के तहत शराब के दाम बढ़ने की संभावना है, जिससे राज्य सरकार राजस्व बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर्स और पंचायत चौकीदारों के मानदेय में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा भैंस और गाय के दूध के एमएसपी में 10-10 रुपए की बढ़ौतरी भी हो जाएगा।

एपीएल परिवारों को अब मिलेगा 12 किलो आटा

इसी के साथ राशन व्यवस्था और घरेलू खर्च पर भी असर देखने को मिलेगा। एपीएल परिवारों को अब 11 की जगह 12 किलो आटा मिलेगा, जिससे कुछ राहत जरूर मिलेगी, वहीं हर महीने की तरह गैस सिलेंडर की नई कीमतें भी लागू होंगी, जो घरेलू बजट को प्रभावित करेंगी।

नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, 9 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी, नालंदा

बिहार के नालंदा में मंगलवार सुबह शीतला मंदिर मेले में भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई तथा कई लोग घायल हो गए। बिहार शरीफ स्थित मघड़ा इलाके में माता शीतला अष्टमी के दरबार में सुबह 9 से 10 बजे के आसपास अचानक भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची और बचाव का काम शुरू किया गया व घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायलों को तत्काल इलाज के लिए मॉडल हॉस्पिटल बिहार शरीफ भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चैत्र महीने का आखिरी मंगलवार होने के कारण मंदिर परिसर में सुबह से ही भारी भीड़ जुटी हुई थी। इसी दौरान किसी कारण से अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते भगदड़ की स्थिति बन गई।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। अधिकारियों ने मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। (अनंत ज्ञान)

हमीरपुर एलिमेंट्री डिप्टी डायरेक्टर और वर्क सुपरवाइजर को रिटायरमेंट के बाद एक्सटेंशन

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। प्रदेश सरकार ने 31 मार्च के बाद एक्सटेंशन न देने का ऐलान तो किया था, लेकिन मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए हमीरपुर एलिमेंट्री ऑफिस के डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर और वर्क सुपरवाइजर कश्मीर सिंह को 6-6 माह की एक्सटेंशन दे दी गई है। उन्हें वित्तीय लाभ भी उसी स्तर के बरकरार रखे गए हैं, जो उन्होंने आखिरी तनख्वाह ड्रॉ की है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

दोनों हमीरपुर जिले से ही ताल्लुक रखते हैं। अधिकारियों को एक्सटेंशन देने के मामले में सरकार कतई भर भी हिचकिचाहट नहीं दिखा रही है। आदेश होते ही चर्चा भी शुरू हो गई। सैकड़ों कर्मचारी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए हैं। हो सकता है कि राज्य भर में बहुत सारे और कर्मचारियों अधिकारियों को भी एक्सटेंशन दी गई हो, अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

खास बात यह है कि राज्य में करीब 400 ऐसे शिक्षक भी करीब 6 माह पहले सेवानिवृत्ति के बाद फिर से आधी तनख्वाह पर रखे गए थे, लेकिन उन्हें अभी तक भी वेतन नहीं दिया गया है ऐसे सैकड़ों अध्यापक 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए हैं, मगर उनके लिए भी अभी ऊहापोह वाली स्थिति है। उन्हें 6 महीनों का वेतन कितना मिलेगा, कब मिलेगा, कैसे मिलेगा? कोई पता नहीं है। न ही सरकार ने इस बाबत अभी तक कोई आदेश जारी किए हैं।

उधर, स्वास्थ्य विभाग में भी एक्सटेंशन का दौर जारी है और कई वरिष्ठ अधिकारियों और छोटे अधिकारियों को एक्सटेंशन दी गई है। इसका इनके संगठन विरोध भी कर रहे हैं, जो भी हो एक्सटेंशन मिलने की वजह से वह अधिकारी और कर्मचारी खफा है जो अपनी पदोन्नति की राह देख रहे थे। एक्सटेंशन देने से सरकार को कितना फायदा है। इस पर सरकार आंकलन करे।

सूरत में इमारत में लगी आग, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली

गुजरात के सूरत में लिंबायत मीठी खाड़ी के पास एक सोसायटी की इमारत में अचानक आग लग गई। इस घटना में एक बच्चे समेत 5 लोग झुलस गए। इन सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां पांचों की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, सूरत के लिंबायत में मीठी खाड़ी के पास एक घर में अचानक आग लग गई। आग में एक महिला और एक बच्चे समेत कुल 5 लोग झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और झुलसे हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया। आग सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया, वहीं झुलसे हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि अस्पताल में सभी पांचों लोगों की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ईरान वसूलेगा 'टोल टैक्स'

एजेंसी, तेहरान

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से टोल लेने का फैसला किया है। ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है। यह योजना होर्मुज के रणनीतिक समुद्री गलियारे से गुजरने वाले जहाजों पर टोल लगाने के उपाय करती है। समिति ने इसरायल और अमेरिका के जहाजों की होर्मुज में एंट्री बैन कर दी है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। ऐसे में यहां जहाजों से टोल लेने की सूरत में ईरान को एक बड़ी कमाई इससे हो सकती है।

ईरान के सरकारी मीडिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के एक सदस्य ने घोषणा की कि इस योजना को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। इसके मुख्य बिंदुओं में जलडमरूमध्य के लिए सुरक्षा इंतजाम, जहाजों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, वित्तीय व्यवस्थाएं और रियाल-आधारित टोल प्रणाली का कार्यान्वयन शामिल है। (अनंत ज्ञान)

इसरायल-अमेरिकी जहाजों पर लगेगा बैन

ईरान ने अमेरिकी और इसरायली जहाजों के होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने पर साफतौर पर रोक लगाई गई है। साथ ही उन देशों के जहाजों पर रोक लगाई गई है, जो ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों में शामिल हैं। इसके अलावा जलडमरूमध्य के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने में ओमान के साथ सहयोग की रूपरेखा तय की गई है।

सफलता खाद्य, पेयजल और नशीले पदार्थों की जांच की रिपोर्ट अब प्रदेश से बाहर भेजने की जरूरत नहीं

हिमाचल की कंडाघाट सीटीएल लैब की रिपोर्ट अब पूरे देश में मान्य

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। हिमाचल प्रदेश की एकमात्र कंडाघाट स्थित सेंट्रल टेस्टिंग लेबोरेटरी (सीटीएल) को राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से संयुक्त मान्यता मिल गई है। अब इस लैब की जांच रिपोर्ट पूरे देश में वैध होगी।

पहले इस लैब की रिपोर्ट अन्य राज्यों में चुनौती दी जाती थी या अस्वीकार कर दी जाती थी, लेकिन अब यह राष्ट्रीय मानकों पर उतर चुकी है। इससे अब खाद्य और पेय पदार्थों के सैंपल की जांच प्रदेश से बाहर भेजने की जरूरत नहीं रहेगी। साथ ही सैंपल की रिपोर्ट आने के लिए लंबा इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा।

कंडाघाट सीटीएल लैब में अत्याधुनिक मशीनों से खाद्य पदार्थों में मिलावट व गुणवत्ता जांच, पेयजल की शुद्धता परीक्षण तथा नशीले पदार्थों के नमूनों की जांच होती है। लैब की जांच रिपोर्ट पूरे देश में मान्य होगी, जिससे प्रदेश के व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ मिलेगा।

इससे पहले लैब की रिपोर्ट अन्य राज्यों में चुनौती का सामना करती थी या अस्वीकार कर दी जाती थी, लेकिन अब यह राष्ट्रीय मानकों पर पूरी तरह खरी उतर चुकी है। कंडाघाट की इस अत्याधुनिक लैब में खाद्य पदार्थों में मिलावट व गुणवत्ता की जांच, प्राकृतिक एवं अन्य पेयजल की शुद्धता परीक्षण तथा एक्साइज से जुड़े नशीले पदार्थों के नमूनों की जांच की जाती है। पहले इन रिपोर्टों की मान्यता केवल प्रदेश तक सीमित थी, मगर अब इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर न्यायालयों या प्रक्रियाओं में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकेगा।

◆ एनएबीएल-एफएसएसएआई से मिली संयुक्त मान्यता

◆ खाद्य पदार्थों में मिलावट व गुणवत्ता की होती है जांच

क्या कहते हैं सीटीएल खाद्य विश्लेषक

सीटीएल खाद्य विश्लेषक डॉ. रिपु धमन कुमार ने कहा कि इससे प्रदेश व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब दूसरे राज्यों की लैब जाने की जरूरत नहीं, समय व धन बचेगा। कानूनी प्रक्रियाओं में भी रिपोर्ट साक्ष्य बनेगी। सरकार लैब के विकास में जुटी है। आधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं। सूक्ष्म जीव प्रयोगशाला स्थापित करने की योजना भी है। इससे जांचें यहीं होंगी।

न्यूज ब्रीफ

शिक्षा मंत्री रोहित 3 को करेंगे संतोषीनगर से शौली कियाना डोगरी लिंक रोड का उद्घाटन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अप्रैल माह की शुरुआत में तीन दिवसीय दौरे पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। 3 से 5 अप्रैल तक प्रस्तावित यह दौरा विकास कार्यों के शुभारंभ, निरीक्षण और जनसंपर्क गतिविधियों पर केंद्रित रहेगा। इस दौरान वे विभिन्न स्थानों पर बैठकों के माध्यम से आम जनता की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के निर्देश देंगे। 3 अप्रैल को वे संतोषीनगर से शौली कियाना डोगरी लिंक रोड का उद्घाटन करेंगे तथा शौली से धारोट सड़क का लोकार्पण करेंगे। 4 अप्रैल को तुरण और हमराम क्षेत्रों में कई सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। 5 अप्रैल को कुद्दू क्षेत्र में नाधाल लिंक रोड का भूमि पूजन, विद्यालय भवन का उद्घाटन और लंगर भवन की आधारशिला रखी जाएगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक सुंदर ठाकुर के परिवार के प्रति जताई संवेदनाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता ठाकुर जोग ध्यान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि ठाकुर जोग ध्यान का निधन न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत एक सम्मानित और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे, जिनका सामाजिक जीवन में विशेष योगदान रहा। मुख्यमंत्री ने इस दुःखद घड़ी में सुंदर सिंह ठाकुर और उनके समस्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी क्षति को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, लेकिन ईश्वर से यही कामना है कि परिवार को धैर्य और संबल प्रदान हो।

सुंदर ठाकुर के पिता के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर के पिता जोग ध्यान ठाकुर तथा मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई। बुधीश्वर गौड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। विनय कुमार ने कहा कि इस कठिन समय में पूरा संगठन परिवारों के साथ खड़ा है और उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता है।

जमीन खरीद विवाद : मुख्य सचिव बोले पद से पहले हुआ सौदा, आरोप निराधार

चेस्टर हिल्स विवाद पर संजय गुप्ता का पलटवार, आरोपों को बताया साजिश

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश के चर्चित चेस्टर हिल्स प्रोजेक्ट को लेकर उठे विवाद ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। इस पूरे प्रकरण में पहली बार खुलकर सामने आए मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को न केवल खारिज किया, बल्कि उन्हें एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने दो टूक कहा कि जिस जमीन खरीद को लेकर उन्हें घेरा जा रहा है, उसका उनके पद या किसी सरकारी फैसले से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि यह सौदा उनके मुख्य सचिव बनने से पहले ही पूरा हो चुका था।

प्रेस वार्ता में संजय गुप्ता ने तथ्यों के साथ अपनी बात रखते हुए स्पष्ट किया कि जुलाई 2025 में उन्होंने सरकार की विधिवत अनुमति लेकर तीन एकड़ जमीन खरीदी थी। उस समय वे मुख्य सचिव नहीं थे और अनुमति भी तत्कालीन प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत दी गई थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जमीन का कलेक्टर रेट लगभग 1.10 करोड़ रुपए था, जबकि उन्होंने इसे उससे अधिक कीमत—करीब 1.35 करोड़ रुपए में खरीदा। ऐसे में सस्ती खरीद या किसी प्रकार के लाभ के आरोप स्वतः ही निराधार साबित हो जाते हैं।

उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायतों को भी आधारहीन बताते हुए कहा कि कुछ लोग तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत कर रहे हैं। गुप्ता ने स्पष्ट किया कि जमीन खरीद और उनके मुख्य सचिव बनने के बीच कोई समयगत या प्रशासनिक संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि वे 1 अक्तूबर को मुख्य सचिव बने, जबकि जमीन का सौदा इससे पहले ही पूरा हो चुका था, इसलिए इसे किसी प्रकार के लाभ के बदले लिया गया कहना पूरी तरह भ्रामक है।

मुख्य सचिव ने इस पूरे विवाद को उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास बताते हुए कहा कि उनके प्रशासनिक कार्यकाल में पारदर्शिता और सख्त निर्णयों के कारण कुछ लोगों को असुविधा हुई है। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि बिजली बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने हजारों करोड़ रुपये का मुनाफा सुनिश्चित किया और कई महत्वपूर्ण निर्णय निष्पक्षता से लिए। यही वजह है कि अब उनकी साख को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसे आरोप गढ़े जा रहे हैं।

कुछ पूर्व अधिकारियों की भूमिका रही संदिग्ध

संजय गुप्ता ने यह भी संकेत दिए कि इस मामले में कुछ पूर्व अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है और संबंधित मामलों की जांच एजेंसियों द्वारा पहले से ही पड़ताल की जा रही है। गुप्ता ने कहा कि सच्चाई जल्द सामने आएगी और सभी आरोप स्वतः ही निराधार साबित होंगे।

एचपीयू में अकादमिक भ्रष्टाचार और फीस बढ़ोतरी पर एसएफआई का विरोध

- कैग रिपोर्ट में नियुक्तियों और शैक्षणिक ढांचे पर गंभीर सवाल
- छात्रों पर आर्थिक बोझ डालने के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रदेश विश्वविद्यालय में अकादमिक भ्रष्टाचार और प्रस्तावित फीस बढ़ोतरी के खिलाफ कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच विश्वविद्यालय में 27 से 37 प्रतिशत तक संकाय पद खाली रहे और 186 नियुक्तियों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं।

एसएफआई के अनुसार इससे शिक्षण गुणवत्ता प्रभावित हुई है, छात्रों को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाया और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था लगातार कमजोर हुई है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि संसाधनों की कमी, कमजोर आधारभूत ढांचा और शोध गतिविधियों में गिरावट के कारण विश्वविद्यालय की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। एसएफआई ने कहा कि प्रशासन वित्तीय संकट का हवाला देकर फीस बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला रहा है, जिससे छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्टाचार और फीस वृद्धि के फैसले वापस नहीं लिए गए, तो पूरे प्रदेश में छात्रों को संगठित कर व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार की होगी। साथ ही, संगठन ने राज्य सरकार से तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की भी मांग की है।

सदन में डॉ. सिकंदर ने उठाए अल्पसंख्यक क्षेत्रों के विकास पर सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में हिमाचल के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए। उन्होंने चालू बजट चक्र में स्वीकृत सामुदायिक अवसंरचना परियोजनाओं का विवरण, वर्ष 2026-27 में प्री-मैट्रिक व पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तियों से लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या तथा पीएम-विकास योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी मांगी। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब में बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, पेयजल, स्वच्छता, पर्यटन और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। पीएम-विकास योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण, डिजाइन सुधार और विपणन सहायता प्रदान कर उनकी आजीविका मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राज्यपाल कविंद्र ने हिमाचली उत्पादों में दिखाई विशेष रुचि

उत्पादों का अवलोकन करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। नई दिल्ली प्रवास के दौरान हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने हिमाचल एम्पोरियम का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शित हिमाचली उत्पादों का अवलोकन किया और उनमें निहित पारंपरिक शिल्पकला एवं सांस्कृतिक विरासत में गहरी रुचि दिखाई। राज्यपाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों से संवाद करते हुए राज्य की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के प्रयासों की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे मंच हिमाचल के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को बेहतर विपणन अवसर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, पारंपरिक उत्पादों के संवर्धन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने और स्थायी आजीविका के अवसर उत्पन्न करने वाला बताया।

राज्यपाल ने अधिकारियों को नवाचार, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और प्रभावी विपणन रणनीतियों के माध्यम से हिमाचली उत्पादों की ब्रांड वैल्यू और पहुंच बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एम्पोरियम के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कुफरी-शिलोनबाग घाटी में बुरांस की लालिमा

ग्रामीणों की आय का साधन, पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। जुन्गा क्षेत्र की मुडाघाट, छलंडा, कोटी तथा कुफरी-शिलोनबाग घाटी इन दिनों बुरांस के फूलों की लालिमा से सराबोर हैं। पहाड़ों की ढलानों पर खिले लाल और गुलाबी रंग के ये फूल पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बन गए हैं। बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचकर सड़कों के किनारे वाहन रोककर इन फूलों की सुंदरता का आनंद ले रहे हैं और यादगार तस्वीरें भी कैद कर रहे हैं।

बुरांस, जिसका वैज्ञानिक नाम रहोडोडेंड्रन है, मार्च और अप्रैल में पूरी तरह खिलता है। यह ठंडे क्षेत्रों में 1500 से 3600 मीटर की ऊंचाई पर प्राकृतिक रूप से उगने वाला वृक्ष है, जिसकी पत्तियां मोटी और फूल घंटी के आकार के होते हैं। हिमाचल में इसकी भरपूर उपलब्धता है और कई जिलों में इसका उपयोग अचार, मुरब्बा और जूस बनाने में किया जाता है। ग्रामीण लोग इन फूलों को बाजार में बेचकर अपनी आय का साधन भी बना रहे हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिल रहा है।

क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक दयाराम वर्मा और दौलत राम मेहता बताते हैं कि वैशाख संक्रांति के अवसर पर बुरांस के फूलों की माला बनाकर पहले कुल देवता को अर्पित करना और फिर घरों में सजाना शुभ माना जाता है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार बुरांस के फूल औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं, जिनमें विटामिन ए, बी-1, बी-2, सी, ई और के प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसका शर्बत शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ त्वचा रोगों से बचाने में भी सहायक होता है।

फूलों की लालिमा से सराबोर बुरांश के फूल। अनंत ज्ञान

ढली-1 में निशा व साधनाघाटी केंद्र में आशा देवी क्रेच कार्यकता चयनित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला शहरी क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्रों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित चयन प्रक्रिया आखिरकार पूरी हो गई है।

सीमित आवेदनों और तय मानकों के आधार पर आयोजित साक्षात्कार के बाद चयन समिति ने योग्य अभ्यर्थियों का चयन करते हुए परिणाम घोषित कर दिया है। ढली-1 केंद्र में निशा कुमारी को क्रेच कार्यकर्ता, साधनाघाटी केंद्र में आशा देवी को क्रेच कार्यकर्ता तथा अपर समिट केंद्र में रीता देवी को क्रेच सहायिका के पद पर चयनित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को उनके संबंधित केंद्रों में नियुक्त किया जाएगा।

बता दें कि संबंधित केंद्रों के फीडर एरिया से अपेक्षाकृत कम आवेदन प्राप्त हुए। कुछ केंद्रों में तो केवल न्यूनतम आवश्यक आवेदन ही पहुंचे, जिसके बावजूद विभाग ने निर्धारित नियमों के अनुसार साक्षात्कार लेकर चयन को अंतिम रूप दिया।

पेट्रोल-डीजल पर सेस और एंट्री टैक्स के खिलाफ भाजपा का आंदोलन 8 से

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ, राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पेट्रोल और, डीजल पर 5 सेस तथा पहले से लागू वैट के माध्यम से प्रदेश की जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारी, टैक्सी चालक, बस संचालक और ट्रक यूनियन बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे जनजीवन पर सीधा असर पड़ा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एंट्री टैक्स में बढ़ोतरी से छोटी और बड़ी गाड़ियों पर अतिरिक्त भार पड़ा है, जिसका असर पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा तक देखने को मिल रहा है। इसके चलते हिमाचल के व्यापारियों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों पर बाहरी दबाव बढ़ गया है और उनके रोजगार पर संकट गहराने लगा है।

डॉ. बिंदल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगाया गया सेस और एंट्री टैक्स में बढ़ोतरी वापस नहीं ली, तो भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में 8 से 11 अप्रैल तक व्यापक धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी हर वर्ग की आवाज बनकर महंगाई के इस बोझ के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी।

केंद्र की सहायता से सुधरेगी प्रदेश की आर्थिक स्थिति

बिंदल ने नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को 3,920 करोड़ की विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जो प्रदेश के लिए बड़ी राहत साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह सहायता सीमित राज्यों को ही मिली है और हिमाचल को सर्वाधिक सहयोग मिलना प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह को दर्शाता है। बिंदल ने कहा कि इस आर्थिक सहयोग से प्रदेश का बजट फिर से 58 हजार करोड़ के स्तर तक पहुंचा है और रुके हुए विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

चियोग स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

9वीं कक्षा की प्रियांशी ने 630 अंक हासिल कर झटका प्रथम स्थान

चियोग स्कूल में आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान बच्चे व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का अंतिम शिक्षा संवाद कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यापकों और अभिभावकों ने मिलकर आगामी शैक्षणिक सत्र को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न उपायों और योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने और विद्यालय-परिवार समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने कक्षा 9वीं और 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि इस वर्ष दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बेहतर परिणाम के लिए अध्यापकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। कक्षा 9वीं में प्रियांशी ने 630 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा 11वीं में शिवानी ने 462 अंक लेकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व, उत्साहवर्धन योजनाओं तथा समस्त अध्यापक वर्ग को देते हुए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विनोद ने जिलाध्यक्षों से लिया फीडबैक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री (संगठन) विनोद जिंटा ने शिमला से आयोजित वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्षों से संवाद कर उनके जिलों में चल रहे संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में धर्मशाला में जिलाध्यक्षों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र आयोजित किया जाएगा। साथ ही जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों और ब्लॉक कार्यकारिणियों का गठन भी शीघ्र किया जाएगा।

विनोद जिंटा ने जिलाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं से निरंतर सीधा संवाद बनाए रखें और उनका पूरा मान-सम्मान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए नए मतदाताओं और युवाओं को जोड़ना बेहद जरूरी है। साथ ही अग्रणी संगठनों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर कांग्रेस सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही पीसीसी कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

विनय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिया संगठन मजबूती का मंत्र

- कार्यकर्ताओं के सम्मान और जिम्मेदारी निभाने पर करें फोकस

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने नव नियुक्त पार्टी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनके साथ समन्वय से ही संभव है। विनय कुमार ने पदाधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि उन पर संगठन की बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे उन्हें कुशलता और ईमानदारी से निभाना होगा।

इस अवसर पर संगठन महामंत्री विनोद जिंटा, उपाध्यक्ष अमित नंदा, हरिकृष्ण हिमराल, धर्मेंद्र धामी, यशपाल तनाईक, यादोपति ठाकुर, उपेंद्र कांत मिश्रा, अनीता वर्मा, ज्योति खन्ना और विकास ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के लिए केंद्रीय नेतृत्व, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर विश्वास जताया कि वे संगठन को और मजबूत करेंगे।

जिम्मेदारियों के साथ अनुभव का होगा लाभ

बाद में विनय कुमार ने संगठन महामंत्री विनोद जिंटा और उपाध्यक्ष प्रशासन अमित नंदा को उनके कक्ष में जाकर उनकी कुर्सी पर विराजमान करते हुए नई जिम्मेदारियों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विनोद जिंटा छात्र राजनीति एनएसयूआई व युवा कांग्रेस से लेकर संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए व्यापक अनुभव रखते हैं, जो संगठन को मजबूती देगा। वहीं, अमित नंदा को कर्मठ कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उन्हें पीसीसी में प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी गई है व उनके अनुभव से संगठन को बेहतर दिशा मिलेगी।

नई पहल किसानों को मिलेगा घर-द्वार पर बाजार, स्थानीय उत्पादों की सीधी खरीद से बढ़ेगी आय

आईटीबीपी अब सीधे गांवों से खरीदेगी उत्पाद

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के किसानों और बागवानों के लिए एक बड़ी राहत और अवसर लेकर आई नई पहल में अब भारत-तिब्बत सीमा पुलिस सीधे गांवों से ताजे कृषि उत्पाद खरीदेगी। राज्य सरकार के साथ प्रस्तावित समझौता ज्ञापन के तहत सब्जियां, फल, दूध, पनीर, मांस और ट्राउट मछली जैसे उत्पादों की सीधी खरीद से न केवल किसानों को स्थायी बाजार मिलेगा, बल्कि उनकी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आईटीबीपी के उत्तरी फ्रंटियर कमांडर आईजी मनु महाराज और सेक्टर कमांडर डीआईजी पवन कुमार नेगी के साथ बैठक में इस योजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सरकार का उद्देश्य गांव-स्तर पर ही आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर लोगों को सशक्त बनाना है।

आईटीबीपी के आईजी मनु महाराज ने बताया कि इस प्रकार की व्यवस्था पहले उत्तराखंड में सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है और हिमाचल में भी इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। बैठक में सीमावर्ती गांवों में बॉर्डर आउट पोस्ट के विद्युतीकरण सहित अन्य आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।



आईटीबीपी के आईजी मनु महाराज व डीआईजी पवन कुमार नेगी के साथ मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

सीमावर्ती विकास को मिलेगी नई गति

इस पहल से न केवल स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। किसानों और ग्रामीण समुदायों को अपने ही क्षेत्र में भरोसेमंद बाजार मिलने से स्थायी रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्रीय विकास को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी।

एसएसबी कुसुंपटी के डेयर डेविल्स टीम के मुख्य आरक्षी राजकुमार डीजी डिस्क अवॉर्ड से नवाजे

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला स्थित सशस्त्र सीमा बल के दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुंपटी में सोमवार को आयोजित सैनिक सम्मेलन के दौरान मुख्य आरक्षी (सामान्य) राजकुमार को महानिदेशक प्रशस्ति पत्र तथा सिल्वर डीजी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट साहसिक प्रदर्शन और सेवा भावना के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कमान अधिकारी उप कमांडेंट (संचार) अजय शर्मा ने किया, जहां विशेष अलंकरण समारोह में साथी जवानों की उपस्थिति में उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कमान अधिकारी अजय शर्मा और सहायक कमांडेंट (संचार) प्रमोद कुमार ने राजकुमार की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे प्रशिक्षण केंद्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने राजकुमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य जवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं।

गौरतलब है कि मुख्य आरक्षी राजकुमार सशस्त्र सीमा बल की डेयर डेविल्स टीम के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने वर्ष 2026 में 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राजपथ पर अपने साहसिक और रोमांचक करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण को दर्शाती है, बल्कि पूरे बल की क्षमता और प्रशिक्षण का भी परिचायक है।

मुख्य आरक्षी राजकुमार को सिल्वर डीजी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित करते कमान अधिकारी। अनंत ज्ञान

बागवानी को नई दिशा देगा शिवा प्रोजेक्ट

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी बोले, निचले क्षेत्रों तक बढ़ेगा सेब उत्पादन, गुणवत्ता पर सख्त निगरानी

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बागवानी को लेकर सरकार ने बड़ा विजन सामने रखा है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने सदन में कहा कि प्रदेश में 'शिवा प्रोजेक्ट' के जरिए अब निचले क्षेत्रों में भी सेब उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत बागवानों को नई और उन्नत किस्मों के पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि हिमाचल की पहचान पूरे देश में एक मजबूत बागवानी राज्य के रूप में स्थापित हो सके।

बागवानी मंत्री नेगी ने कहा कि अब सेब केवल ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कम ऊंचाई वाले इलाकों में भी इसकी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार नई वैरायटी के पौधों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है और यदि पौधारोपण के बाद भी कोई खामी सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पिछली सरकार के दौरान विदेशी पौध सामग्री पर भारी खर्च हुआ, लेकिन उसका सही लाभ नहीं मिल पाया। अब इस योजना को वैज्ञानिक तरीके से लागू कर बागवानों को सीधा फायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

सदन की कार्यवाही को संचालित करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

किसानों से अधिक मात्रा में खरीदा जा रहा है दूध: मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए डेयरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि किसानों से अधिक मात्रा में दूध खरीदा जा रहा है और इसके दाम बढ़ाकर उनकी आय में सुधार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में प्रदेश में उत्पादित दूध को प्रदेश में ही खपाने की योजना है, जिससे बाहरी राज्यों पर निर्भरता कम होगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में डेयरी क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

एफटीए और सेब उत्पादन पर चिंता: कांग्रेस

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और कांगेस विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि विदेशी सेब के आयात से हिमाचल के बागवानों की आर्थिकी पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सेब अर्थव्यवस्था हजारों करोड़ की है और इसे बचाने के लिए ठोस नीति जरूरी है। प्रदेश में बर्फबारी कम होने से सेब उत्पादन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशों से आयात बढ़ने से बागवानों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

उत्पादन व गुणवत्ता सुधार की जरूरत: भाजपा

विधायक अनिल शर्मा और विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि सेब उत्पादन को राजनीति से जोड़ने की बजाय इसके सुधार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का दौर है और हमें अपनी गुणवत्ता बेहतर करनी होगी। उन्होंने युवाओं को बागवानी से जोड़ने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। विदेशी सेब के आयात को लेकर अब कुछ नियंत्रण आया है, लेकिन प्रदेश में सेब की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार की जरूरत है।

बागवानी समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत

विधायक हरीश जनारथा और विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि बागवानी क्षेत्र में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बगीचों के लिए पर्याप्त जैविक खाद नहीं मिल रही है और दवाइयों की गुणवत्ता पर भी निगरानी जरूरी है। प्रदेश में तीन लाख से अधिक परिवार बागवानी से जुड़े हैं और यह क्षेत्र लगातार आगे बढ़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों को लेकर झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाकर बागवानों को डरा रही कांग्रेस: जनकराज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश में विस सत्र के बीच सेब बागवानों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा नेता एवं विधायक डॉ. जनक ाज ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों को लेकर झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाकर बागवानों को डराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि केंद्र सरकार की नीतियों से हिमाचल के सेब उत्पादकों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं व विदेशी सेब सस्ते विकल्प के रूप में बाजार में नहीं आ पाएंगे।

डॉ. जनकराज ने स्पष्ट किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सेब आयातक है और 2024-25 में करीब 5.57 लाख मीट्रिक टन सेब आयात हुआ, जो घरेलू उत्पादन का लगभग 21.9 प्रतिशत है। इसके बावजूद सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं जिससे स्थानीय उत्पादकों को नुकसान न हो। उन्होंने बताया कि यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते में आयात के लिए सीमित कोटा रखा गया है और न्यूनतम आयात मूल्य 80 रुपये प्रति किलो तय किया गया है, जिससे सस्ते सेब भारतीय बाजार में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि विदेशी सेब की कीमत केवल आयात तक सीमित नहीं रहती, बल्कि ढुलाई, कोल्ड स्टोरेज और अन्य खर्च जुड़ने के बाद यह 120 से 150 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है। ऐसे में विदेशी सेब प्रीमियम श्रेणी में ही बिकेंगे और स्थानीय सेब उत्पादकों की कीमतों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। डॉ. जनक राज ने यह भी कहा कि न्यूज़ीलैंड और अमेरिका से होने वाला आयात भी सीमित और महंगे वर्ग का होगा, जिससे बाजार संतुलित रहेगा।

परमार ने हाई-टेक सर्जरी को लेकर घेरी सरकार

वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रदेश सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। भाजपा विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विपिन सिंह परमार ने हाई-टेक रोबोटिक सर्जरी के नाम पर अनियमितताओं और अपारदर्शिता के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि टांडा और चमियाना मेडिकल कॉलेजों में लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से लाई गई मशीनों की खरीद प्रक्रिया संदिग्ध है और सरकार इस पर स्पष्ट जानकारी देने से बच रही है। परमार के अनुसार ई-टेंडरिंग के माध्यम से एक विदेशी कंपनी को कार्य सौंपा गया, लेकिन चयन प्रक्रिया और शर्तों को सार्वजनिक नहीं किया गया। उन्होंने इसे संभावित घोटाले की ओर इशारा बताते हुए सभी तथ्य उजागर करने की मांग की। साथ ही उन्होंने आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजना के तहत इन सर्जरी सुविधाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने प्रदेश के अस्पतालों में डॉक्टरों और तकनीकी स्टाफ की कमी तथा ऑपरेशन थिएटर की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार पर बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाया।



भ्रष्टाचार के जाल में फंसी कांग्रेस सरकार: जयराम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य में मुख्य सचिव से जुड़े विवाद को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में इस मामले को लेकर चर्चा तेज है और सोशल मीडिया से लेकर आम जनमानस तक सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया गया, लेकिन मुख्यमंत्री ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। जयराम ने कहा कि इतने बड़े मामले पर मुख्यमंत्री का यह कहना कि उन्हें जानकारी नहीं है, बेहद हैरान करने वाला है और इससे सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश का मुखिया अगर अपने ही शीर्ष अधिकारियों से जुड़े मामलों से अनजान होने का दावा करता है, तो यह शासन की गंभीर कमजोरी को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जानबूझकर इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं और सच्चाई से बचने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर हमला जारी रखते हुए कहा कि वर्तमान में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से संदिग्ध अधिकारियों के प्रभाव में चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे अधिकारी, जिनकी कार्यप्रणाली पहले भी सवालों के घेरे में रही है, उन्हें महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया गया है और वही सरकार चला रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की स्थिति इतनी कमजोर हो गई है कि वे न तो प्रमुख नियुक्तियां कर पा रहे हैं और न ही प्रशासनिक निर्णय स्वतंत्र रूप से ले पा रहे हैं, जिससे प्रदेश में शासन व्यवस्था पर गहरा असर पड़ रहा है।

एंट्री टैक्स और सेस के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

कांग्रेस सरकार की नीतियों पर बरसा विपक्ष, जनविरोधी फैसलों का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा परिसर उस समय राजनीतिक गर्माहट का केंद्र बन गया, जब बजट सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने सरकार के खिलाफ जोरदार हल्ला बोल दिया। भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर न केवल नारेबाजी की बल्कि विधानसभा के मुख्य द्वार तक मार्च कर सरकार को घेरने की कोशिश की। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह से राजनीतिक नारों और आरोप-प्रत्यारोप से गूंजता रहा, जिससे सत्र शुरू होने से पहले ही टकराव के संकेत साफ नजर आए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर केंद्र सरकार लोगों को राहत देने के लिए पेट्रोल-डीजल पर वैट घटा रही है, वहीं राज्य सरकार एंट्री टैक्स और सेस बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी गाड़ियों पर एंट्री टैक्स को 40 रुपये से बढ़ाकर 170 रुपये और बड़ी गाड़ियों के लिए इसे 1000 रुपये तक कर दिया गया है, जो प्रदेश की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

विधानसभा के बाहर नारेबाजी करते भाजपा विधायक। अनंत ज्ञान

विपक्ष ने चेतावनी दी कि इन फैसलों का असर केवल हिमाचल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पड़ोसी राज्यों तक इसकी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा के ट्रांसपोर्टरों में भारी रोष है और कुछ स्थानों पर चक्का जाम की चेतावनी भी दी गई है, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। भाजपा का आरोप है कि सरकार न तो हालात की गंभीरता समझ रही है और न ही जनता की परेशानियों के प्रति संवेदनशील है, जिससे व्यापार और दैनिक जीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र सरकार द्वारा 'प्राइड ऑफ हिल्स' योजना के तहत हिमाचल को 3920 करोड़ रुपये की सहायता को बड़ी राहत बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए कहा कि यह सहायता प्रदेश की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ सड़क, कनेक्टिविटी और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को नई गति देगी।

भाजपा की चेतावनी आंदोलन होगा और उग्र, वापस लें फैसले

विपक्ष ने साफ तौर पर कहा कि यदि सरकार ने एंट्री टैक्स में बढ़ोतरी और पेट्रोल-डीजल पर लगाए गए सेस को वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। भाजपा का मानना है कि इन फैसलों से न केवल आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश की छवि और पर्यटन उद्योग को भी नुकसान पहुंचेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में यह मुद्दा सदन से लेकर सड़क तक और अधिक गर्माने की संभावना है।

प्रदेश के 9739 रिटायर्ड कर्मियों को दिया ओपीएस का लाभ

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है, जिसने सरकारी कर्मचारियों के बीच इस योजना के प्रभाव को स्पष्ट कर दिया है। बीते तीन वर्षों में नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत रिटायर हुए कुल 9739 अधिकारियों और कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ दिया गया है। इसके साथ ही 1656 मृत कर्मचारियों के परिवारों को फैमिली पेंशन भी इसी योजना के अंतर्गत प्रदान की गई है, जिससे हजारों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिली है।

ओपीएस का लाभ लेने के लिए कर्मचारियों को एनपीएस के तहत मिलने वाली अपनी हिस्सेदारी सरकार के पास जमा करवानी पड़ी। इस प्रक्रिया के तहत कर्मचारियों और पात्र परिवारों ने मिलकर कुल 881 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। यह राशि वह हिस्सा है जो उन्हें एनपीएस के तहत मिलना था, लेकिन ओपीएस में शामिल होने के लिए इसे सरकार को लौटाना आवश्यक था। यह जानकारी विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सामने आई, जब जसवां-परागपुर से विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लिखित उत्तर पेश किया। सरकार ने स्पष्ट किया कि ओपीएस के तहत मिलने वाले लाभ 'मेजर हेड 2071-पेंशन एंड अदर बेनिफिट्स' के अंतर्गत दिए जाते हैं, लेकिन एनपीएस से ओपीएस में आए कर्मचारियों पर कुल खर्च का अलग से कोई विस्तृत आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

प्रतिबंधित राशि अभी तक कर्मचारियों को नहीं मिली

सरकार के अनुसार एनपीएस ट्रस्ट द्वारा प्रबंधित राशि अभी तक कर्मियों को वापस नहीं मिली है, बावजूद इसके कर्मियों ने ओपीएस का लाभ लेने के लिए निर्धारित रकम पहले ही जमा कर दी है। इससे साफ है कि प्रदेश में ओपीएस को लेकर कर्मियों में भरोसा बढ़ा है व बड़ी संख्या में लोग इस योजना को अपनाने के लिए आगे आए हैं।

भाजपा ने पंचायत व शहरी निकाय चुनावों के लिए बनाई प्रदेश समिति

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायतीराज एवं स्थानीय शहरी निकाय चुनावों को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी ने एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है, जिसकी जिम्मेदारी चुनावी रणनीति तैयार करने, संगठन विस्तार करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की होगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह समिति चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से गठित की गई है।

उन्होंने कहा कि समिति में ऐसे नेताओं को शामिल किया गया है, जिनका संगठनात्मक अनुभव मजबूत है और जो अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी पकड़ रखते हैं। यह टीम पंचायत स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं को संगठित रखने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी। भाजपा का लक्ष्य है कि हर बूथ स्तर तक संगठन की पकड़ मजबूत हो और चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके।

◆ पंचायत स्तर तक सक्रियता बढ़ाने की योजना

प्रदेश समिति में इन नेताओं को जिम्मेदारी

प्रदेश समिति में विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा, बलवीर वर्मा, विनोद कुमार, राकेश जमवाल, त्रिलोक जमवाल और बिहारी लाल शर्मा को शामिल किया गया है। इन नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि चुनावी तैयारियों को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। डॉ. बिंदल ने विश्वास जताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन के बल पर भाजपा आगामी चुनावों में सफलता हासिल करेगी।

डीएवी सोलन के छात्रों ने देखी सदन की कार्यवाही

संवाद के दौरान विस अध्यक्ष पठानिया ने छात्रों के सवालों के दिए जवाब

विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के साथ संवाद करते डीएवी स्कूल सोलन के छात्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। डीएवी स्कूल सोलन के 47 छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय पहुंचकर सदन की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रणाली को समझने का अनूठा अनुभव प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही को दर्शक दीर्घा से बड़े ध्यानपूर्वक देखा और इस अनुभव को अत्यंत रोचक बताया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने आसन से बच्चों का विशेष उल्लेख करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सदन की कार्यवाही के पश्चात छात्रों ने कौंसिल चैम्बर के गेट नंबर एक पर अध्यक्ष से संवाद किया और सामूहिक चित्र के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए।

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने अध्यक्ष से कई जिज्ञासाएं भी व्यक्त कीं, जिनका उन्होंने सहज और प्रेरणादायक अंदाज में उत्तर दिया। एक छात्रा के प्रश्न पर अध्यक्ष ने कहा कि सदन संचालन में सभी सदस्यों की भावना और जिज्ञासा को समझना महत्वपूर्ण होता है, जिससे कार्यवाही सुचारू रूप से चलती है।

उन्होंने अपनी भूमिका को एक शिक्षक के समान बताते हुए कहा कि अनुशासन और समझदारी से ही सदन में गतिरोध की स्थिति को टाला जा सकता है। विस अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संसदीय प्रक्रियाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ऐसे भ्रमणों को बढ़ावा देने की बात कही और बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाना विकसित भारत लक्ष्य का हिस्सा: अनुराग

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में 10.5 करोड़ की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का उद्घाटन किया। इस आधुनिक खेल सुविधा को उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों और क्षेत्र के खिलाड़ियों को समर्पित करते हुए कहा कि इससे खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान अनुराग ठाकुर ने 'विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर छात्रों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने कई ऐसे कार्य किए हैं, जो देश के विकास को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आधुनिक खेल अवसंरचना का निर्माण खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करता है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। उन्होंने बताया कि 400 मीटर का यह सिंथेटिक ट्रैक न केवल विश्वविद्यालय के छात्रों बल्कि आसपास के उभरते खिलाड़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इससे खिलाड़ियों को उच्च स्तर की ट्रेनिंग सुविधाएं मिलेंगी और वे अपनी क्षमता को बेहतर तरीके से विकसित कर सकेंगे।

अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक ट्रैक का उद्घाटन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनुराग ठाकुर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि जब युवा खेल के मैदान में मेहनत करता है, तो वह केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से भी मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत अहम है।

उन्होंने यह भी कहा कि देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी युवा है, जो भारत की सबसे बड़ी ताकत है। सरकार युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल और खेल के क्षेत्र में निरंतर नए अवसर पैदा कर रही है। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि भारत आने वाले समय में खेलों के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

हिमाचल प्रदेश में पुनर्गठित और नए निकायों का आरक्षण रोस्टर 'डैफर'

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हिमाचल में पुनर्गठित स्थानीय निकायों के चुनाव से संबंधित रोस्टर 'डैफर' कर दिया गया है। अब हिमाचल में इनके चुनाव बाकी चुनावों के साथ नहीं हो पाएंगे। संभवत: दिसंबर से पहले इनके चुनावों पर विराम रहेगा।

सूबे में सरकार ने कुल 21 नए स्थानीय निकाय पुनर्गठित किए थे। इनमें नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतें शामिल हैं। हमीरपुर जिले में भी अब स्थानीय नगर निगम के अलावा नगर परिषदों और नगर पंचायत के चुनाव फिलहाल नहीं हो पाएंगे। क्योंकि इनका रोस्टर 31 मार्च तक फाइनल होना था। बीते रोज देर शाम को इस प्रक्रिया को डैफर कर दिया गया था। माना जा रहा है कि इनके गठन को लेकर भी कई तरह के विरोध के स्वर उठे थे व सरकार को भी इस प्रक्रिया को रोकने का बहाना मिल गया, क्योंकि इसमें कई तरह की उलझनें थीं। अब यह होगा कि पंचायती राज व्यवस्था के होने वाले आम चुनावों के बाद जब रुझान सामने आएंगे तो उसका सरकार आकलन भी कर पाएगी। उसके बाद देश में जब भी इन 21 निकायों के चुनाव होंगे, तब परिस्थितियों क्या होगी? कैसे होगी व किस करवट बैठेंगी? इसका आकलन करने में सरकार अपने ढंग से काम करेगी।

अब हमीरपुर जिला की ही बात ले लीजिए यह जिला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह जिला है और इसमें हमीरपुर को पहली मर्तबा नगर निगम का दर्जा दिया गया था। इसके अलावा नादौन नगर पंचायत को नगर परिषद बनाया गया था। भोरंज और बड़सर में नई नगर पंचायतों के गठन किए गए थे। इसी तरह के गठन को लेकर अनेकों प्रतिनिधिमंडल कई मर्तबा जिला प्रशासन व नेताओं और सरकार से मिल चुके, लेकिन अंतत: मुहर तो लग ही गई थी और अब उम्मीद यही जताई जा रही थी कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

सोमवार को भी देर शाम तक असमंजस का माहौल बना रहा। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग इस उम्मीद में थे कि रोस्टर जारी हो जाएगा। उसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा, लेकिन रात को ही प्रदेशभर के सभी जिलों से जब इस तरह की सूचना मिलने लगी कि प्रक्रिया को रोक कर इसे 'डैफर' कर दिया गया है। इससे चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले लोगों को भी जोर का झटका लगा है।

हमीरपुर ही नहीं, प्रदेशभर में 'डैफर' प्रक्रिया

हमीरपुर की डीसी गंधर्वा राठौर का कहना है कि रोस्टर फाइनल नहीं हो पाया है। तकनीकी कारणों से इसे डैफर कर दिया गया है। हमीरपुर ही नहीं प्रदेश के नए सभी पुनर्गठित और नए बनाए गए ऐसे स्थानीय निकायों में प्रक्रिया डैफर हुई है।

चिंताजनक लोग पुलिस की लंबी प्रक्रिया व परेशानी से बचने के लिए दर्ज नहीं करवाते शिकायत

ऊना से पूरे हिमाचल में जाली करंसी का अलर्ट

अनंत ज्ञान

ऊना/शिमला। हिमाचल प्रदेश में जाली करंसी का खतरा बढ़ता जा रहा है। ऊना जिले में सामने आए सीमित मामलों के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात कहीं अधिक चिंताजनक हैं। सवाल यह है कि क्या यह समस्या सिर्फ ऊना तक ही सीमित है, या फिर पूरे प्रदेश में एक खामोश नेटवर्क अपनी जड़ें जमा चुका है?

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, ऊना में पिछले सात वर्षों में महज दो मामले दर्ज हुए हैं, लेकिन चिंतपूर्णी क्षेत्र में पकड़े गए मामलों और हाल ही में गगरेट में सक्रिय गिरोह की खबरें इस बात की ओर इशारा करती हैं कि जाली नोटों का नेटवर्क धीरे-धीरे अपने पैर पसार रहा है। स्थानीय दुकानदार अक्सर छोटे नुकसान को नजरअंदाज कर देते हैं और पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराते, जिससे यह समस्या और गहराती जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह खतरा केवल ऊना तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इसके फैलने की आशंका है। कांगड़ा जैसे पर्यटन और बड़े बाजार वाले जिले, हमीरपुर जैसे नकद लेन-देन पर निर्भर क्षेत्र, मंडी जो अंतर-जिला व्यापार का केंद्र है, सोलन जैसे औद्योगिक क्षेत्र, शिमला जो राजधानी और प्रमुख पर्यटन केंद्र है, और कुल्लू-मनाली जैसे इलाकों में सीजन के दौरान भारी नकद लेन-देन के कारण ऐसे गिरोहों के सक्रिय होने की संभावना बनी रहती है। हालांकि, इन क्षेत्रों में बड़े मामले सामने नहीं आए हैं, लेकिन इसे पूरी तरह सुरक्षित मान लेना उचित नहीं होगा क्योंकि कई बार मामले सामने ही नहीं आ पाते।

जाली करंसी के बढ़ते खतरे के पीछे सबसे बड़ी वजह शिकायतों का दर्ज न होना है। लोग पुलिस प्रक्रिया से बचते हैं, छोटी रकम के नुकसान को नजरअंदाज कर देते हैं, जागरूकता की कमी बनी रहती है और व्यापारियों में अनावश्यक झंझट का डर रहता है। यही कारण है कि अपराधी गिरोह बिना किसी डर के अपना नेटवर्क बढ़ाते जा रहे हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

◆ छोटी रकम के नुकसान को नजरअंदाज करने से बढ़ रहे मामले

गगरेट में सक्रिय गिरोह की सूचना ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। प्रारंभिक संकेत बताते हैं कि यह नेटवर्क संगठित तरीके से काम कर रहा है, इलाके बदल-बदलकर गतिविधियां चला रहा है और छोटे शहरों को आसान निशाना बना रहा है। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह समस्या पूरे प्रदेश में तेजी से फैल सकती है।

पुलिस की ओर से कार्रवाई जारी होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अब अधिक सक्रिय और ठोस कदम उठाने की जरूरत है, जिसमें खुफिया तंत्र को मजबूत करना, बाजारों में नियमित जांच करना, बैंकों और व्यापारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करना शामिल है।

इस समस्या से निपटने के लिए केवल पुलिस या प्रशासन नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। व्यापारियों को नकली नोट मिलने पर तुरंत शिकायत करनी चाहिए, आम लोगों को नोटों की पहचान की जानकारी रखनी चाहिए, बैंकों को जागरूकता अभियान चलाने चाहिए और सरकार को सख्त कानूनों के साथ तेज कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

ऊना में सामने आए जाली करंसी के मामले भले ही संख्या में कम हों, लेकिन वे पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए एक गंभीर चेतावनी हैं। यदि इस खतरे को अभी भी हल्के में लिया गया, तो यह नेटवर्क प्रदेश की अर्थव्यवस्था और आम जनता दोनों के लिए बड़ा संकट बन सकता है। अब समय है कि लोग चुप्पी तोड़ें, सतर्क रहें और मिलकर इस समस्या को जड़ से खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

न्यूज ब्रीफ

विज्ञान संकाय में 11वीं कक्षा की अंशिका प्रथम

राकेश डोगरा, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। 11वीं कक्षा विज्ञान संकाय में अंशिका डढवाल प्रथम, अवनी द्वितीय और असलीना तृतीय रहीं। कॉमर्स में कविता प्रथम, इशिका द्वितीय व कनिका तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि कला संकाय में शिवांगी प्रथम, मुस्कान द्वितीय और सोनाक्षी तृतीय रहीं। प्रधानाचार्या ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया और अभिभावकों को बधाई दी गई।

रोजमेरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा। रोजमेरी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को इस अवसर पर मोमेंटो, रिपोर्ट कार्ड तथा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य विवेक कौंडल ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

आदर्श मॉडल स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान, गगल। आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सुभाष डालोरिया ने बताया कि नर्सरी से लेकर 9वीं कक्षा तक के बच्चों का परिणाम घोषित किया गया। इसमें सभी बच्चे ए ग्रेड अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। सभी बच्चों को स्कूल के प्रबंधक सुभाष डालोरिया व स्कूल स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी।

एंट्री टैक्स बढ़ोतरी के फैसले की निंदा

अनंत ज्ञान, गरली। एंट्री टैक्स में भारी बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। इंडियन वेलफेयर एंड एंटी करप्शन ट्रस्ट की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजना डोगरा ने सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे आर्थिक और सामाजिक नुकसान बताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से आम जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, वहीं हिमाचल प्रदेश और पंजाब के रिश्तों में भी तनाव पैदा हुआ है। डोगरा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द पुनर्विचार नहीं हुआ तो प्रदेशभर में विरोध तेज किया जाएगा।

युवाओं को जागरूक करने पर फोकस : एडीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिला में सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने पर विशेष फोकस किया जाएगा। यह जानकारी एडीसी विनय कुमार ने राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में प्रहरी क्लबों के माध्यम से नशा निवारण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लब और तकनीकी संस्थानों में भी जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। सभी स्कूलों को नशा संबंधित गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने के लिए निर्देशित किया गया है। शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों के लिए नियमित वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

गंदगी फैलाने वालों पर अब होगी कार्रवाई

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा के ऐतिहासिक चौगान क्षेत्र में बढ़ती गंदगी और अव्यवस्था के मद्देनजर नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। चौगान नंबर-2 को ग्रीन जोन व चौगान नंबर 4 को आधुनिक बच्चों के पार्क में विकसित किया जाएगा। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माना, सीसीटीवी निगरानी और चौकीदार तैनात किए जाएंगे। नागरिकों को कचरा अलग-अलग जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। पालतू जानवरों व आवारा कुत्तों के कारण फैलने वाली गंदगी पर भी रोक लगाई गई है। हाउस टैक्स प्रणाली को ऑनलाइन किया गया है और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नागरिक आवेदन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

76 बच्चों को स्वर्ण प्राशन की बूंदें पिलाई

अनंत ज्ञान, नैनीखड्डु। आयुष ग्राम नैनीखड़ में उपमंडल तुनुहट्टी के तत्वावधान में मंगलवार को बाल स्वर्ण प्राशन और महिलाओं के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 16 वर्ष तक के 76 बच्चों को स्वर्ण प्राशन की बूंदें पिलाई गईं। महिलाओं और गर्भवती माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच में हिमोग्लोबिन और रक्त शुगर की जांच की गई। उपमंडल चिकित्साधिकारी डॉ. शरद त्रिवेदी ने बताया कि ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. राशी मिश्रा ने सुरक्षित मातृत्व, गर्भ संस्कार और स्तनपान के महत्व की जानकारी दी। कुल 70 महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच करवाई और निशुल्क दवाइयां प्राप्त कीं।

डीसी ने बच्चों के शैक्षणिक टूर को किया रवाना

अनंत ज्ञान, चंबा। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मंगलवार को जिला चंबा के बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के लिए आयोजित शैक्षिक एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत विशेष टूर को औपचारिक रूप से रवाना किया। यह टूर 31 मार्च से 7 अप्रैल तक नई दिल्ली से दमन तक आयोजित होगा, जिसमें 35 बच्चे और 5 अधिकारी शामिल हैं। बच्चों को ऐतिहासिक, शैक्षणिक, औद्योगिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। पांगी क्षेत्र के बच्चों के लिए अलग यात्रा व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने बच्चों से अनुशासन बनाए रखने और भ्रमण का पूर्ण लाभ उठाने का आह्वान किया।

त्रियुंड ट्रैक की चेकपोस्ट नीलामी की आय से जुटाई जाएंगी सुविधाएं

ट्रैकिंग के लिए प्रतिदिन एक हजार पर्यटक क्षमता निर्धारित, क्यूआर कोड से भी मिलेगी ट्रैकिंग व टेंट फीस जमा करवाने की सुविधा

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के रमणीक पर्यटक स्थल त्रियुंड साइट को जाने वाले मार्ग पर स्थापित चार चेकपोस्ट नीलामी से होने वाली आय से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाई जाएंगी। वन विभाग की ओर से ट्रैकिंग के लिए प्रतिदिन एक हजार पर्यटक क्षमता निर्धारित की गई है।

ट्रैकिंग को जाने वाले पर्यटकों को जल्द ही क्यूआर कोड से भी ट्रैकिंग व टेंट फीस जमा करवाने की सुविधा मिलेगी। विभाग की मानें तो निजी टूरिस्ट ऑपरेटर जहां पर्यटकों से 5 से 6 हजार रुपए ट्रैकिंग की एवज में वसूल रहे हैं, जबकि वन विभाग द्वारा निर्धारित ट्रैकिंग व टेंटिंग फीस नाममात्र रखी गई है। चेकपोस्ट की नीलामी से होने वाली आय से त्रियुंड ट्रैक पर रेनशेल्टर, गजीबो निर्माण सहित त्रियुंड के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी।

- निजी टूरिस्ट ऑपरेटर के मुकाबले विभाग ले रहा नाममात्र फीस
- अर्जित आय से होगी रेनशेल्टर, गजीबो निर्माण सहित पानी की व्यवस्था

त्रियुंड में टेंट लगाने के लिए 275 रुपए शुल्क तय

डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि त्रियुंड ट्रैकिंग साइट व ट्रैक को वन विभाग संचालित करता है। त्रियुंड जाने के लिए चार मार्गों गलू, हीना कैफे, भागसूनाग व बनगोटू में चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जिन्हें करीब 86 लाख रुपए में आउटसोर्स किया गया है। ट्रैकिंग के लिए आने वाले भारतीय लोगों से 100 रुपए और त्रियुंड में टेंट लगाने के लिए 275 रुपए शुल्क तय किया गया है, जबकि विदेशी नागरिकों से यह राशि दोगुनी की गई है यानी ट्रकिंग फीस 200 रुपए, जबकि टेंट के 550 रुपए शुल्क तय किया गया है।

चेकपोस्ट पर अब निजी ठेकेदार वसूलेगा फीस

डीएफओ के अनुसार, त्रियुंड ट्रैकिंग साइट की पर्यटक क्षमता प्रतिदिन एक हजार निर्धारित की गई है। त्रियुंड ट्रैकिंग साइट का प्रबंधन वन विभाग ही करेगा, जबकि त्रियुंड को जाने वाले मार्गों पर स्थापित चेकपोस्ट पर फीस कलेक्शन निजी ठेकेदार द्वारा वसूली जाएगी। चेक पोस्ट को करीब 86 लाख में नीलाम किया गया है।

पर्यटकों के लिए जुटाई जाएंगी सुविधाएं

डीएफओ अमित ने बताया कि चेकपोस्ट नीलामी से अर्जित आय से पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जबकि पहले जो फीस ली जा रही थी, उससे भी पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाई गई हैं। त्रियुंड ट्रैक का सौंदर्यीकरण किया गया है, साइन बोर्ड लगाए गए हैं, बैठने की व्यवस्था की गई है।

कचरा भी इकट्ठा करेगा ठेकेदार

अमित शर्मा ने बताया कि चेकपोस्ट को ठेके पर लेने वाले ठेकेदार पर ही त्रियुंड साइट और ट्रैक से कचरा एकत्रित करने की भी जिम्मेदारी होगी। इस संबंध में ठेकेदार से कानूनी एग्रीमेंट हुआ है। जिसके तहत ठेकेदार को ट्रैक और साइट की नियमित तौर पर सफाई करने के लिए भी कहा गया है।

ऑनलाइन फीस देने पर मिलेगी छूट

डीएफओ ने कहा कि बहुत से टूरिस्ट ऑपरेटर बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों से 5 से 6 हजार रुपए की राशि ट्रैकिंग करवाने के नाम पर वसूल रहे हैं, ऐसी सूचनाएं विभाग को वन विभाग के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग करवाने पर भारतीय नागरिकों को 10 रुपए और विदेशी नागरिकों को 20 रुपए की छूट दी जाएगी। ट्रेंड गाइड व हाईकर्स के साथ ही ट्रैकिंग के लिए जाएं, विभाग सभी पर्यटकों से यही अपील करता है।

त्रियुंड में जाकर भी कटवा सकेंगे पर्ची

पर्यटकों से त्रियुंड ट्रैकिंग के लिए ली जा रही फीस सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए ली जा रही है। जो लोग यदि सुबह-सवेरे ही त्रियुंड के लिए चले जाते हैं तो त्रियुंड में भी निजी ठेकेदार द्वारा ऐसी व्यवस्था की जाएगी, ताकि ट्रैकिंग को जाने वाले पर्यटक, त्रियुंड में जाकर भी पर्ची कटवा सकें। फीस जमा करवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा भी मुहैया करवाई जा रही है, क्यूआर कोड के माध्यम से एक लिंक आएगा, जिसके जरिए लोग एडवांस में भी ट्रैकिंग फीस की पर्ची कटवा सकते हैं।

बिना पर्ची तीन गुना होगा शुल्क

विभाग के अनुसार, यदि कोई बिना पर्ची के त्रियुंड जाता है तो 100 के बजाय 300 रुपए वसूल किए जाएंगे। यदि किसी ने बिना परमिशन त्रियुंड साइट पर टेंट लगाया है, तो उससे तीन गुना राशि वसूली जाएगी। पर्यटकों के साथ कोई अनहोनी न हो, इसलिए वन विभाग की ओर से त्रियुंड ट्रैक को मैनेज किया जाता है। विभाग का प्रयास है कि सीमित संख्या में पर्यटक त्रियुंड साइट के लिए जाएं।

सुक्खू सरकार ने हिमाचल को टैक्स राज्य में बदला : संजय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को पर्यटन अनुकूल बनाने के बजाय टैक्स राज्य में बदला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां आम जनता और पर्यटकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही हैं, जबकि विकास कार्य ठप पड़े हैं।

संजय शर्मा ने कहा कि त्रियुंड जैसे प्रमुख ट्रैकिंग रूट पर बढ़ी एंट्री फीस और वाहनों पर भारी शुल्क के बाद अब पैदल यात्रियों पर भी शुल्क लगाने की तैयारी दिख रही है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शिमला, मनाली और धर्मशाला जैसे पर्यटन स्थलों पर भी भविष्य में पैदल चलने पर शुल्क लग सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और पर्यटक हिमाचल आने से कतराने लगेंगे। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि ये टैक्स वापस नहीं लिए गए तो पार्टी सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

तिब्बत मुद्दे पर 'ब्लैक हैट मार्च' का आगाज

चीन की नीतियों के खिलाफ विरोध, नए कानून के खिलाफ दिल्ली के लिए पैदल कूच

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। तिब्बती समुदाय ने चीन की नीतियों के विरोध में 'ब्लैक हैट मार्च' का आगाज किया। यह पदयात्रा धर्मशाला से शुरू होकर नई दिल्ली स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय तक निकाली जाएगी। लगभग 25 दिनों की इस लंबी यात्रा के माध्यम से तिब्बती समुदाय वैश्विक स्तर पर अपनी आवाज उठाना चाहता है।

तिब्बती समुदाय चीन की नीतियों के खिलाफ लामबंद। अनंत ज्ञान

इस मार्च का मुख्य उद्देश्य तिब्बत पर चीन के कथित अवैध कब्जे और तिब्बती संस्कृति, धर्म व पहचान पर हो रहे हमलों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना है। तिब्बती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष छेरिंग चुंबेल ने कहा कि तिब्बत पर चीन का नियंत्रण 1949 में शुरू हुआ और 1951 में तथाकथित 'सत्रह सूत्री समझौते' को दबाव में लागू किया गया। 1959 तक पूरे तिब्बत पर कब्जा कर लिया गया, जिसके बाद से तिब्बती भाषा, संस्कृति और पर्यावरण को व्यवस्थित तरीके से कमजोर करने के आरोप लगते रहे हैं। समुदाय ने हाल ही में लागू 'एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस' कानून का भी विरोध किया है। उनका कहना है कि यह कानून तिब्बती पहचान को समाप्त करने की दिशा में एक और कदम है। तिब्बती नेताओं का आरोप है कि चीन की 'सिनीसाइजेशन' नीति के तहत तिब्बतियों के मूल अधिकारों- जैसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक आजादी और भाषा के उपयोग-को सीमित किया जा रहा है। बच्चों को कम उम्र में परिवार से अलग कर सरकारी बोर्डिंग स्कूलों में भेजे जाने पर भी गंभीर चिंता जताई गई है। संगठन ने सितंबर के चौथे सप्ताह को 'तिब्बती पहचान संरक्षण सप्ताह' और 'तिब्बती नस्लीय नरसंहार सप्ताह' के रूप में मनाने की घोषणा की है। तिब्बती समुदाय ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर भारत से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि तिब्बत की आजादी तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

अंग्रेजी के साथ अब हिंदी में भी होगी सोशल स्टडी की पढ़ाई

अनंत ज्ञान

- स्कूल शिक्षा बोर्ड छठी कक्षा से शुरू करेगा व्यवस्था
- स्टूडेंटस अपनी सुविधा अनुसार कर पाएंगे हिंदी अंग्रेजी माध्यम का चयन

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश में अब सोशल स्टडी की पढ़ाई अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी हो सकेगी। इसके लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड छठी कक्षा से व्यवस्था करने जा रहा है। बोर्ड की इस पहल से स्टूडेंट्स अब सोशल स्टडी की पढ़ाई, अपनी सुविधा अनुसार अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी कर सकेंगे। छठी कक्षा से शुरू की जा रही इस नई व्यवस्था स्टूडेंट्स को अपनी सुविधा और समझ के अनुसार, अध्ययन का माध्यम चुनने की स्वतंत्रता मिलेगी।

गौरतलब है कि अब तक सोशल स्टडी की पुस्तक केवल अंग्रेजी माध्यम में ही उपलब्ध थी, जिसके कारण हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को विषय को समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन जाती थी। कई बार छात्र विषय को रटने पर मजबूर होते थे, क्योंकि भाषा की बाधा उनकी समझ में रुकावट बनती थी। ऐसे स्टूडेंट्स के हितों का ध्यान रखते हुए अब बोर्ड सोशल स्टडी की किताब को अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी उपलब्ध करवाने जा रहा है। स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड अगले शैक्षणिक सत्र के लिए सोशल स्टडी की किताबें हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही माध्यमों में उपलब्ध करवाएगा। यह पुस्तक छठी कक्षा से शुरू होगी। दोनों ही माध्यमों में पुस्तक शुरू होने से स्टूडेंट्स अपनी सुविधा अनुसार हिंदी और और अंग्रेजी मीडियम का चयन कर सकेंगे।

सनवाल पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

अनंत ज्ञान

हाशु शेख ,चुराह। जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सनवाल में कथित भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर अब हालात गरमा गए हैं। लंबे समय से पनप रहा आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है, जहां ग्रामीणों ने पंचायत के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। सरकारी योजनाओं पर लाखों रुपए खर्च होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी आज भी बरकरार है, जिससे लोगों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासी मौसम दीन, बसंतू गौतम व नौरंग सहित कई ग्रामीणों ने खुलकर कहा कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का मामला है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि दोषियों को बचाने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस भी हरकत में आई है।

एसएचओ तीसा ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है व जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने व जांच में सहयोग करने की अपील की है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या यह जांच वास्तव में भ्रष्टाचार की परतें खोलेगी या फिर यह मामला कागजों तक सीमित रह जाएगा ? फिलहाल पूरे चुराह क्षेत्र की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

90 रोगियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया लाभ

अनंत ज्ञान, भरमौर। आयुष विभाग भरमौर द्वारा आयुष ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत पूलन पालन पंचायत के पालन ग्राम में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 90 रोगियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान रोगियों का ब्लड प्रेशर, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई व सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त रोगियों को ऋतुचर्या, दिनचर्या, रोगानुसार खानपान, विभिन्न रोगों में उपयोगी आयुर्वेदिक कल्प, योग व औषधियों द्वारा घरेलू उपचार के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. नीरज कुमार (पोस्ट ग्रेजुएट रस शास्त्र), डॉ. राकेश कुमार चौधरी (उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी), डॉ. करन कटोच (प्रभारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शिरडी), फार्मासिस्ट राजेंद्र कुमार, फार्मासिस्ट रामपाल तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुरेश चंद उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया व भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की मांग की।

अग्निकांड के बाद फिर जागी आस्था : 14 अप्रैल को खुलेंगे गिरड माता मंदिर के कपाट

अनंत ज्ञान

भरमौर। भरमौर विधानसभा क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र गिरड माता मंदिर एक बार फिर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। बीती 6 फरवरी को भीषण आगजनी में मंदिर के जलकर खाक हो जाने के बाद जहां पूरे क्षेत्र में मायूसी छा गई थी। वहीं, अब पुनर्निर्माण कार्य के साथ आस्था की लौ फिर प्रज्वलित हो उठी है।

ग्राम पंचायत खुंदेल के बतोट से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित इस पवित्र स्थल के कपाट आगामी 14 अप्रैल को विधिविधान के साथ खोले जाएंगे। इसी दिन हर वर्ष की तरह इस बार भी पारंपरिक बैसाखी मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आग की घटना के बाद मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों व गिरड माता सेवा समिति ने दिन-रात एक कर दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद जिस तेजी से कार्य आगे बढ़ा है, वह क्षेत्रवासियों की अटूट श्रद्धा और एकजुटता का प्रतीक है। सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि मेले को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गिरड माता मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति व परंपराओं का भी महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। हर वर्ष यहां लगने वाला बैसाखी मेला सामाजिक मेल-मिलाप और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का माध्यम बनता है। सेवा समिति व प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें, लेकिन साथ ही धार्मिक मर्यादा और कानून व्यवस्था का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें, ताकि यह आयोजन शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो सके।

डलहौजी में सूखा पेड़ बना खतरा

अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी। पर्यटन नगरी डलहौजी के माल रोड पर सुभाष चौक से गांधी चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर होटल प्रिंसेस के समीप एक सूखा पेड़ लंबे समय से लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। इस पेड़ की सूखी टहनियां लगातार नीचे गिर रही हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह पेड़ पूरी तरह सूख चुका है व किसी भी समय गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। खासकर पैदल चलने वाले लोगों के लिए यह मार्ग असुरक्षित हो गया है। स्थानीय निवासी रम्मी, सुरेश व मनोज ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द इस सूखे पेड़ की कटाई या उसकी खतरनाक टहनियों को हटाया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील करते हुए कहा कि समय रहते कदम उठाना बेहद जरूरी है, अन्यथा यह लापरवाही किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है।

चलौली में बड़ा हादसा टला : लापरवाह सिस्टम ने पांगी की सड़कों को बनाया मौत का जाल

अनंत ज्ञान

पांगी। पांगी के चलौली गांव में हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। यह घटना एक बार फिर लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली व सरकारी तंत्र की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के बीचों-बीच बनी सड़क अत्यंत संकरी है और वहां किसी प्रकार की सुरक्षा दीवार भी नहीं लगाई गई है। हैरानी की बात यह है कि ऐसी खतरनाक सड़क को भी विभाग द्वारा फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है, जब बस इस स्थान से गुजर रही थी, तो कुछ क्षणों के लिए यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई। यदि जरा सी चूक हो जाती, तो यह हादसा बेहद भयावह रूप ले सकता था, जिससे न केवल बस सवार लोग, बल्कि आसपास के रिहायशी मकान भी इसकी चपेट में आ सकते थे। धरवास पंचायत के उपप्रधान ने इस मामले में सीधे तौर पर लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि पिछले वर्ष भी इसी स्थान पर ऐसी ही घटना हुई थी व इसकी सूचना विभाग को दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद कोई सुधार कार्य नहीं किया गया। इस वर्ष फिर वही स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे विभाग की लापरवाही साफ झलकती है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि पांगी में तैनात कनिष्ठ अभियंता से लेकर सहायक अभियंता व अधिशाषी अभियंता तक सभी अधिकारी क्षेत्र से ही संबंधित होने के बावजूद अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। उनका ध्यान विकास कार्यों के बजाय निजी स्वार्थों पर अधिक केंद्रित है, जिससे क्षेत्र के लोगों को जोखिम उठाना पड़ रहा है। वहीं, क्षेत्र में अधिशाषी अभियंता की नियुक्ति को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक गुट विशेष अधिकारी को संरक्षण देकर उसे उच्च पद पर बैठाने की कोशिश में लगा हुआ है, जबकि क्षेत्र को अनुभवी और जिम्मेदार नेतृत्व की आवश्यकता है। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस सड़क का चौड़ीकरण कर सुरक्षा दीवार नहीं लगाई गई, तो वे लोक निर्माण विभाग के कार्यालय का घेराव करने के साथ-साथ सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे।

कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 अप्रैल तक

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला चंबा के युवाओं के लिए आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा अवसर सामने आया है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसकी आवेदन तिथि अब बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित है। जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर ने बताया कि युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से दो प्रमुख पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। पहला पाठ्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मूल सिद्धांतों पर आधारित है, जिसकी अवधि तीन माह है और प्रतिदिन दो घंटे कक्षाएं होंगी। इसके लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक रखी गई है। दूसरा पाठ्यक्रम ऑटोमेशन, लेखांकन एवं प्रकाशन (ऑफिस असिस्टेंट) से संबंधित है, जो रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करेगा। यह प्रशिक्षण न केवल युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएगा, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसरों से भी जोड़ेगा।

पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : सुरजीत भरमौरी

अनंत ज्ञान

चंबा। हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण लोकतंत्र को मजबूती देने और आगामी पंचायतीराज चुनावों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने, नई रणनीतियों के निर्धारण व ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने को लेकर गंभीर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने कहा कि पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी केवल औपचारिक न रहकर निर्णय प्रक्रिया का केंद्र बननी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, जब तक आधी आबादी पंचायतों के फैसलों में बराबरी से शामिल नहीं होगी, तब तक जमीनी स्तर पर बदलाव संभव नहीं है। इस दौरान पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर कांग्रेस की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर मजबूत पकड़ ही संगठन की असली ताकत है। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर भी ठोस रणनीति बनाई गई। कांगड़ा और चंबा जिलों में संगठन को सक्रिय करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय सचिव डॉ. संजय (प्रभारी शिमला, कांगड़ा, चंबा) ने पंचायतों के संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष सचिन मिरुपा, प्रदेश सचिव सुरेश सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि पंचायत स्तर को ही आम जनता की समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी मंच बनाया जाएगा।

प्रह्ववी विद्यालय ने जिला स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया मान

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय माध्यमिक पाठशाला प्रह्ववी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि संसाधनों की कमी भी हौसलों को नहीं रोक सकती। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर आयोजित 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व उनकी शैक्षणिक प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खंड स्तर पर प्रथम व जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय को 10 हजार रुपए की इनामी राशि, प्रशस्ति पत्र व एसएमसी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञान जी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, कोटी ने प्रत्येक छात्र को आठ-आठ कॉपियां निशुल्क प्रदान कर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। वहीं, ग्राम पंचायत प्रह्ववी के भूतपूर्व बीडीसी अनूप कुमार ने 40 लीटर का वाटर कूलर, दो वाटर प्यूरीफायर, 500 लीटर की पानी की टंकी व बच्चों के बैठने के लिए टाट-पट्टी उपलब्ध कराकर विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को सशक्त किया।

विधायक डॉ. जनक राज ने पांगी-भरमौर के 13 बंद पड़े बस रूटों को तुरंत बहाल करने की मांग की

अनंत ज्ञान

धरवाला। जनजातीय व दुर्गम क्षेत्र पांगी-भरमौर में परिवहन संकट को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने विधानसभा में जोरदार तरीके से मुद्दा उठाते हुए क्षेत्र के 13 बंद पड़े बस रूटों को तुरंत बहाल करने की मांग की है।



उन्होंने साफ कहा कि जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखना किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विधायक ने जिन प्रमुख रूटों की बहाली की मांग उठाई, उनमें डलहौजी-भरमौर, भरमौर-तरेला, भरमौर-होली (वाया लामू हीलिंग), सुनारा-चंबा, चंबा-राडी, चंबा-हरछू, चंबा-मैहला, पालमपुर-कुगती, किलाड़-चंबा, किलाड़-हलौर और किलाड़-जशन जैसे अहम मार्ग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन रूटों के बंद होने से हजारों लोगों की दैनिक आवाजाही ठप हो गई है, जिससे मरीजों, छात्रों व कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को और गंभीर बनाते हुए विधायक ने हाल ही में रविवार को एक वायरल हुए उस वीडियो का भी जिक्र किया, जिसमें चंबा से होली रूट पर एक एचआरटीसी चालक बस के भीतर छाता लेकर वाहन चलाता नजर आया था। विधायक ने स्पष्ट कहा कि 'दोष सिस्टम का है, चालक का नहीं।' उन्होंने सरकार से मांग की कि संबंधित चालक को तलब कर कार्रवाई करने के बजाय विभागीय कार्रवाई तुरंत रद्द की जाए।

विधायक ने निगम प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए व कहा कि जर्जर व खराब बसों को बिना मरम्मत सड़कों पर उतारना सीधे तौर पर यात्रियों व चालकों की जान से खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की कि पुरानी बसों की जल्द मरम्मत की जाए व परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में किसी को भी जान जोखिम में डालकर सफर न करना पड़े।

पेट्रोल-डीजल बिक्री में कटौती शुरू

धर्मशाला में दोपहिया वाहनों को 100 रुपए, चौपहिया को दिया जा रहा एक हजार का पेट्रोल

- सप्लाई नहीं आई तो बुधवार को ड्राई हो जाएगा पंप
- पंप प्रबंधक बोले, युद्ध का दिखने लगा असर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। मिडल ईस्ट संकट के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की दिक्कत आना शुरू हो गई है। जिला मुख्यालय धर्मशाला के बीचों-बीच स्थित कोतवाली बाजार स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल बिक्री में कटौती कर दी गई है।

एडवांस में पेमेंट देने के बावजूद कंपनी की ओर से क्लीयर नहीं किया जा रहा है। बार-बार यही कहा जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भेजी जा रही है, लेकिन अभी तक सप्लाई नहीं पहुंची है। पेट्रोल पंप के प्रबंधक देविंद्र पठानिया ने कहा कि हालांकि सरकार की ओर से पेट्रोल-डीजल बिक्री में कटौती के कोई निर्देश नहीं है, बल्कि सभी को पेट्रोल-डीजल उपलब्ध हो, इसके लिए पंप प्रबंधन की ओर से अपने स्तर पर कटौती की गई है। दोपहिया वाहनों को 200 रुपए, चौपहिया वाहनों को 1000 रुपए का पेट्रोल सहित 1500 रुपए का डीजल दिया जा रहा है। अभी पेट्रोल पंप में 7 हजार लीटर पेट्रोल व डीजल ही शेष बचा है, यदि जल्द गाड़ियां नहीं आई तो दोपहर तक ही बिक्री हो पाएगी और पंप ड्राई हो जाएगा। रेगुलर बसों व एंबुलेंस को पूरा तेल उपलब्ध करवाया जा रहा है।

वाहनों में तेल भरवाते वाहन चालक। अनंत ज्ञान

फुल करवानी थी टंकी, 100 रुपए का मिला पेट्रोल: मुस्कान

पेट्रोल भरवाने आई युवती मुस्कान ने कहा कि मैं यहां स्कूटी की टंकी फुल करवाने पहुंची थी, लेकिन 100 रुपए का ही पेट्रोल दिया गया। कहा जा रहा है कि युद्ध की वजह से सप्लाई नहीं आ रही है।

सात हजार लीटर ही पेट्रोल शेष

देविंद्र पठानिया ने बताया कि अभी पंप में 7 हजार लीटर पेट्रोल उपलब्ध है, जबकि 14 हजार लीटर डीजल उपलब्ध है, कटौती करके इस पेट्रोल को बुधवार दोपहर 11 बजे तक चलाया जा सकता है। गौरतलब है कि कोतवाली बाजार स्थित पेट्रोल पंप पर नियमित तौर पर 10 से 12 हजार लीटर पेट्रोल व डीजल की खपत है, लेकिन सप्लाई में कमी के चलते कटौती करके काम चलाया जा रहा है।

एडवांस पेमेंट के बावजूद नहीं प्रॉपर सप्लाई

पठानिया ने कहा कि कंपनी की ओर से एडवांस में पेमेंट उपरांत ही पेट्रोल व डीजल भेजने की बात कही गई थी, जिस पर 80 लाख रुपए एडवांस में जमा करवाए गए हैं। तीन गाड़ियां भेजने की बात कंपनी ने कही थी, लेकिन जो सूचना मिली है, उसके तहत मात्र एक ही गाड़ी अलोकेट हुई है, जिसमें दस-दस हजार लीटर पेट्रोल व डीजल आएगा। कंपनी से संपर्क करने पर अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं, जिससे लगता है कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत होना शुरू हो गई है।

एक हजार का मांगा, 700 का मिला पेट्रोल : संजीव

संजीव कुमार ने कहा कि पिछले कल एक हजार का पेट्रोल डलवाया था, गाड़ी यहां-वहां जाने से फिर पेट्रोल की जरूरत थी, जबकि आज 700 रुपये ही पेट्रोल डाला गया है। ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध की वजह से दिक्कत पेश आ रही है।

युद्ध की वजह से आ रही परेशानी : नमगयाल

नमगयाल ने कहा कि युद्ध के चलते पहले मोटरसाइकिल की टंकी फुल कर दे रहे थे, लेकिन अब 100 रुपए का ही पेट्रोल दिया जा रहा है। अब परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अनुज अध्यक्ष और विपिन भारद्वाज सचिव निर्वाचित

भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ-पपरोला का वार्षिक सम्मेलन संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ-पपरोला का वार्षिक सम्मेलन पपरोला में संपन्न हुआ। सम्मेलन में लगभग 40 सदस्यों की सक्रिय भागीदारी ने शाखा की सुदृढ़ संगठनात्मक संरचना एवं निरंतर प्रगति को प्रतिबिंबित किया।

गत तीन वर्षों में शाखा ने निरंतर विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष प्रीतम भारती के अध्यक्षीय संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने सत्र 2025-26 की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। वित्त सचिव हरीश अरोड़ा की अनुपस्थिति में डीआर ठाकुर द्वारा वार्षिक आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे हाउस ने सर्वसम्मति से पारित किया। भारत विकास परिषद् चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने शाखा की उपलब्धियों की सराहना की। ट्रस्ट सचिव उदय सिंह राणा तथा कोषाध्यक्ष मुल्खराज शर्मा ने ट्रस्ट की गतिविधियों एवं वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे हाउस द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में आगामी सत्र 2026-27 के लिए पर्यवेक्षक प्रदीप सूद की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न हुए। अनुज कुमार आचार्य को अध्यक्ष, विपिन भारद्वाज को सचिव तथा कंवर अमरनाथ को वित्त सचिव निर्वाचित किया गया।

हैप्पी बर्थडे

रक्कड़ की शाइन को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

न्यूज ब्रीफ

सकरी स्कूल के प्रधानाचार्य संजय बागी सेवानिवृत्त

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकरी के प्रधानाचार्य संजय बागी मंगलवार को अपने 29 वर्ष के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने चम्बा, मानगढ़ देहरा, नगरोटा सूरियां और सकरी में सेवाएं दी। उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां उन्हें पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. एचएल धीमान ने बागी की कार्यशैली की सराहना की। संजय बागी ने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों की सराहना की और प्रशासनिक कार्यों के प्रभाव पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

मांगें न मानी तो सड़कों पर उतरेंगे पैरा वर्कर्स: अंकुश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला में पैरा वर्कर्स के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान विशेष मुद्दा पैरा वर्कर्स खासकर एमपीडब्ल्यू की पॉलिसी निर्माण एवं पैरा पंप ऑपरेटर व फीटर की स्थायी नीति रहा। बैठक की अध्यक्षता जल शक्ति विभाग के पैरा कर्मचारी अध्यक्ष अंकुश शर्मा ने करते हुए पैरा वर्कर्स की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को सीएम तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैरा वर्कर्स के मुद्दों को सीएम के समक्ष उठाया जाएगा, यदि सरकार ने मांगों पर गौर नहीं किया तो पैरा वर्कर्स परिवार के साथ सडक़ों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

हलेड गांव में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

अनंत ज्ञान, पठानकोट। पठानकोट के गांव हलेड के पास लिंक रोड पर स्थित एक बाग के समीप झाड़ियों में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शाहपुर कंडी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पठानकोट के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखवा दिया है। जांच अधिकारी एएसआई सुंदर सिंह ने बताया कि स्थानीय पंचायत और लोगों से संपर्क किया गया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और शव की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

पठानकोट में घर में घुसकर किया परिवार पर हमला

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट। बीती रात पठानकोट के शिव नगर में रंजिश के कारण 8-10 युवकों ने घर में घुसकर हमला किया। घटना में 24 वर्षीय अर्जुन उर्फ रिक्की की दोनों टांगे और सिर पर दातर से हमला किया गया, जिससे उसकी टांगे बुरी तरह कट गईं। उसकी माता के माथे और पिता के हाथ पर भी गंभीर जख्म हुए। हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ की और वाहनों पर भी हमला किया। वीडियो में हमलावर तेजधार हथियारों के साथ नजर आ रहे हैं। अर्जुन की हालत गंभीर है, वह एक साल तक खड़ा नहीं हो पाएगा। घटना के पीछे बाइक टकराने की रंजिश का कारण बताया गया है। अर्जुन के भाई ने कहा कि धमकियां मिल रही हैं और आरोपी अभी खुले घूम रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। डीएसपी सिटी विपिन कुमार का कहना है कि उक्त मामले में शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायलों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। आरोपियों की धरपकड़ की कोशिश जारी है। जांच भी जारी है। जो लोग आरोपी पाए जाएंगे, उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कोसरी स्कूल में स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोसरी में मंगलवार 31 मार्च को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 का वार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया।

प्रधानाचार्य रजनीश कुमार अत्री ने विद्यालय की शैक्षणिक, खेल व सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी अभिभावकों से साझा की। सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं में कला संकाय में वंश भंडारी, विज्ञान संकाय में अकाश, एवं वाणिज्य संकाय में नितिन कुमार प्रथम रहे। दसवीं कक्षा में रिया ने प्रथम, अदित्य कौंडल ने द्वितीय और अकसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए विद्यालय की छात्रा आराधना (टेबल टेनिस) राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। विद्यालय के 3 विद्यार्थी राज्य स्तर और 10 विद्यार्थी जिला स्तर टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं के लिए चुने गए। सभी खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। कक्षा 7 के छात्र अंश को एनएमएमएस परीक्षा में चयनित होने पर सम्मान मिला। विद्यालय की पूर्व छात्रा आनामीका, जिनका चयन हिमाचल प्रदेश पुलिस में हुआ है, उन्हें भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

सत्र 2025-26 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ. चंद्र ज्योति, प्रवक्ता कुलदीप कुमार, विकास राणा, नवीन कुमार, रोहित भट्ट, सुचा सिंह, शांति, पूनम, कार्यालय अधीक्षक दीप चंद, निशांत, दिनेश, राकेश कुमार, विजय कुमार, नमेश कुमार, राजू राम और कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

मंदल में पांच लाख से अखाड़ा बनाएंगे देवेंद्र जग्गी, 25 सोलर लाइटें भी लगेंगी

मेले में कांग्रेस महासचिव ने किया ऐलान, आयोजन समिति को दिए 31 हजार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। मंदल गांव में मेला मैदान और अखाड़े पर पांच लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। यह बात मंदल पंचायत के तहत सालाना मेले में बतौर चीफ गेस्ट शिरकत करते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व पूर्व नगर निगम धर्मशाला के मेयर देवेंद्र जग्गी ने कही। उन्होंने शानदार आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई दी तथा कहा कि धर्मशाला हलके के गांवों में ग्रामीण मेले अन्य स्थानों से हटकर हैं।

इस दौरान दिग्गज कांग्रेस नेता चौधरी हरभजन सिंह की अगवाई में आए ग्रामीणों की मांग पर जग्गी ने मेला मैदान व अखाड़े के लिए पांच लाख रुपए देने का ऐलान किया। साथ ही मेला आयोजन समिति को 31 हजार रुपए दिए। जग्गी ने कहा कि मंदल गांव के सौंदर्यीकरण के लिए 25 सोलर लाइटस जल्द लगाई जाएंगी। उन्होंने विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए कहा कि मंदल, बगली, चैतड़ू आदि बाजारों में भी लाइटें लगाई जाएंगी। जग्गी ने कहा इस अवसर पर चौधरी हरभजन सिंह, प्रदीप,सरूप, बबलू,संजीव रातड़ा, सुरेंद्र, मलकीत आदि मौजूद रहे।

देवेंद्र जग्गी ने विजेताओं को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

बोले- गांवों में खुलेंगे कमाई के द्वार

जग्गी ने कहा कि ढगवार मिल्क प्लांट से पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा मिला है। इसी तरह आईटी पार्क, ढगवार का नया सब स्टेशन इस इलाके में खुशहाली लाएंगे। जग्गी ने कहा कि आरडीजी से लेकर हर मसले पर भाजपा नेता भ्रम फैला रहे हैं। भाजपा के नेताओं को झूठ फैलाने पर जनता जरूर सबक देगी।जग्गी ने कहा कि कई लोगों ने इन्कम सर्टिफिकेट समय पर न बन पाने की शिकायत की है। इस कारण वे बीपीएल आवेदन नहीं कर पाए हैं। सर्टिफिकेट बनाने में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

मोदी सरकार ने हिमाचल को दी 3920 करोड़ रुपए की सौगात: त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने हिमाचल प्रदेश को प्राइड ऑफ हिल्स योजना और स्पेशल एसिस्टेंट टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) के तहत 3920 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह राशि हिमाचल के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कपूर ने कांग्रेस सरकार के उस प्रोपेगेंडा को आंकड़ों के साथ ध्वस्त किया, जिसमें केंद्र द्वारा उपेक्षा की बात कही जा रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूपीए शासन (मनमोहन सिंह) के 10 वर्षों के कार्यकाल में हिमाचल को मात्र 18,000 करोड़ रुपए की मदद दी गई थी। वहीं मोदी शासन में अब तक हिमाचल को 97,000 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। मोदी सरकार ने कांग्रेस की तुलना में 530 प्रतिशत अधिक धनराशि देकर हिमाचल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

हिमाचल के सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल स्थिति: कल्याण भंडारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। आम आदमी पार्टी, हिमाचल प्रदेश ने राज्य के सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल स्थिति पर गहरा रोष प्रकट किया है। पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने वर्तमान और पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था बिना पतवार की नाव की तरह चल रही है। प्रदेश के करीब 900 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लंबे समय से बिना प्रिंसिपल के चल रहे हैं, और सैकड़ों उच्च विद्यालयों में हेडमास्टर के पद खाली पड़े हैं। भंडारी ने छात्रों के महा-पलायन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकारी स्कूलों से साढ़े तीन लाख बच्चों का कम होना कोई सामान्य बात नहीं है, बल्कि यह सरकारी तंत्र के प्रति जनता के टूटते भरोसे का प्रतीक है। उनका कहना था कि जब स्कूल का मुखिया ही नहीं होगा, तो अनुशासन और गुणवत्ता की उम्मीद कैसे की जा सकती है। आम आदमी पार्टी ने हिमाचल सरकार से सीधी मांग की है कि 900 प्रिंसिपल और सैकड़ों हेडमास्टरों के खाली पदों को युद्धस्तर पर भरा जाए। साथ ही दिल्ली और पंजाब मॉडल की तर्ज पर हिमाचल में भी सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर उन्हें अंग्रेजी माध्यम और आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए। भंडारी ने कहा कि शिक्षा का राजनीतिकरण बंद किया जाए और स्कूल मर्ज करने की नीति की समीक्षा की जाए। उन्होंने अंत में कहा कि हिमाचल की आने वाली पीढ़ी का भविष्य राजनीतिक प्रयोगों का शिकार नहीं बन सकता, और केवल आम आदमी पार्टी की शिक्षा क्रांति ही प्रदेश का भविष्य सुरक्षित कर सकती है।

गर्ल्स स्कूल धर्मशाला को मर्ज करने पर सड़कों पर उतरी छात्राएं

सरकार से की फैसला वापस लेने की मांग, नहीं तो होगा आंदोलन तेज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित गर्ल्स स्कूल को ब्वॉयज स्कूल में मर्ज करने फैसले का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्राओं ने एक बार फिर से सड़कों पर उतरकर सरकार के फैसले पर विरोध जताया और सरकार से इसे वापिस लेने की मांग की।

छात्राओं का कहना था कि गर्ल्स स्कूल मर्ज करने के फैसले को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा गर्ल्स स्कूल धर्मशाला को मर्ज करने की जारी अधिसूचना के बाद छात्राओं, अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस दौरान छात्राओं के अभिभावक व स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं और अभिभावकों ने स्पष्ट कहा कि गर्ल्स स्कूल उनके लिए सिर्फ एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि सुरक्षा और भरोसे का प्रतीक है। छात्राओं ने गर्ल्स स्कूल हमारा है, जान से भी प्यारा है, जैसे नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। अभिभावकों का कहना है कि गर्ल्स स्कूल में जो सुरक्षित और सहज वातावरण मिलता है, जो ब्वॉयज स्कूल में संभव नहीं है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे ब्वॉयज स्कूल में पढ़ाई करने के लिए तैयार नहीं हैं।

सरकार के फैसले का विरोध करतीं छात्राएं। अनंत ज्ञान

त्रियुंड ट्रैक पर रास्ता भटकने से फंसे दो युवक किए रेस्क्यू

- घायल युवक टांडा रेफर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। मैक्लोडगंज के त्रियुंड ट्रैक पर भारी बारिश और ओलावृष्टि के कारण दो युवक रास्ता भटक गए। सूचना मिलते ही प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, चंबा का एक युवक गगनदीप घायल हो गया, जिसे जोनल अस्पताल धर्मशाला में प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, चंबा निवासी कर्ण चड्डा और उनके दोस्त गगनदीप, अनमोल, श्वेत और साहिल सुबह 10 बजे त्रियुंड ट्रैकिंग के लिए निकले थे। अचानक मौसम बिगड़ने पर गगनदीप और अनमोल रास्ता भटक गए। अनमोल ने फोन करके सहायता मांगी, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने रात 2:30 बजे दोनों को खोज निकाला। गगनदीप को मामूली चोटें आईं और उसे टांडा रेफर किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना खराब मौसम के कारण हुई और पर्यटकों को मौसम को देखते हुए ट्रैकिंग से बचने की सलाह दी गई है।

शिक्षा सुधार पर चंबा में महामंथन, बोर्ड अध्यक्ष ने परखा व्यवस्था का दम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने चंबा प्रवास के दौरान एक ओर जहां शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ रणनीति साझा की। वहीं दूसरी ओर शिक्षा जगत को अपना जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के सम्मान में आयोजित समारोह में भी शिरकत की।

मंगलवार सुबह उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) चंबा के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चंबा के उप निदेशक विकास महाजन, प्राचार्य डाइट, ओएसडी (प्राथमिक शिक्षा) और आईटी नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षा बोर्ड और विभाग के बीच बेहतर तालमेल बिठाने, छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए नए शिक्षण मॉडल पर मंथन और आईटी क्षेत्र के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने पर चर्चा की गई।

विदाई समारोह: 32 वर्षों के समर्पित सफर का सम्मान

बैठक के बाद डॉ. राजेश शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां पहुंचे। अवसर था विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा के सेवानिवृत्ति समारोह का। डॉ. शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए अपनी बहन श्रीमती रेखा शर्मा के 32 वर्षों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान और समर्पण आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। डॉ. शर्मा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके आगामी स्वस्थ और सुखद जीवन की मंगलकामना की। समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नन्हे कलाकारों के उत्साह को देखते हुए डॉ. राजेश शर्मा ने 8000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

पुलिस ने 531 पेटी अवैध शराब के साथ पांच आरोपी किए गिरफ्तार

- खोली पुल के पास गाड़ी से 200 पेटी शराब बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला। कांगड़ा जिला पुलिस ने एक ही रात में विभिन्न स्थानों से कुल 531 पेटी अवैध शराब बरामद की है। इन मामलों में देसी और अंग्रेजी शराब दोनों शामिल हैं। पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत गश्त के दौरान खड़ी एक बोलैरो पिकअप से 61 मील के पास से 146 पेटी देसी शराब बरामद की गई। इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस थाना भवारना ने ढेर पुल के पास फरेड़ से आई एक और बोलैरो पिकअप से 24 पेटी देसी शराब बरामद की। चालक प्रवीन कुमार निवासी बलधर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में पुलिस थाना कांगड़ा ने रानीताल से कांगड़ा आ रही पिकअप गाड़ी से 149 पेटी वीआरवी संतरा शराब बरामद की। इस मामले में आरोपी सृजन निवासी क्यारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस थाना कांगड़ा के तहत तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी ने ईशारा करने पर भी नहीं रुकने पर उसका पीछा किया और खोली पुल के पास उसे खड़ा पाया। गाड़ी से 200 पेटी वीआरवी संतरा शराब और एक तलवार बरामद हुई। जांच में गाड़ी के मालिक विशाल निवासी शाहपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा, पुलिस थाना पंचरूखी ने रणजीत निवासी गुरेहड के घर में रेड मारकर 12 पेटी वीआरवी संतरा शराब बरामद की, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि की है।

198 युवाओं को ऑन द स्पॉट जॉब

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में रोजगार मेले का किया आयोजन

अनंत ज्ञान

कोहली, शाहपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर (ग्रेड-ए) में मंगलवार को रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसमें देश की प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। यह रोजगार मेला माननीय विधायक शाहपुर एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के सौजन्य से आयोजित किया गया।

इस आयोजन में हीरो मोटर लुधियाना, जुपिटर/सौलर बद्दी, वर्धमान फैबरिक टेक्सटाईल बद्दी और एसआईएस सिक्योरिटी हमीरपुर जैसी प्रमुख कंपनियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा और आईटीआई के चेयरमैन इंजीनियर सुरजीत सिंह राणा ने इस रोजगार मेले के महत्व पर प्रकाश डाला। रोजगार मेले में 147 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 101 अभ्यर्थी चयनित हुए। चयनित अभ्यर्थियों को हीरो मोटर लुधियाना में 18,750 से 22,500 रुपए मासिक वेतन मिलेगा और कंपनी उनके रहने व खाने का खर्च भी कम दर पर उपलब्ध कराएगी। वहीं, वर्धमान फैबरिक टेक्सटाईल बद्दी ने 43 अभ्यर्थियों को चुना, जिनमें से पहले तीन महीने के लिए 13,100 रुपए और बाद में 19,200 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा, साथ ही वार्षिक बोनस भी मिलेगा। इसके अलावा, जुपिटर/सौलर कंपनी ने 48 अभ्यर्थियों को चयनित किया, जिनमें से 33 ने सफलता प्राप्त की। जुपिटर कंपनी आईटीआई पास अभ्यर्थियों को 14,000 रुपए मासिक वेतन और डिप्लोमा पास अभ्यर्थियों को 20,000 रुपए मासिक वेतन देगी। एसआईएस सिक्योरिटी हमीरपुर ने 21 अभ्यर्थियों को चयनित किया, जिन्हें 18,000 से 24,000 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। ये सभी चयनित अभ्यर्थी मारुति के प्लॉट पर अपनी सेवाएं देंगे। आईटीआई के प्लेसमेंट ऑफिसर प्रदीप कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में 200 से 350 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया, और इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिला। इस अवसर पर स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने अपने सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया और इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही।

रोजगार मेले में देश की प्रमुख कंपनियों ने लिया भाग। अनंत ज्ञान

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

राशन डिपुओं में सफाई व खाद्यान्नों के सुरक्षित भंडारण का रखें ध्यान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले की सभी 320 उचित मूल्य की दुकानों में सफाई और खाद्यान्नों का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें तथा इन दुकानों को साफ-सुथरा एवं आकर्षक लुक देने के लिए संचालकों को विशेष रूप से प्रेरित करें।

मंगलवार को हमीरपुर जिले के दौरे के दौरान यहां हमीर भवन में जिला प्रशासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, राज्य खाद्य आपूर्ति निगम, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास,

अधिकारियों के साथ बैठक करते डॉ. एसपी कत्याल। अनंत ज्ञान

शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के क्रियान्वयन से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डॉ. एसपी कत्याल ने ये निर्देश दिए। डॉ. एसपी कत्याल ने खाद्यान्नों की गुणवत्ता और भंडारण में लापरवाही न करने की चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों से उचित मूल्य दुकानों, गोदामों और आटा मिलों का नियमित निरीक्षण करने और सैंपलिंग-टेस्टिंग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिकायत नंबर भी प्रदर्शित किया जाए, ताकि उपभोक्ता तुरंत अपनी शिकायत दर्ज करवा सकें। आटा मिलों के निरीक्षण के समय अधिकारी मौके पर मौजूद रहें। साथ ही, यदि किसी उचित मूल्य दुकान का संचालन सही ढंग से हो रहा है, तो उसे आईएसओ सर्टिफिकेशन की अनुशंसा भी की जा सकती है। उन्होंने एनएफएसए के तहत सभी पात्रों को लाभान्वित करने के लिए पंचायतीराज संस्थाओं के साथ समन्वय की आवश्यकता जताई। डॉ. कत्याल ने आंगनबाड़ी केंद्रों और मिड-डे मील योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। एडीसी अभिषेक गर्ग और जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शिव राम ने कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

नादौन अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से महिलाएं परेशान

अनंत ज्ञान, नादौन। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन का सरकारी अस्पताल इन दिनों मूलभूत सुविधाओं और डॉक्टरों की कमी के कारण चर्चा में है। खासकर स्त्री रोग विशेषज्ञों की कमी के कारण महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में कम से कम तीन स्त्री रोग विशेषज्ञों की आवश्यकता है, ताकि गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। मंगलवार को अस्पताल में महिलाओं की बड़ी संख्या स्त्री रोग विशेषज्ञ के इंतजार में दिनभर खड़ी रही, जिनमें कई गर्भवती महिलाएं थीं, जिन्हें बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं मिली। कई महिलाएं सुबह से अस्पताल पहुंची थीं, लेकिन डॉक्टर के न आने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाएं कई किलोमीटर दूर से इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचती हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है।

अस्पताल में अव्यवस्था भी एक प्रमुख समस्या बन गई है, जहां पर्ची तो बन जाती है, लेकिन कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं होती। प्रभावशाली लोग पहले नंबर लगा लेते हैं, जबकि सामान्य लोग घंटों खड़े रहते हैं। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अस्पताल में शीघ्र स्त्री रोग विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाए और अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से छात्रा सहित दो युवतियां घायल

अनंत ज्ञान

अनिल कुमार, हमीरपुर। रायल गर्ल्स होस्टल के पास नादौन रोड हमीरपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एमबीबीएस की छात्रा सहित दो युवतियां घायल हो गईं। हादसा उस समय हुआ जब दोनों छात्राएं सड़क किनारे खड़ी होकर अपने खाने की डिलीवरी का इंतजार कर रही थीं। वहीं, नादौन की तरह से अचानक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे एक छात्रा सहित दो युवतियां घायल हो गईं। यह हादसा 30 मार्च को रात करीब 8:30 बजे पेश आया। कनिका (21), जो कि एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा है, अपनी सहपाठी स्वास्तिका के साथ रायल गर्ल्स होस्टल (पीएनबी रकड़ीयाल के पास) के बाहर नादौन रोड पर खड़ी थी।

दोनों जोमैटो ऑर्डर की प्रतीक्षा कर रही थीं। इसी दौरान नादौन की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार एलपी ट्रक नंबर एचपी 64ए-1065 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बाईं ओर खड़ी दोनों छात्राओं को टक्कर मार गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद एक कार चालक ने मानवता दिखाते हुए दोनों घायल छात्राओं को अपनी गाड़ी में डालकर हमीरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं, आरोपी चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय लोगों की तत्परता से ट्रक चालक को मौके पर ही पकड़ लिया तथा पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की जांच में चालक की पहचान योगराज पुत्र नेक राम, निवासी गांव सकस्वाण, डाकघर समराहन, तहसील कोटली, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाना, चोट पहुंचाना व दुर्घटना के बाद कर्तव्य न निभाने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से यह अपील की है कि सड़क पर वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें और यातायात नियमों का पालन कर दूसरों के जीवन बचाने में सहयोग करें। इससे सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

न्यूज ब्रीफ

स्टूडेंट्स को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में डॉ. आरती मेहता ने डिजिटल नागरिकता और साइबर सुरक्षा पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने डिजिटल एक्सेस, कम्युनिकेशन, राइट्स, लॉ, हेल्थ और साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मेहता ने जागरूकता और तकनीकी ज्ञान के जरिए ऑनलाइन सुरक्षा की आवश्यकता को समझाया। कार्यक्रम के समन्वयक संतोष कुमार थे, और प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने उन्हें धन्यवाद दिया। बीएड और डीएलएड छात्र तथा स्टाफ ने कार्यक्रम में भाग लिया।

भोरंज में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान, भोरंज। खंड भोरंज में मंगलवार को तीन अध्यापकों का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी राजकुमार पटियाल ने बताया कि विनोद कुमार (केंद्रीय मुख्य शिक्षक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला भरेड़ी), सुभाष कुमार (मुख्य शिक्षक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला नगरोटा गाजियां) और मनोहर लाल (जेबीटी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला भोरंज) सेवानिवृत्त हुए। समारोह में सभी को कार्यालय की ओर से सम्मानित किया गया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। वक्ताओं ने उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान को सराहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ भावभीनी विदाई दी।

'प्रयास' संस्था ने दी दस हजार की सहायता

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज की कंज्याण पंचायत के तहत धसमां गांव में मदन सिंह के असामयिक निधन से परिवार आर्थिक संकट में घिर गया। इस कठिन समय में सामाजिक संस्था 'प्रयास' कंज्याण इकाई ने मृतक की पत्नी को दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था के प्रधान सूबेदार अमर सिंह, कैप्टन देशराज, मोम राज, बचित्र सिंह, नरयान दास, सूबेदार राकेश कुमार, कर्मी धीमान और कमला शर्मा सहित अन्य सदस्य मौके पर मौजूद थे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और भविष्य में सहयोग का भरोसा दिया।

आयुष मेले में 509 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, धनेटा। ग्वालपाथर पंचायत में आयुष ग्राम मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम नादौन निशांत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि नादौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने विशेष भागीदारी दी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया और उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन बाला ने आयुष ग्राम की गतिविधियों से अवगत कराया। मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 509 लोगों की जांच हुई और औषधीय पौधों का वितरण किया गया। डॉ. कमल भारद्वाज ने पौधों के उपयोग पर जानकारी दी। इसके अलावा पौधरोपण कार्यक्रम, जीवनशैली मंच, मोटे अनाज एवं 'अपनी रसोई, अपना उपचार' विषय पर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। आयुष पत्रिका का विमोचन मुख्य अतिथि ने किया।

सुजानपुर-भोटा नगर निकायों का आरक्षण रोस्टर जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर। नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा का आरक्षण रोस्टर जारी किया गया। सुजानपुर के 9 वार्डों में से वार्ड 2, 3, और 4 अनारक्षित रहेंगे, जबकि वार्ड 5, 6, 8 और 9 महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। वार्ड 1 अनुसूचित जाति और वार्ड 7 अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है। भोटा के 7 वार्डों में वार्ड 2 और 6 अनारक्षित हैं, जबकि अन्य महिलाओं और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं पर डाल रही पर्दा: राकेश ठाकुर

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश के लिए स्वीकृत 3920 करोड़ रुपए की विशेष वित्तीय सहायता का स्वागत किया और इसे प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह राशि 'प्राइड ऑफ हिल्स' योजना के तहत दी गई है, जिसका उद्देश्य आधारभूत ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है। यह सहायता नौ पर्वतीय राज्यों के लिए घोषित 25,000 करोड़ रुपए के पैकेज का हिस्सा है और विशेष रूप से 'स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट' ढांचे के तहत दी गई है। राकेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिमाचल प्रदेश के भाजपा सांसदों, विशेषकर अनुराग ठाकुर, का आभार व्यक्त किया।

◆ **3920 करोड़ की केंद्रीय सहायता का किया स्वागत**

उन्होंने कहा कि यह पैकेज हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों और दुर्गम क्षेत्रों को ध्यान में रखकर प्रदान किया गया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार प्रशासनिक विफलताओं और वित्तीय कमजोरियों के बावजूद केंद्र पर निराधार आरोप लगा रही है। राकेश ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वह राजनीतिक बयानबाजी छोड़कर केंद्र से मिली सहायता का पारदर्शी और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि यह पैकेज हिमाचल प्रदेश के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मोदी सरकार ने हिमाचल को दी बड़ी सौगात: अर्चना

संजीव चौहान टौणी देवी। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने हमेशा हिमाचल प्रदेश के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और राज्य के विकास में कोई कमी नहीं आने दी। उनके नेतृत्व में देश के पहाड़ी राज्यों के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ हिमाचल को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहाड़ी राज्यों के लिए 25,000 करोड़ रुपए का विशेष फंड निर्धारित किया है। इस राशि से सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों तक विकास पहुंच सके। अर्चना चौहान ने कहा कि 'प्राइड ऑफ हिल्स' योजना के तहत हिमाचल को 3,920 करोड़ रुपए की सहायता मिलना केंद्र की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इससे सड़क संपर्क, बिजली आपूर्ति और जल योजनाओं में सुधार होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयासों से हिमाचल प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

गांधी चौक पर कार्यक्रम आयोजित करने पर लगाया जाए प्रतिबंध

व्यापार मंडल ने डीसी को लिखा पत्र, यातायात और अन्य असुविधा का करना पड़ता सामना

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। व्यापार मंडल हमीरपुर ने हमीरपुर के गांधी चौक पर समय-समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, कार्यक्रमों, धरना-प्रदर्शनों, मंचीय आयोजनों एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों को लेकर ऐतराज जताया है। व्यापार मंडल का कहना है कि गांधी चौक हमीरपुर शहर का अत्यंत व्यस्त एवं शहर का मुख्य केंद्र है, जहां दिनभर आम जनता, व्यापारी, विद्यार्थी, बुजुर्ग, महिलाएं तथा दूर-दराज से आने वाले लोग आवागमन करते हैं।

इस स्थान पर किसी भी प्रकार की गतिविधि आयोजित होने से यातायात पूर्णतः बाधित हो जाता है, जिससे आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से जब गांधी चौक पर कार्यक्रम या गतिविधि होती है, तो मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो जाता है और शहर के भीतर तथा बाहर जाने वाले लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यदि किसी व्यक्ति को अस्पताल, आपातकालीन चिकित्सा, परीक्षा, कार्यालय, बस अड्डा व अन्य आवश्यक कार्य के लिए तुरंत जाना हो, तो उसे अत्यधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार इमरजेंसी सेवाएं भी प्रभावित होने का खतरा बना रहता है, जो जनहित के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर विषय है।

एक-दो घंटे से ज्यादा की परमिशन न दी जाए

व्यापार मंडल ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि जिस तरह से पुलिस और एमसी से अनापत्ति प्रमाण पत्र ली जाती है। इस तरह व्यापार मंडल को भी अधिकृत किया जाए। एनओसी देने के लिए बिना व्यापार मंडल अनापत्ति के किसी को यहां कार्यक्रम करने की अनुमति न दी जाए, यहां पर कार्यक्रम होने से सबसे ज्यादा परेशान व्यापारी होते हैं, जब भी परमिशन देनी हो एक-दो घंटे से ज्यादा की परमिशन न दी जाए और न ही टेंट लगाने की परमिशन हो, कार्यक्रम की परमिशन ट्राला यूनियन नजदीक बीएसएनल ऑफिस में दी जाए। व्यापार मंडल ने स्थानीय प्रशासन पर विश्वास जताया है कि जनहित की समस्या को देखते हुए इस विषय पर उचित कदम उठाया जाएगा व उचित निर्णय लिया जाएगा।

व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी पड़ता प्रतिकूल प्रभाव

गांधी चौक में गतिविधियों के कारण आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बाजार क्षेत्र में ग्राहकों की आवाजाही रुक जाती है, व्यापार प्रभावित होता है और आम नागरिकों में भी असंतोष की स्थिति उत्पन्न होती है। जिला व्यापार मंडल ने आग्रह किया कि गांधी चौक में भविष्य में किसी भी प्रकार की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रदर्शनात्मक अथवा सार्वजनिक गतिविधि आयोजित करने की अनुमति प्रदान न की जाए। ऐसे आयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा कोई वैकल्पिक एवं खुला स्थान निर्धारित किया जाए, जहां आम जनता, यातायात एवं व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

हिम अकादमी ने किया वार्षिक परिणाम घोषित

प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने दी बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर अभिभावक-अध्यापक बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय की अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें निरंतर मेहनत और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने सभी विद्यार्थियों को उनके शानदार परीक्षा परिणाम पर बधाई दी और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यापकों और अभिभावकों के बीच विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उनकी रुचियों तथा सुधार के क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए।

सुजानपुर होली मेले में 4 अप्रैल तक बढ़ाई दुकानें लगाने की अवधि

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। पहली मार्च से जारी सुजानपुर के राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में दुकानें लगाने के लिए चार अप्रैल तक मोहलत दी गई है। इसके बाद दुकानें हटा दी जाएंगी। सुजानपुर का राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला 1 मार्च से 4 मार्च तक आधिकारिक रूप से मनाया गया। प्रशासन द्वारा सुजानपुर चौगान में 25 मार्च तक दुकानें लगाने की अनुमति दी गई थी, बाद में उसे बढ़ाकर 28 मार्च तक किया गया। अब प्रशासन की ओर से 4 अप्रैल तक दुकानें लगाने की अवधि बढ़ा दी है। मेला अविधि को बढ़ाने के लिए मेले में आए व्यापारी एसडीएम से मिले थे तथा दुकानें लगाने की अनुमति बढ़ाए जाने की मांग की थी। उन्होंने दलील दी थी कि बारिश की मार तथा दुकानें महंगी खरीदने से उनका लगाया गया पैसा भी पूरा नहीं हो सका है। इसके अलावा बच्चों के पेपर होने से मेला ग्राउंड में लोगों की आवाज आई बहुत कमी रही है।

◆ **इसके बाद चौगान से हटा दी जाएंगी दुकानें**

व्यापार मंडल ने किया बार-बार मेला अवधि बढ़ाने का विरोध: सुजानपुर व्यापार मंडल ने मेला अवधि को बार-बार बढ़ाए जाने का विरोध किया है। व्यापार मंडल ने इस बाबत दलील दी कि मेले के चलते सुजानपुर के व्यापारी जो कि शहर में दुकानें करते हैं, मंदी की मार खेल रहे हैं। दुकानों में ग्राहक न आने के चलते उन्हें रोजमर्रा का खर्च निकालना मुश्किल हो गया है, जबकि सारे लोग मेले से ही खरीदारी कर रहे हैं। एक तो टैक्स की मार ऊपर से मंदी की मार ने व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला ने बताया कि होली मेला में दुकानें लगाने की अनुमति 4 अप्रैल तक दी गई है, उसके बाद मेला हटवा दिया जाएगा।

कन्या स्कूल को प्रदेश शिक्षा बोर्ड के अधीन रखने को लेकर राजनीतिक सलाहकार से मिला प्रतिनिधिमंडल

सीएम के राजनीतिक सलाहकार से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गर्ल्स हमीरपुर का प्रतिनिधिमंडल प्रधानाचार्य पूनम चौहान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा शहर में सीबीएसई स्कूल खोलने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन साथ ही गर्ल्स स्कूल को एचपी बोर्ड के अधीन संचालित करने की अपील की। उन्होंने यह तर्क रखा कि शहर के बच्चों और अभिभावकों को एचपी बोर्ड का विकल्प प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें शिक्षा के लिए दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में न जाना पड़े और न ही महंगे प्राइवेट स्कूलों का सहारा लेना पड़े। इस पर सुनील शर्मा बिट्टू ने ध्यानपूर्वक मामले को सुना और यह सुनिश्चित किया कि वह इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष गंभीरता से उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने इस मुद्दे के शीघ्र समाधान की आशा व्यक्त की।

भगवती स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

प्रिंसिपल आरती कटोच ने विद्यार्थियों को दी बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में नर्सरी से कक्षा नवमी और ग्यारहवीं कक्षा तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वाल वाटिका कक्षाओं में अनाया, अमायरा, सांची, अस्मिता, भाविका, आयुध, अरमान, नित्या, सानवी, पारिधि, मानविक और इशान सहित कई विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी प्रकार कक्षा पहली से आठवीं तक बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने ए ग्रेड हासिल किया, जो उनके मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

कक्षा नवमी में कुंजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनवी, सानवी, नेनसी और अंशदीप ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय में वंशिका प्रथम, मनुवर द्वितीय और लक्षिका तृतीय रहीं। कला संकाय में आयुष और वाणिज्य संकाय में आदित्य कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

नादौन में धूमधाम से मनाई महावीर जयंती

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन शहर में भगवान महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जैन समुदाय ने सुबह शहरभर में प्रभात फेरी निकाली, जिसमें श्रद्धालुओं ने महावीर जयंती पर भजन गाए, जिससे शहर भर का माहौल भक्तिमय हो गया। जानकारी देते हुए मनोज जैन, उदय जैन, रमेश जैन आदि ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर मंगलवार को जैन स्थानक मंदिर में जैन समाज की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि श्रेष्ठी भगवन चरणसेवी पूज्य शुभम मुनि, परम सेवाभावी शालीभद्र मुनि ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रवचन दिए। इस दौरान युवती मंडल की सदस्याओं और बच्चों ने नाटिका सहित भगवान महावीर को समर्पित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर मंगलवार को शहर भर में जैन समुदाय के व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

वंशिका ने हिमाचल की सांस्कृतिक सभ्यता का किया गरिमामयी प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। संस्कृति, सिनेमा और पर्यटन कूटनीति के प्रभावशाली संगम को प्रतिबिंबित करते हुए हिमाचल पर्यटन की ब्रांड एंबेसडर वंशिका परमार ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 के उद्घाटन संस्करण में अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराई। एक विशेष वीआईपी अतिथि के रूप में आमंत्रित वंशिका परमार ने इस वैश्विक मंच पर हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं का प्रभावी प्रतिनिधित्व किया, जहां नीति-निर्माताओं, फिल्म निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का संगम देखने को मिला। यह ऐतिहासिक महोत्सव राजधानी के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मील का पत्थर साबित हुआ, जिसमें रेखा गुप्ता और कपिल मिश्रा सहित अनेक गणमान्य हस्तियों तथा वैश्विक फिल्म जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही। इस आयोजन ने दिल्ली को एक उभरते हुए वैश्विक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित किया, जहां वंशिका परमार ने क्षेत्रीय सांस्कृतिक उत्कृष्टता की एक प्रभावशाली प्रतिनिधि के रूप में अपनी पहचान सुदृढ़ की। वंशिका की उपस्थिति को विशेष बनाता है उनका प्रेरणादायी जीवन सफर। हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर की तहसील नादौन के वाली वंशिका की जड़ें हिमालयी संस्कृति और प्रकृति की सादगी में गहराई से जुड़ी हुई हैं। यही परिवेश उनके व्यक्तित्व में सादगी, संतुलन और वैश्विक दृष्टिकोण का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है।

हमीरपुर कॉलेज में छात्रों को सैंपलिंग तकनीक व शोध पद्धतियों की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में वाणिज्य विभाग की ओर से 'सपोर्ट फॉर स्टैटिस्टिकल सैंपलिंग' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को सांख्यिकीय उपकरणों, सैंपलिंग तकनीकों और शोध पद्धतियों की गहन समझ प्रदान करना था। पहले दिन डॉ. रजनीश शर्मा ने सांख्यिकीय टूल्स और एसपीएसएस सॉफ्टवेयर के उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने डेटा विश्लेषण और परिणामों की व्याख्या करने का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। दूसरे दिन डॉ. केएल वर्मा ने सांख्यिकीय सैंपलिंग की अवधारणा और उसकी उपयोगिता पर चर्चा की। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से सैंपलिंग तकनीकों को समझाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यशाला की महत्वता पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान छात्रों को अल्पाहार भी प्रदान किया गया, जिससे अनौपचारिक चर्चा का अवसर मिला।

'जिद्दी' सीएम की जनता को राहत नहीं, निचोड़ने की नीति: राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश में वाहनों पर प्रवेश कर के मुद्दे पर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर करारा हमला बोला है। राणा ने कहा कि प्रवेश कर में बढ़ोतरी से बाहरी राज्यों से हिमाचल में रोजमर्रा का सामान लाने वाले व्यापारियों पर भारी बोझ पड़ेगा, जिसका सीधा असर आम जनता पर होगा और प्रदेश में जरूरत का सामान और महंगा मिलेगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि एक तरफ नरेंद्र मोदी की ओर से हिमाचल के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 3,920 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। वहीं, दूसरी तरफ हिमाचल सरकार पेट्रोल और डीजल पर पांच रुपए बढ़ाने और करों में वृद्धि कर जनता को निचोड़ने की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जिद के आगे प्रदेश की जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है और प्रवेश कर बढ़ाने का फैसला तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे फैसलों से हिमाचल प्रदेश की छवि पहले ही खराब हो चुकी है और अब बची-खुची कसर भी पूरी हो जाएगी। फर्क केवल आम जनता को पड़ता है, लेकिन यह बात मुख्यमंत्री समझ नहीं पा रहे हैं। राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू से सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली के रेडिसन होटल में कमरा नंबर 411 में 72 घंटे तक वह क्या कर रहे थे। यदि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो इस बारे में जनता को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। इस मुद्दे पर उनकी खामोशी से जनता के बीच मुख्यमंत्री की छवि और खराब हो रही है और यदि जल्द जवाब नहीं दिया गया तो स्थिति और गंभीर होगी।

न्यूज ब्रीफ

यदोपति ठाकुर ने सीएम सुक्खू से की भेंट

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट के युवा नेता यदोपति ठाकुर के हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव पद पर नियुक्त होने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान यदोपति ठाकुर ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान देंगे। वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया और भविष्य में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई। उनकी इस नियुक्ति से सरकाघाट क्षेत्र में खुशी का माहौल है और स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है।

वैदिक स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। शानन स्थित वैदिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में सोमवार को वार्षिक परिणाम दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां रंग-बिरंगे डिस्प्ले बोर्ड और सेल्फी स्टैंड विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र रहे। पूरे वर्ष के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को अगली कक्षाओं में पदोन्नत किया गया तथा मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक मेघ सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। प्रधानाचार्या कंचन ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन खुशी और उत्साह के माहौल में हुआ।

युवाओं के लिए प्रशिक्षण की अंतिम तिथि बढ़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और ऑफिस ऑटोमेशन के निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। पहले यह तिथि 31 मार्च निर्धारित थी। विभागीय प्रवक्ता के अनुसार, सरकार युवाओं को कौशल विकास के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने नाइलिट, शिमला के सहयोग से यह पहल शुरू की है। प्रशिक्षण में एआई, अकाउंटिंग, पब्लिशिंग और ऑफिस ऑटोमेशन शामिल हैं। अप्रैल 2026 से मंडी केंद्र में कक्षाएं शुरू होंगी। सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र के साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

सचिन बने गऊ रक्षा दल के राष्ट्रीय प्रचारक

अनंत ज्ञान, करसोग। पांगणा-सुकेत व करसोग क्षेत्र के प्रख्यात भागवत वक्ता एवं बाल व्यास सचिन शर्मा (शशांक कृष्ण कौशल) को गऊ रक्षा दल का राष्ट्रीय प्रचारक नियुक्त किया गया है। यह निर्णय नालागढ़ में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार की अध्यक्षता में लिया गया। बैठक में प्रदेश व जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। गऊ संरक्षण को मजबूत करने और गऊ तस्करी के खिलाफ रणनीति पर चर्चा की गई। सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। वे अब राष्ट्रीय स्तर पर गऊ सेवा व संरक्षण कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस नियुक्ति को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया।

कार से अवैध देशी शराब बरामद, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, कविता, पधर। उपमंडल पधर में पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक कार से अवैध देशी शराब बरामद की। कार्रवाई मंगलवार सुबह पधर-घोघराधार संपर्क मार्ग पर लालू कैंची के समीप की गई। थाना प्रभारी पधर अनिल कटोच के अनुसार पुलिस टीम नियमित जांच के तहत नाका लगाए हुए थी। इसी दौरान एचपी 66-7643 नंबर की संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें डिक्की से करीब 12 हजार मिलीलीटर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही शराब और वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में दौलत राम पुत्र माया राम, निवासी पंजोड थलटुखोड़ (वर्तमान निवासी कलोन गांव) के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी पधर लोकेंद्र नेगी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस की सख्त नजर है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

क्रिकेट स्पर्धा में घट्टा इलेवन बनी विजेता

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के सौजन्य से एमएलएसएम कॉलेज में आयोजित राजा हरी सेन स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत स्पेशल कॉप्स और घट्टा इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया। मुख्यातिथि के रूप में पूर्व अंडर-19 हिमाचल क्रिकेट टीम के कप्तान अनिल शर्मा और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पूनम शर्मा उपस्थित रहे। मैच में स्पेशल कॉप्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। घट्टा इलेवन ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन बनाए। अमनदीप ने 48 रन नाबाद, शुशांत ने 44 रन और अन्य खिलाड़ियों ने भी उपयोगी योगदान दिया। स्पेशल कॉप्स की ओर से सुरेन्द्र शर्मा, दिवान और अभिषेक ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पेशल कॉप्स की टीम 92 रन पर सिमट गई। अभिषेक ने 15 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। घट्टा इलेवन के अजय ने 3 विकेट झटके, जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ घट्टा इलेवन ने अगले दौर में जगह बना ली। आयोजन सचिव रविकान्त ने बताया कि अगले दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे।

ई-केवाईसी एक सप्ताह में करें पूरी

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मनरेगा कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

खंड विकास अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जो भी कार्य लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। वे खंड विकास अधिकारियों की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, 15वें वित्त आयोग तथा प्लानिंग कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए प्रगति को नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट किया जाए, ताकि प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। जो कार्य अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें पोर्टल से हटाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूर्ण की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में प्रगति संतोषजनक नहीं रही तो इसकी दैनिक निगरानी की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2025-26 में मनरेगा कार्यों को पूरा करने में मंडी जिला प्रदेश में अग्रणी रहा है। वर्तमान में जिला में मनरेगा के अंतर्गत 9396 कार्य प्रगति पर हैं। जिले में 306887 पंजीकृत श्रमिकों में से 264344 श्रमिकों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, जो 86.15 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 66.49 लाख मानव दिवस के लक्ष्य के मुकाबले 59.80 लाख मानव दिवस अर्जित किए गए हैं, जो 89.93 प्रतिशत उपलब्धि दर्शाता है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी कार्य विभागीय स्तर पर किए जा रहे हैं, उन्हें भी पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि उनकी सही समीक्षा की जा सके। बैठक में एडीसी मंडी गुरसिमर सिंह, जिला विकास अधिकारी (ग्रामीण विकास) गोपी चंद पाठक तथा जिले के सभी खंड विकास अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

स्थानीय नगर निकायों में वार्डों के आरक्षण संबंधी आदेश जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने स्थानीय नगर निकाय चुनावों के दृष्टिगत जिला के विभिन्न नगर निकायों में वार्डों के आरक्षण संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। मंडी जिला में नगर परिषद सुंदरनगर, जोगिंदरनगर, सरकाघाट व नेरचौक तथा नगर पंचायत करसोग व रिवालसर के आगामी चुनावों के लिए वार्डों के आरक्षण के निर्धारण के लिए 30 मार्च को संबंधित उपमंडलाधिकारी (ना.) द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर वार्डों के आरक्षण के यह आदेश जारी किए गए हैं। साधारण जनता के अवलोकन के लिए यह आदेश उपायुक्त कार्यालय, संबंधित उपमंडलाधिकारी (ना.) के कार्यालयों तथा संबंधित नगर निकायों के कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी उपलब्ध रहेंगे।

लंबित राजस्व मामलों का प्राथमिकता से किया जा रहा निपटारा: उपायुक्त

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिलाधीश कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें 16 फरवरी से 15 मार्च तक के कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान जिले के सभी तहसील व उप-तहसील कार्यालयों में तकसीम के 222, निशानदेही के 383 तथा राजस्व दुरुस्ती के 323 मामलों का निपटारा किया गया। साथ ही 2239 इंतकाल भी दर्ज किए गए। उपायुक्त ने बताया कि राजस्व अदालतों के माध्यम से भी मामलों के समाधान में तेजी आई है। फरवरी महीने के अंतिम दिनों में आयोजित अदालतों में तकसीम के 20, निशानदेही के 42 और दुरुस्ती के 52 मामलों का निपटारा हुआ।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता से सुलझाया जाए। इस अवधि में ऐसे 11 तकसीम और 78 निशानदेही मामलों का समाधान कर लंबित प्रकरणों में कमी लाई गई है। उपायुक्त ने समयबद्ध कार्य सुनिश्चित कर आम जनता को राहत देने पर जोर दिया।

पैड़ी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित मेधावियों को वितरित किए ई-टैबलेट

होनहार छात्रा को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। पैड़ी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। इस दौरान छोटी कक्षाओं में कुनाल, अक्षय व पलक ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सातवीं कक्षा में अंजलिका, कर्ण और युवराज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किए। आठवीं कक्षा में योगेश, अनिकेत राणा व काव्यिका ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। नौवीं कक्षा में अक्षय, कर्ण सुप्रिया और सुप्रित ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान हासिल किए। 11वीं कक्षा के कला संकाय में प्रभु, साक्षी व भाविन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में आयुष व तनिषा पाठक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि वाणिज्य संकाय में अनुप्रिया, रितिक तथा देवांश वर्मा ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए। विद्यालय में चल रहे 'डिजिटल योजना' के तहत होनहार व जरूरतमंद विद्यार्थियों को ई-टैबलेट भी वितरित किए गए।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को मेहनत जारी रखने और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी।

मंडी के लिए 5440 करोड़ का वार्षिक ऋण लक्ष्य निर्धारित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने वर्ष 2026-27 के लिए जिला ऋण योजना जारी की। इस वर्ष के लिए जिला मंडी में विभिन्न क्षेत्रों के विकास हेतु कुल 5440.45 करोड़ रुपये का ऋण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के माध्यम से कृषि, एमएसएमई, स्वरोजगार, उद्योग तथा अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और जिला की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। जारी योजना के अनुसार प्राथमिकता क्षेत्र के लिए लगभग 4450.14 करोड़ रुपये तथा गैर-प्राथमिकता क्षेत्र के लिए लगभग 990.30 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। प्राथमिकता क्षेत्र में कृषि को सर्वाधिक महत्व दिया गया है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 53.74 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जबकि एमएसएमई क्षेत्र को लगभग 33.78 प्रतिशत तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों को 12.48 प्रतिशत भाग निर्धारित किया गया है। इससे कृषि, स्वरोजगार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

सड़क में कल्वर्ट न लगने से 3 गांवों के दर्जनों घरों पर मंडरा रहा खतरा

प्रभावित लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नूतन ठाकुर, बालीचौकी। बालीचौकी उपमंडल की ग्राम पंचायत बागी भनवास के लोगों ने थाची-चलौट सड़क मार्ग में कल्वर्ट न लगाये जाने को लेकर एसडीएम बालीचौकी को एक ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में गांव गोथला, बागी और भनवास के लोगों एसडीएम से आग्रह किया है कि गांव सेरी से भाटलूधार तक सड़क मार्ग में कंही भी कल्वर्ट नहीं लग पा रहे हैं जिस कारण 3 गांवों के दर्जनों लोगों के घरों पर खतरा मंडराता जा रहा है। इन लोगों का कहना है कि कुछ असमाजिक तत्व लोक निर्माण विभाग की नाले वाले स्थानों में कल्वर्ट नहीं लगाने दे रहे हैं जिसके चलते गोथला, बागी और भनवास के लोगों आने वाली बरसात में खतरे की जद में है।

स्थानीय निवासी ओत राम,देव राज, टेक चंद, खूबे राम,चुड़ामणी, डोले राम, अमर सिंह इत्यादि लोगों ने कल्वर्ट का कार्य रोकने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

दिग्गजों को झटका नए चेहरों में उत्साह

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। नगर परिषद सरकाघाट का वार्डवार आरक्षण रोस्टर जारी होते ही स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस बार 7 में से 4 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने से कई दिग्गज नेताओं की चुनावी उम्मीदों को झटका लगा है, जबकि नए चेहरों के लिए अवसर खुल गए हैं। जारी रोस्टर के अनुसार वार्ड-1 टटीह, वार्ड-3 जमसाई (एससी महिला), वार्ड-4 कलस व वार्ड-5 कुनालग महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। वहीं वार्ड-2 रामनगर और वार्ड-7 वैहड डबरोग अनारक्षित व वार्ड-6 रोपा कॉलोनी एससी के लिए आरक्षित है। आरक्षण के चलते कई वरिष्ठ नेता अपनी पारंपरिक वार्डों से बाहर हो गए हैं। टटीह वार्ड महिला आरक्षित होने से पूर्व उपाध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया को रणनीति बदलनी पड़ रही है। वहीं रामनगर वार्ड 30 वर्षों बाद अनारक्षित होने से पुरुष उम्मीदवारों में उत्साह है। कलस व कुनालग वार्डों में भी महिला आरक्षण के चलते कई दिग्गज पीछे हो गए हैं। दूसरी ओर, राजनीतिक दल अब नए व मजबूत चेहरों की तलाश में जुट गए हैं। बदलते समीकरणों के बीच आगामी चुनाव काफी रोचक होने की संभावना है।

डीएवी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के होनहारों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर। डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर का शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस वर्ष परिणाम दो चरणों में घोषित किया गया, जिससे प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाया जा सका।

विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले चरण में 26 मार्च को नर्सरी से दूसरी कक्षा तथा चौथी, छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया। जबकि दूसरे चरण में 31 मार्च को तीसरी, पांचवीं, आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का परिणाम जारी किया गया। परिणाम घोषणा के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। विद्यार्थी अपने परिणाम को लेकर उत्सुक नजर आए और बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के चेहरे खुशी से खिले दिखाई दिए। अभिभावकों ने भी विद्यालय की पारदर्शी व व्यवस्थित कार्यप्रणाली की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन यह अंतिम लक्ष्य नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन करने, आत्ममूल्यांकन करने और अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सुंदरनगर की जर्जर सीवरेज व्यवस्था पर राकेश जम्वाल का विधानसभा में हमला

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जमवाल ने विधानसभा में शहर की जर्जर और ओवरलोड सीवरेज व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस सरकार पर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बदहाल व्यवस्था के कारण शहर स्वास्थ्य संकट की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सुंदरनगर की मल निकासी योजना को वर्ष 1992 में शांता कुमार सरकार ने स्वीकृति दी थी, जो 1981 की जनगणना पर आधारित थी और इसकी डिजाइन अवधि 2025 तक निर्धारित थी। लेकिन तेजी से बढ़ते शहरीकरण और आबादी के दबाव के चलते यह व्यवस्था समय से पहले ही जवाब दे चुकी है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, डिग्री व डेंटल कॉलेज, अस्पताल और व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार से आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जबकि सीवरेज सिस्टम का उन्नयन नहीं किया गया। वर्तमान में सिस्टम क्षमता से अधिक दबाव में है, जिससे ओवरफ्लो, पाइपलाइन ब्लॉकेज और गंदा पानी खुले में बहने की समस्या आम हो गई है। बरसात और सुबह के समय हालात और बिगड़ जाते हैं। जमवाल ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान 70 प्रतिशत क्षेत्र को सीवरेज से जोड़ा गया था और शेष के लिए 19.36 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, लेकिन मूल ढांचे को मजबूत नहीं किया गया। स्वच्छ भारत मिशन-2 के तहत रोपा और भैछना के लिए 3.85 करोड़ रुपये स्वीकृत होने के बावजूद कार्य धीमा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीबीएमबी की करीब 50 वर्ष पुरानी योजना भी जर्जर हो चुकी है।

व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी, शाहपुर, जिला कांगड़ा, हि0प्र0
मुकदमा- विवाह पंजीकरण
तारीख पेशी-27.04.2026
जोगिन्द्रा देवी पुत्री जमीता निवासी गांव घाटा डाकखाना बलाना तहसील सिहुंता जिला चम्बा हि0प्र0 अब विध्वा स्व0 श्री रण सिंह पुत्र श्री सरन दास निवासी सारनु डाकखाना व तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 । ...वादीगण
बनाम आम जनता ...प्रतिवादीगण
विषय- इशतहार समाचार पत्र/मुशत्री मुनादी वावत प्रार्थना पत्र हि0प्र0 विवाह पंजीकरण अधिनियम 1994/2004 जेर धारा 8 (4) के अन्तर्गत विवाह के पंजीकरण बारे।
उपरोक्त प्राथीगण ने प्रार्थना पत्र मय हल्फिया ब्यान इस आशय से गुजारा है कि उनकी शादी दिनांक 12.03.1984 को हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार हो चुकी है परन्तु इसका पंजीकरण नगर पंचायत शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। जिसे प्राथीगण अब दर्ज करवाना चाहते हैं। अतः इस सम्बंध में सर्वसाधारण को व श्रीमति जोगिन्द्रा देवी पुत्री जमीता निवासी घाटा डाकखाना बलाना तहसील सिहुंता के माइका पक्ष को इस इशतहार समाचार पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण की इस शादी के पंजीकरण बारे यदि उन्हें कोई उजर या इतराज हो तो वह दिनांक 27.04.2026 को या इससे पूर्व असालतन या वकालतन इस अदालत में हाजिर आकर अपने उजराज/ एतराज पेश कर सकता/सकती है। हाजिर न आने की सूरत में नियमानुसार शादी पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें। आज दिनांक 31.03.26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगडा, हि0प्र0 ।

IN THE COURT OF DR. GANESH THAKUR MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).
1.Sh Vivek Kumar S/o Bhushan Kumar Village Tharot PO Charri Tehsil Shahpur Distt. Kangra H.P. 2. Smt. Ujala D/o Sunil Kumar Ward No 2 Village Garh Po Garoh Tehsil Dharamshala Distt Kangra H.P and now wife of Sh Vivek Kumar S/o Bhushan Kumar Village Tharot PO Charri Tehsil Shahpur Distt. Kangra H.P ....Applicants
V/S
1. General Public 2. Local Registrar, Gram Panchayat Charri. ....Respondents
Subject:- Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.
Applicants Sh Vivek Kumar S/o Bhushan Kumar Village Tharot PO Charri Tehsil Shahpur Distt. Kangra H.P and. Smt. Ujala D/o Sunil Kumar Ward No 2 Village Garh Po Garoh Tehsil Dharamshala Distt Kangra H.P has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 27-10-2022 at Shri Panch Dashnaama Juna Akada Badha Hanuman Varanasi 21 act 1860 Panjikrit Sidh Baba Ghasi Ram Aashramdurga Bhavan Daadh Tehsil Palampur Distt Kangra H.P as per Hindu rites & customs. Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 02-05-2026. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.
(Dr. Ganesh Thakur)
Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra

परेशानी बारिश में पानी भराव और सर्दियों में बर्फ की परत से राहगीर हो रहे परेशान

मुल्थान-बरोट पुल पर फिसलन का खतरा

अनंत ज्ञान

उहल नदी पर बना मुल्थान-बरोट पुल। अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। जिला कांगड़ा की छोटाभंगाल घाटी और जिला मंडी की चौहार घाटी को जोड़ने वाले उहल नदी पर बने पैदल चलने योग्य मुल्थान-बरोट पुल पर बरसात में जगह-जगह पानी एकत्रित होने और सर्दियों में बर्फ की शीशे जैसी कठोर पतली परत जमने से फिसलन के कारण स्थानीय राहगीरों व बाहरी पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों पूर्ण चंद, अमीं चंद, दौलत नेगी, कमलेश नेगी, बलवीर ठाकुर, पवन कुमार, रुमाल चंद और मनोज कुमार ने पुल पर जमा बारिश के पानी की निकासी के लिए ठोस उपाय करने तथा फिसलन से बचाव के लिए कंक्रीट बिछाने की मांग उठाई है, ताकि आवाजाही सुगम हो सके। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में उहल नदी में आई भयंकर बाढ़ में यह पुल बह गया था, जिसके बाद स्थानीय मांग पर पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और द्रंग के पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर के प्रयासों से इसका पुनर्निर्माण किया गया तथा 15 अप्रैल 2021 को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इसका शुभारंभ किया था।

लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने पुल का निर्माण तो कर दिया, लेकिन लोहे की चादरों पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश में पानी जमा हो जाता है और सर्दियों में बर्फ जमने से फिसलन बढ़ जाती है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में प्रस्ताव भी पारित किया गया, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। अब द्रंग के विधायक पूर्ण ठाकुर से मांग की गई है कि पुल की लोहे की चादरों में पानी निकासी के लिए जगह-जगह होल किए जाएं और कंक्रीट बिछाई जाए। इस पर द्रंग के विधायक पूर्ण ठाकुर ने आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

सरकाघाट की बेटी पूर्णिमा ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में संभाली जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान

◆ पेट रोगों के इलाज को मिली नई दिशा

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि यहां की बेटी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. पूर्णिमा पटियाल ने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हमीरपुर में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं, जिससे अब पेट, लीवर और पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ उपचार की सुविधा मिल सकेगी और बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता भी कम होगी।

डॉ. पूर्णिमा पटियाल ने पीजीआई चंडीगढ़ से गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में सुपरस्पेशलिटी हासिल की है और वे सोमवार व गुरुवार को ओपीडी में मरीजों की जांच करेंगी। उनके आने से मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिली है, वहीं एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी जैसी आधुनिक जांच सुविधाओं के उपलब्ध होने से मरीजों को सटीक निदान व बेहतर उपचार सुनिश्चित होगा; डॉ. पूर्णिमा पटियाल का परिवार भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़ा रहा है, उनके पिता शिक्षा विभाग में प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं जबकि उनकी माता सविता पटियाल वर्तमान में जीएचएस परसदा हवाणी में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा उनके पति भी चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े चिकित्सक हैं, ऐसे में सरकाघाट की इस बेटी की उपलब्धि न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है और लोगों ने इस नियुक्ति पर खुशी जताते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

दी बारीं कृषि सेवा सहकारी सभा समिति डाकखाना बारीं मन्दिर तहसील बमसन टौणी देवी जिला हमीरपुर हि.प्र.

आवश्यकता

दी बारीं कृषि सेवा सहकारी सभा समिति डाकखाना बारीं मन्दिर तहसील बमसन टौणी देवी जिला हमीरपुर हि प्र के सब डिपो ढांगू में विक्रेता के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन सादे कागज पर बांछित प्रपत्रों की प्रतियां व उम्मीदवार की पासपोर्ट साइज फोटो सहित सभा कार्यालय में डाक द्वारा या स्वयं व्यक्तिगत रुप से निम्न वर्णित शर्तो के आधार पर दिनांक 1 अप्रैल 2026 से 20 अप्रैल 2026 प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किसी भी कार्यदिवस वाले दिन सचिव के पास आवेदन जमा कर सकते हैं, उसके बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।
विक्रेता के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य शर्ते निम्न प्रकार है
1. उम्मीदवार भारतीय नागरिक होने चाहिये। 2. उम्मीदवार की आयु 20 अप्रैल 2026 को 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिये। 3. उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 40 प्रतिशत या इससे अधिक अंकों सहित 10वीं पास हो। 4. उम्मीदवार केंद्र सरकार, राज्य सरकार बोर्ड, निगम, सहकारी संस्था स्थानीय निकाय या किसी कॉरपोरेट निकाय से कदाचार के आधार पर निष्कासित न किया हो या न्यायालय द्वारा नैतिकता के आधार पर दण्डित न किया हो । 5. उम्मीदवार किसी सहकारी संस्था स्थानीय निकाय जैसे पंचायत आदि का चुना हुआ पदाधिकारी नहीं होना चाहिए । 6. उम्मीदवार हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएँ नियम 1971 के नियम संख्या 2 (xxvi) के अनुसार सहकारी सभा की प्रबन्धक समिति के किसी सदस्य का नजदीकी रिश्तेदार नहीं होना चाहिये । 7. उम्मीदवार को प्रारम्भिक दो वर्षो के लिये परिवीक्षण अवधि पर रखा जाएगा । इस अवधि के दौरान उसे मात्र 7500 रुपए मूल वेतन दिया जाएगा । उम्मीदवार को परिवीक्षण अवधि के सफलतापूर्वक समाप्त होने के बाद ही वेतन व वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी। यदि परिवीक्षण अवधि के दौरान या बाद में कार्य मे धन के दुरुपयोग, संस्था के आदेशों की अवहेलना पाए जाने पर व सभा के साथ धोखाधड़ी पाए जाने की स्थिति में कार्य संतोषजनक न पाया गया तो बिना किसी पूर्व सूचना के पद से हटाया जा सकता है। 8. उम्मीदवार को कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिये। 9. उम्मीदवार को नियुक्ति से पूर्व सभा को एक लाख का टेंजीबल जमंतनामा तथा 25 हज़ार नकद प्रतिभूति जमा करवानी होगी । 10. उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिये चयन समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा जिसके लिये उसे कोई भी भत्ता या आने जाने का किराया नहीं दिया जाएगा । 11. उम्मीदवार का परिवार वही कार्य न करता हो जो सहकारी सभा द्वारा उससे करवाया जाएगा ।
संपर्क करें सचिव संजीव चौहान 9805443540 प्रधान सुनील कुमार 8219780582

जिंदगी हमारे साथ खेल खेलती है, जो इसे खेल नहीं मानते, वे ही एक दूसरे की शिकायत व आलोचना करते हैं।,

-जैनेंद्र कुमार

संपादकीय

अशांत होती देवभूमि

अक्सर शांत रहने वाली देवभूमि हिमाचल आजकल अशांत हो गई है। इस पवित्र धरती पर अब रिश्तों के कत्ल होने लगे पड़े हैं। इसे हिमाचल का दुर्भाग्य कहेंगे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है कि अपने ही अपनों की जान के दुश्मन बन बैठे हैं? अपराध करने वालों के हाथ कांप क्यों नहीं रहे हैं? क्या उनकी संवेदनाएं मर गई हैं या फिर हिमाचल की मिट्टी में नफरत का जहर घुल गया है? शिमला जिले के सराहन क्षेत्र में छोटे भाई ने बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया तो वहीं, कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर के लंबागांव इलाके में एक निर्दयी पति ने अपनी पत्नी का गला कुल्हाड़ी से काट डाला। निश्चित रूप से ये दोनों हत्याएं वीभत्स हैं, जिनकी जितनी ज्यादा निंदा की जाए उतनी कम है। पिछले कुछ सालों से हिमाचल की भूमि लगातार रक्तरंजित होती जा रही है। पहले अधिकांश मामले बाहरी लोगों से संबंधित रहते थे, लेकिन अब हिमाचली भी उन्हीं के नक्शेकदमों पर चलकर यहां खून करने लगे हैं।

जब समाज में एक के बाद एक ऐसे खौफनाक मंजर देखने को मिलते हैं तो स्वाभाविक है लोगों में भय तो पैदा हो ही जाता है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह पुलिस विभाग को सख्त हिदायत दे ताकि लोगों को सुरक्षित जीवन मिल सके। इस तरह की हत्याओं के पीछे की सबसे बड़ी वजह रंजिश रहती है, लेकिन अपने सगों से क्या रंजिश? यदि कोई गिला-शिकवा हो तो मिल-बैठकर उसे वार्ता से सुलझा लेने में ही समझदारी होती है। यदि दोनों पक्षों में फिर भी सहमति न बने तो किसी तीसरे नजदीकी रिश्तेदार को बीच में डालकर रिश्तों को बचाने की कोशिश करनी चाहिए।

हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग आमतौर पर शांतिप्रिय और संवेदनशील माने जाते हैं, लेकिन जब घरेलू विवाद, संपत्ति के झगड़े या व्यक्तिगत मतभेद हत्या और गंभीर अपराध में बदल जाते हैं, तो इसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। परिवार के भीतर ही रंजिश और अविश्वास का जन्म लेना समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। प्रदेश में लगातार बढ़ती हत्याओं का प्रभाव केवल समाज के मानसिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र पर भी पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश का पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से उसकी सुरक्षा और प्राकृतिक सौंदर्य पर आधारित है। देश-विदेश से पर्यटक यहां इसलिए आते हैं कि उन्हें सुरक्षित माहौल और मानसिक शांति मिले। यदि अपराध और हत्याओं की खबरें लगातार मीडिया में आनी शुरू हो जाएं, तो इससे पर्यटन उद्योग पर गंभीर असर पड़ेगा। पर्यटक, जो हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण का आनंद लेने आते हैं, वे असुरक्षा की वजह से यहां आने से कतराने लगेंगे।

प्रदेश सरकार और पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है कि वे कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाएं और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। प्रत्येक अपराध का निष्पक्ष और शीघ्र न्याय सुनिश्चित करना आवश्यक है। दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए ताकि यह संदेश पूरे समाज में जाए कि हिंसा और हत्या के लिए कोई स्थान नहीं है। इसके साथ ही पुलिस को ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ानी होगी।

हिमाचल प्रदेश में सामाजिक चेतना बढ़ाने की भी आवश्यकता है। लोगों को यह समझाना होगा कि पारिवारिक विवाद, संपत्ति या व्यक्तिगत मतभेद के कारण किसी की जान लेना स्वीकार्य नहीं है। हिमाचल प्रदेश में यदि अब समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह देवभूमि की शांत छवि गंभीर रूप से प्रभावित होगी। पुलिस विभाग को सख्ती से काम करना होगा, समाज में संवाद और समझदारी को बढ़ावा देना होगा, और शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्यों को मजबूत करना होगा। यह आवश्यक है कि अपराधियों को न्याय मिले और समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना कायम रहे।

यह केवल अपराधियों का ही प्रश्न नहीं है, बल्कि पूरे समाज और शासन की जिम्मेदारी है कि इसे रोका जाए। यदि सरकार, पुलिस और समाज मिलकर समय रहते कदम उठाते हैं, तो देवभूमि फिर से अपने नाम के अनुरूप शांत और सुरक्षित बन सकती है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, सामाजिक संवाद और नैतिक शिक्षा ही इसे पुनः सुरक्षित और खुशहाल बना सकती है। ■

भगदड़ : आस्था स्थल कब तक बनते रहेंगे श्मशानघाट ?

नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक,मंडी (हि.प्र.)

देश में धार्मिक आस्था और परंपराओं का एक लंबा इतिहास रहा है। मंदिर, मेले, यात्राएं और धार्मिक आयोजन लोगों के विश्वास का केंद्र होते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि यही आस्था स्थल अब बार-बार हादसों के कारण मौत के मैदान में बदलते जा रहे हैं।

बिहार के नालंदा जिले के शीतला माता मंदिर में 31 मार्च 2026 को मची भगदड़ ने एक बार फिर इस कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया है। इस दर्दनाक घटना में 8 श्रद्धालुओं की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। मृतकों में अधिकतर महिलाएं थीं, जो श्रद्धा लेकर आई थीं, लेकिन वापस नहीं लौट सकीं।

घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने मेला बंद करवा दिया और स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिशें शुरू कीं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा की और घायलों के इलाज के निर्देश दिए, लेकिन सवाल यह है कि क्या मुआवजा इन हादसों का समाधान है? क्या इससे उन परिवारों का दर्द कम हो सकता है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देशभर में कई बड़े भगदड़ हादसे हुए हैं। 27 जुलाई 2025 को हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में अफवाह के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। 29 जून 2025 को पुरी की रथ यात्रा में भी यही दृश्य देखने को मिला। 8 जनवरी 2025 को तिरुपति में भगदड़ से 6 लोगों की मौत हुई। 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं हैं, बल्कि हर संख्या के पीछे एक परिवार का बिखरना छिपा है।

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को मची भगदड़ ने भी देश को झकझोर कर रख दिया, जहां 18 लोगों की मौत हो गई। ये लोग महाकुंभ जाने के लिए निकले थे, लेकिन मंजिल तक पहुंचने से पहले ही मौत ने उन्हें घेर लिया। इससे पहले प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान भी भगदड़ में कई लोग मारे गए थे। इन घटनाओं को देखकर ऐसा लगता है कि प्रशासन हर बार केवल हादसे के बाद ही जागता है।

अगर हम इतिहास पर नजर डालें, तो 1954 के कुंभ मेले में भगदड़ से 800 लोगों की मौत हुई थी। 1986 में भी ऐसी ही घटना में 200 लोग मारे गए। 2013 में इलाहाबाद कुंभ में 36 लोगों की जान गई।

2008 में नयना देवी मंदिर में 162 लोगों की मौत हुई थी। इन घटनाओं से साफ है कि समस्या नई नहीं है, लेकिन समाधान आज तक नहीं निकाला गया। इन हादसों के पीछे सबसे बड़ा कारण प्रशासनिक लापरवाही और अव्यवस्था है। भीड़ नियंत्रण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती, निकास मार्ग पर्याप्त नहीं होते, और सुरक्षा उपायों का अभाव रहता है। कई बार अफवाहें भी भगदड़ का कारण बनती हैं, लेकिन अगर व्यवस्था मजबूत हो, तो ऐसे हालात को संभाला जा सकता है।

एक और महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब प्रशासन को पहले से पता होता है कि लाखों की संख्या में लोग आएंगे, तो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए जाते? क्यों हर बार वही गलतियां दोहराई जाती हैं? क्या केवल मुआवजा देकर जिम्मेदारी से बचा जा सकता है? धार्मिक स्थलों पर हर साल करोड़ों रुपए का चढ़ावा चढ़ता है, लेकिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर खर्च न के बराबर होता है। मंदिर समितियों और आयोजकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। केवल आयोजन करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहां आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है।

सरकार को चाहिए कि वह इन घटनाओं को गंभीरता से ले और स्थायी समाधान निकाले। हर बड़े धार्मिक आयोजन के लिए एक सशक्त आपदा प्रबंधन योजना होनी चाहिए। भीड़ नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पर्याप्त संख्या में पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती जरूरी है। साथ ही, लोगों को भी जागरूक करना होगा कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। इन हादसों को केवल दुर्घटना कह देना सही नहीं होगा। यह व्यवस्थागत विफलता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जब तक जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक सुधार की उम्मीद करना मुश्किल है।

हर बार हादसे के बाद जांच के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन उनकी रिपोर्ट का क्या होता है, यह किसी को नहीं पता। अगर उन रिपोर्टों पर अमल किया जाता, तो शायद आज इतनी जानें न जातीं। अब समय आ गया है कि केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाए जाएं। आस्था जीवन का आधार है, लेकिन अगर वही आस्था मौत का कारण बनने लगे, तो यह समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मंदिर, मेले और धार्मिक स्थल श्रद्धा के केंद्र बने रहें, न कि श्मशानघाट।

अगर अब भी सबक नहीं लिया गया, तो ऐसे हादसे होते रहेंगे और निर्दोष लोग अपनी जान गंवाते रहेंगे। वक्त की मांग है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर इस समस्या का समाधान निकालें, ताकि भविष्य में कोई भी आस्था के नाम पर अपनी जान न गंवाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

घटती किसान संख्या और बढ़ता खाद्य संकट : खेती में युवाओं की वापसी जरूरी

डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि विज्ञानी, कृ.वि.वि. पालमपुर

भारत ही नहीं विश्व के हर देश में आज एक बहुत गंभीर समस्या कृषि किसानी के ऊपर मंडरा रही है। दुनिया के हर देश में किसानों की संख्या तेजी से कम हो रही है तथा हमारे किसान वृद्ध हो रहे हैं। विश्व में किसानों की औसत आयु 55 वर्ष है, जो सेवानिवृत्ति की आयु के नजदीक है।

एक समय में ऐसा लगता है की आज का युवा वह भारत का या विश्व के किसी भी देश का हो खेती में उसका लगाव या इच्छा नहीं है। इच्छा या कृषि खेती में युवाओं की रुचि का न होना क ई कारकों पर निर्भर है, जिस पर विश्व के हर देश उस कारण पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और युवा कृषि से खेती से भाग रहे हैं।

1991 के आंकड़ों पर ध्यान दिया जाए तो कृषि में भूमंडलीय रोजगार करीब 43 प्रतिशत का था और 2023 तक यह कम होकर मात्र 26 प्रतिशत ही रह गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में ही हर दिन लगभग दो हजार किसान खेती को छोड़ रहे हैं। क्यों छोड़ रहे हैं इसके पीछे बहुत से कारण हैं, जिसमें प्रमुख रुप से खेती लाभकारी नहीं है। खेती में जोखिम बहुत है । खेती में आवारा पशुओं के साथ लागत मूल्य बढ़ रहा तथा खेती करने वाले परिवार की समाज में कोई इज्जत नहीं। उनके बेटों की शादी आदि अनेक समस्याएं आ रही है, जिसके कारण गांवों में बहुत से लोगों के हाथ से रोजगार भी छिन जा रहा है और बहुत जल्द लोग खेती से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। यह भूमेडलीय समस्या है और भारत में एक गेभीर रूप लेती जा रही है। सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

यदि किसानों की समस्या का सही समाधान नहीं निकाला गया तो 2035 तक अभी जितने लोग खेती में हैं, वह संख्या भी आधी हो जाएगी। युवा गांव से पलायन करेंगे और खेत बंजर हो जाएंगे। खेती जो

एक आधारभूत आर्थिक गतिविधि है। यह कई मायनों में अद्वितीय है। इसका आधार भूमि है। यह एक ऐसा संसाधन हैं, जिसका अनेक प्रतिस्पर्धी उपयोग है।

खेती आम तौर पर जलवायु पर निर्भर करती है। जलवायु आज खेती के चक्र को बिगाड़ रही है। उसके विकास को सीमित कर देती है। खेती में वृद्धि की एक सीमा है। आज विश्व के देशों में भोजन की मांग बढ़ रही है। खेती श्रम प्रधान और श्रम केंद्रित है, जिसके कारण कम लोग ही इस पेशे में प्रवेश करने के इच्छुक हैं। हमारी खाद्य उत्पादन प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इस चुनौती के मूल में भूमि का पर्याप्त उपलब्ध होना जरूरी होता है। भूमि का किसी के लिए उपयोग किया जा सकता है न कि खाद्यान्न की मांग पूरा करने के लिए।

आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती जनसंख्या के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराना है। पृथ्वी की अधिकांश उपजाऊ भूमि पहले ही कृषि में उपयोग हो रही है और अब इसका विस्तार लगभग असंभव है। इसके विपरीत, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण कृषि भूमि लगातार घट रही है।

किसानों की संख्या भी तेजी से कम हो रही है। आर्थिक विकास के साथ लोग गांवों से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, जिससे खेती में युवाओं की भागीदारी घट रही है। वर्तमान में खेती अधिकतर बुजुर्गों पर निर्भर होती जा रही है, जबकि आधुनिक कृषि के लिए नई तकनीकों को अपनाने में युवाओं की आवश्यकता है।

यदि यही स्थिति जारी रही, तो भविष्य में खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि खेती को लाभकारी और आकर्षक बनाया जाए। किसानों को उचित मूल्य, बीमा, और सरकारी सहायता मिले, ताकि युवा खेती की ओर आकर्षित हों। सीमित भूमि में अधिक उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीक, नीतिगत सुधार और युवाओं की भागीदारी अनिवार्य है। तभी विश्व की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

जख्णी माता मंदिर : हिमालय की गोद में उभरता अद्भुत पर्यटन स्वर्ग

तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

यूं तो उत्तर भारत में स्थित हिमाचल प्रदेश में अनेकों पौराणिक एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल हैं, जो किसी न किसी किंवदंतियों व इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। कहा जाता है कि प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपदा ही उस क्षेत्र को आगे बढ़ाती है और हिमाचल प्रदेश के जनपद कांगड़ा का पालमपुर इन सब में समाहित है।

इसके इर्द-गिर्द के अनेकों अनछुए रमणीय पर्यटन व धार्मिक स्थलों को निहारने के लिए वर्ष भर सैलानियों का तांता लगा रहता है, क्योंकि इसका नैसर्गिक व विहंगम सौंदर्य अनंत नीरव शांत वातावरण सबको अचंभित कर देते हैं। इसी शृंखला में अनुपम सुंदरता और बर्फ से लकदक गगनचुंबी चांदी सरीखी घाटियों के नयनाभिराम दृश्यों को समेटे पालमपुर से मात्र 5 कि.मी. की दूरी पर डुहग यानी चंदपुर ग्रामीण क्षेत्र के धौलाधार के शिखर में मां जख्णी मंदिर, जोकि चारों ओर से देवदार और चीड़ के घने जंगल की आगोश में अवस्थित है,एक अलौकिक दिव्यता की अनुभूति कराता है। जख्णी माता मंदिर आज तेजी से एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है।

देवदार और चीड़ के घने जंगलों से घिरा यह मंदिर प्रकृति प्रेमियों और आध्यात्मिक शांति की तलाश करने वालों के लिए स्वर्ग समान है। यहां पहुंचते ही ठंडी, शुद्ध और ताजगी से भरपूर हवा मन को सुकून देती है। चारों ओर फैली हरियाली, पक्षियों का मधुर कलरव और शांत वातावरण पर्यटकों को रोजमर्रा की भागदौड़ से दूर एक अलग ही दुनिया में ले जाता है।

सर्दियों में जब यहां बर्फबारी होती है, तो पूरा क्षेत्र सफेद चादर में ढक जाता है, जो इसे और भी आकर्षक बना देता है। यह दृश्य पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन जाता है। जख्णी माता मंदिर केवल

प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र ही नहीं, बल्कि गहरी आस्था और लोकविश्वास का प्रतीक भी है। स्थानीय गद्दी समुदाय इस देवी को अपनी कुलदेवी मानता है और सदियों से यहां पूजा-अर्चना करता आ रहा है। मंदिर से जुड़ी अनेक किंवदंतियां इसे और भी विशेष बनाती हैं।

माना जाता है कि माता जख्णी ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए कई चमत्कार किए, जिनकी कहानियां आज भी स्थानीय लोगों द्वारा सुनाई जाती हैं। यही आस्था और विश्वास हर साल हजारों श्रद्धालुओं को यहां खींच लाता है। पर्यटन की दृष्टि से यह स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंदिर परिसर में पर्यटकों के लिए बैठने और विश्राम करने की अच्छी व्यवस्था है। यहां से पालमपुर और आसपास की घाटियों का विहंगम दृश्य दिखाई देता है, जो किसी चित्रकला जैसा प्रतीत होता है।

प्रकृति के बीच बैठकर ठंडी हवा का आनंद लेना और शांत वातावरण में समय बिताना हर पर्यटक के लिए एक विशेष अनुभव बन जाता है। मंदिर में प्रतिदिन होने वाली आरती और विशेष अवसरों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम पर्यटकों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं। विशेषकर नवरात्र के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इस समय मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है और यहां की रौनक देखने लायक होती है। यहां तक पहुंचना भी काफी आसान है। पालमपुर से टैक्सी, बस और ऑटो जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं। पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए मंदिर तक पहुंचने का सफर भी अपने आप में रोमांचक होता है।

रास्ते में दिखने वाले चाय बागान, घने जंगल और पर्वतों के दृश्य यात्रा को और भी यादगार बना देते हैं। यदि इस क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जाए, जैसे रोप-वे, पिकनिक स्पॉट, विश्राम गृह और बेहतर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएं, तो जख्णी माता मंदिर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान प्राप्त कर सकता है। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज की प्रमुख हस्ती

भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम नायक

अजित लक्ष्मण वाडेकर
जन्म : 1 अप्रैल, 1941
मृत्यु : 15 अगस्त, 2018

अजित लक्ष्मण वाडेकर भारतीय क्रिकेट के ऐसे कप्तान थे जिन्होंने देश को पहली बार वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत दिलाकर भारतीय क्रिकेट को विश्व स्तर पर गौरव दिलाया। वाडेकर का खेल 1966 से 1974 तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रहा और उनकी कप्तानी में भारत ने 1971 में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल की। उनके स्वागत में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सहित हजारों लोग 20 किमी तक पुष्प वर्षा करते हुए खड़े थे।

अजित वाडेकर का जन्म मुंबई में हुआ। बचपन में उनकी रुचि गणित में थी, लेकिन एक पुरस्कार स्वरूप मिला क्रिकेट बैट उनकी जिंदगी बदल गया। अजित वाडेकर बाएं हाथ के बल्लेबाज और कुशल क्षेत्ररक्षक थे। उन्होंने 37 टेस्ट मैचों में 2,113 रन बनाए और एकमात्र शतक न्यूजीलैंड के खिलाफ 1967-68 में खेला। उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर 143 रन रहा। 1971 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में उन्होंने दो पारियों में 48 और 45 रन बनाकर भारत की जीत में योगदान दिया। 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत ने 1-0 से जीत दर्ज की। वाडेकर ने यह साबित किया कि भारतीय टीम विश्व की मजबूत टीमों के खिलाफ भी संघर्ष कर सकती है। न्यूजीलैंड दौरे में उन्होंने 143 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि अन्य बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे, और टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई। अंतरराष्ट्रीय करियर के अलावा, वाडेकर ने 4288 रन 57.94 की औसत से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बनाए। उन्होंने 18 दिलीप ट्रॉफी मैच खेले और छह बार वेस्ट जोन के कप्तान रहे। इंग्लैंड के 1967 दौरे पर उन्होंने 835 रन बनाए और टेस्ट मैचों में 242 रन की पारी खेली। अजित वाडेकर अपनी क्रिकेट यात्रा से नेतृत्व और साहस के प्रतीक बने। उनके योगदान ने भारतीय क्रिकेट को विश्व मंच पर मान्यता दिलाई और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। ■

कविता

यह जंग है नामुराद

मुकेश विग, ठोडो ग्राउंड मोड़ सोलन (हि.प्र.) 173212.

यह जंग है नामुराद इससे बचके रहना, जंग छीन लेती है
सुख-चैन, सोना, खाना-पीना, मुश्किल कर दे यह जीना
यह जंग लगे लोहे में उसे खाक बना देती है
जंग ये दो देशों में तो कहर ही बरपाती है।
जीत कोई न पाया कभी भी यह जंग, सुंदर इस दुनिया को कर देती है बदरंग
ये नुकसान पूरा नहीं हो सकता, दुनिया यूं दिखती है ज्यों ये गया अधरंग
फिर क्यों होड़ लगी है जंग जीतने की, निर्माण करो, विनाश नहीं
देखो इन खंडहरों को यह तबाही का मंजर, क्या दे सकते हो इन्हें जीवन
स्कूली बच्चे, महिलाएं-चीख रहे, जहां देखो पड़ी है लाश वहीं
रुक जाओ बंद करो तुम भी नहीं बच पाओगे
तबाही मचाने वालो वीर नहीं कहलाओगे,
कैसी है सोच तुम्हारी पूरी दुनिया हैरान है
चीख चीख सब कह रहे यह इंसान नहीं शैतान हैं।
बढ़ जाएं दुनिया में जब स्वार्थ अकड़ घमंड
तब वह खुद ही आकर देता है इसका दंड
छोड़ दो यह हठ न करो उसे परेशान
विग न कहीं बना दे वह पूरी दुनिया को रमशान

सरकारी शिक्षा का मौन संकट : क्या शिक्षक कमजोर हैं या व्यवस्था?

हेमराज ठाकुर
जिला मंडी (हि.प्र.)

आज यह धारणा बन रही है कि सरकारी, विशेषकर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के शिक्षक निजी और सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों से कमजोर हैं। वास्तव में समस्या शिक्षक की क्षमता में नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में है। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर पढ़ाने के अलावा चुनाव ड्यूटी, जनगणना, सर्वेक्षण, मिड-डे मील, डेटा एंट्री और अन्य प्रशासनिक कार्यों का भारी बोझ होता है।

इसके विपरीत, निजी और सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक केवल पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं और उन्हें पर्याप्त संसाधन एवं अनुकूल वातावरण मिलता है। इसलिए दोनों की तुलना करना न्यायसंगत नहीं। सरकार को चाहिए कि वह सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को भी गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्त कर समान सुविधाएं प्रदान करे।

जमीनी हकीकत : सरकारी स्कूलों में करीब 10,000 से 12,000 शिक्षक पद रिक्त हैं। कई विद्यालय एकल शिक्षक पर निर्भर हैं और कुछ में डेप्यूटेशन से काम चलाया जा रहा है। ऐसे में इन स्कूलों के परिणामों की निजी और सीबीएसई से तुलना करना बेमानी है।

तुलना का दूसरा पक्ष : निजी व सीबीएसई स्कूलों के बच्चे सामान्यतः समृद्ध व शिक्षित परिवारों से होते हैं, जबकि सरकारी में अधिकतर गरीब व वंचित वर्ग के पढ़ते हैं। जब अभिभावकों के पास अपने बच्चों को पढ़ाने का समय और संसाधन दोनों नहीं हैं, तो ऐसे बच्चों से निजी स्कूलों के बच्चों के समान प्रदर्शन की अपेक्षा करना वस्तुतः वास्तविकता से मुंह मोड़ना है।

रेफरल मॉडल जरूरी : सीबीएसई स्कूलों का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देना है, लेकिन उन्हें केवल सक्षम बच्चों तक सीमित करना उचित नहीं। कमजोर, पिछड़े या दिव्यांग बच्चों को भी रेफरल मॉडल के तहत सीबीएसई स्कूलों में भेजा जाना चाहिए।

गांवों में शिक्षा की अनदेखी : सीबीएसई स्कूलों की स्थापना अधिकतर शहरों में हो रही है, जबकि असली जरूरत ग्रामीण



क्षेत्रों में है। हिमाचल की करीब 80% आबादी गांवों में रहती है, पर वहां उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का अभाव है। हर पंचायत में बोर्डिंग और डे-इवनिंग स्टाफ के साथ स्कूल खोलकर बच्चों को नियमित पढ़ाई, होमवर्क और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

अंग्रेजी माध्यम : आज अंग्रेजी माध्यम को लेकर अनावश्यक होड़ मची है। बच्चा अपनी मातृभाषा में विषयों को गहराई से समझता है, जबकि दूसरी भाषा में वह उलझ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में देने पर जोर देती है। अंग्रेजी को केवल विषय के रूप में पढ़ाया जाए, न कि माध्यम बनाकर, ताकि भाषा और ज्ञान दोनों का संतुलन बना रहे।

दोहरी शिक्षा व्यवस्था : जब नीति-निर्माता और संपन्न वर्ग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं और सरकारी स्कूल गरीबों तक सीमित रह गए हैं, तो समाज में शिक्षा और सामाजिक संतुलन दोनों प्रभावित होते हैं। इससे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के स्कूल 'गरीबों के स्कूल' बन जाएंगे, और वर्गीकरण बढ़ेगा।

साहसिक समाधान की आवश्यकता : सरकार को शिक्षकों को गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्त करना, रिक्त पद भरना, ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देना और एक समान शिक्षा व्यवस्था स्थापित करना होगा। एक राष्ट्र, एक बोर्ड, एक पाठ्य, म की नीति ही शिक्षा में सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर सकती है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि शिक्षक से पढ़ाने का समय छीन लिया गया है और फिर उसी से परिणाम की अपेक्षा की जा रही है। यह केवल शिक्षक का नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य का सवाल है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्द्रनगर

अपूर्व देवगन डीसी मंडी | मनीश चौधरी एसडीएम | मुकुल अनिल शर्मा तहसीलदार लडभड़ोल | रजत सेठी तहसीलदार जोगिंद्रनगर | जागृति नायब तहसीलदार जोगिंद्रनगर | विनय राश्पा नायब तहसीलदार मकरीडी | लोकेंद्र सिंह नेगी डीएसपी पधर | सकीनी कपूर थाना प्रभारी जोगिंद्रनगर | अंकित कुमार कोषाध्यक्ष मां शारदा मेला कमेटी भालारिहडा | अमित शर्मा जनता दाबा जोगिंद्रनगर | तिलक बहल निदेशक बहल स्टोर | देव राज ठाकुर सूचना एवं जनसंपर्क तकनीकी विभाग | सुषमा बहल जोगिंद्रनगर

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

अभिषेक शर्मा
संवाददाता जोगिन्द्रनगर
मो. 7018982097
9816534264

DAV PUBLIC SCHOOL JOGINDER NAGAR
ADMISSION OPEN
FOR REGISTRATON 2026-27
NUR TO 12TH SCI./COMM.
डी०ए०वी० परिवार की ओर से आप सभी को लघु शिवरात्रि मेले की हार्दिक शुभकामनाएँ
Enroll NOW!
Call Us: 98160-57965
www.davjnagar.in
(Sanjay Kumar) Principal

ASCENT PUBLIC SR. SEC. SCHOOL
LEAD SCHOOL
Bridge Mandi, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi (H.P.)
A School of Excellence
Registration/Admissions Open
For Classes Nursery to 10+2 Science, Commerce & Arts Stream)
Special Features
- Lead school All classes will be smart classes
- Ai and robotic lab First ever school to give this modern AI and Robotics Lab
- Well furnished Play ground
- New session school providing Fencing & Shooting Range.
- Football Coaching
- Two Times Football Runner Up in Distt Level Games
- Transport & Hostel Facility Available

Ph. 94184-57284, 98576-00039 (Director/Principal)
Website : www.ascentpublicschool.com, Email: ascentjnr@gmail.com

लक्की ठाकुर स्कूल निदेशक

D.B.P.S. Joginder Nagar
"Committed to Excellence in Education Since 1981"
Admission / Registration Open For
Nursery, LKG & UKG to 10th
11th, 12th (Science & Commerce)
Session: 2026-27
Why DBPS
शिक्षा सेवा संस्कार अनुशासन
भविष्य शिखर की ओर
Opposite Petrol Pump, Main Market, Joginder Nagar
Call Us: 82194-02982, 82197-60179, 01908-222126

जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर
के निदेशक राकेश धरवाल की तरफ से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश धरवाल

"AccompanyUs To Your Destination"
EKLAVYA EDUCATIONAL ACADEMY
Joginder Nagar, Distt. Mandi (H.P.)-175015
NAVODAYA | PATWARI | CONDUCTOR | All Subjects Tuition Classes (1st to 12th)
SAINIK SCHOOL | FOREST GUARD | JBT/TGT-TET
AGNIVEER | POLICE | TGT/JBT- COMMISSION
ALLIED-SERVICES AND ALL OTHER COMPETITIVE EXAMS PREPARATION
Contact No. : 94186-26003, 70182-35030

खुशबू शर्मा, निदेशक

वन मंडल कार्यालय जोगिंद्रनगर
वन मंडल अधिकारी अश्विनी शर्मा की तरफ से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की हार्दिक शुभकामनाएं

अश्विनी शर्मा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी
की तरफ से
जोगिन्द्रनगर लघु शिवरात्रि मेले
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

राजकुमारी प्रधानाचार्य

हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड जोगिंद्रनगर
की तरफ से
जोगिन्द्रनगर लघु शिवरात्रि मेले
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

पूर्ण चंद अधिशासी अभियंता

रमेश सकलानी एसडीओ

हर्बल गार्डन
के प्रभारी उज्जवल दीप
की तरफ से
जोगिन्द्रनगर लघु शिवरात्रि मेले
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

उज्जवल दीप

मनोज चौहान प्रधानाचार्य

पी.एम. श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्द्रनगर
के प्रधानाचार्य स्टाफ, बच्चों व प्रबंधन समिति की ओर से
जोगिन्द्रनगर लघु शिवरात्रि मेले
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION OPEN SESSION 2026-27
School Affiliated with CBSE
Co-Education in School
Contact: 9459251779

NEW CRESCENT
SR. SEC. PUBLIC SCHOOL Play Way to +2 (Science)
COACHING CIRCLE NEET/JEE/NDA/CUET FOUNDATION TO I.A.S./H.A.S/I.P.S. H.P.S./ ALLIED SERVICES

Admission Open
Contact : 9418421703 (Principal) 9418097145 (Director)
HOSTEL & BUS FACILITY AVAILABLE
(Garoru, Joginder Nagar, Distt. Mandi (H.P.)
LEAD SCHOOL PROPEL

राज्य स्तरीय जोगिन्द्रनगर मेला, 2026
का शुभारंभ
श्री अनुराग शर्मा
माननीय सांसद राज्यसभा
के कर कमलों द्वारा
1 अप्रैल 2026 को अपराह्न 2:00 बजे
पूजनीय देवताओं की शोभायात्रा की अगुवाई के उपरांत सायं 3:00 बजे मेला मैदान, जोगिन्द्रनगर में किया जाएगा।

समापन
श्री हर्षवर्धन चौहान
माननीय उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री हिमाचल प्रदेश
के कर कमलों द्वारा
5 अप्रैल 2026 को अपराह्न 2:00 बजे
पूजनीय देवताओं की शोभायात्रा की अगुवाई के उपरांत सायं 5:00 बजे मेला मैदान, जोगिन्द्रनगर में किया जाएगा।

उत्तरापेक्षी मेला समिति जोगिन्दर नगर
निवेदक
मनीश चौधरी
हि.प्र.से
अध्यक्ष, जोगिन्दर नगर मेला समिति
एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिन्दर नगर

Mount Maurya International School
Website : www.mmisjnr.com
School Code : 43175
BUILDING ASPIRATIONS

ADMISSIONS OPEN
12 YEARS OF EXCELLENCE
CBSE Affi. No. 630189
ARTS SCIENCE COMMERCE
लघु शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं!
JOGINDER NAGAR (Class Nursery To 12th) E-mail: mmis2012@gmail.com
CHAUNTRA (Nursery to 2nd Class) E-mail : mmischauntra@gmail.com
ENROLL NOW
88728-88117

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जीवन ठाकुर
उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस

VEDIC PUBLIC SCHOOL SHANAN
ADMISSIONS OPEN!
Nursery to Class +2
Medical, Non-Medical, Commerce
NEW SESSION 2024-25
- Modern Infrastructure
- Smart & A.C. Classrooms
- Experienced Faculty

Register Now!
94187 65332
94181 81525
82190 97925 94181 81525
Shanan, Joginder Nagar

व्यास बैली पावर कारपोरेशन लिमिटेड
की ओर से
राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की हार्दिक शुभकामनाएं।

न्यूज ब्रीफ

सीवरेज योजना में अनियमितताओं के आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने शहर में करीब 100 करोड़ रुपए से बन रही सीवरेज योजना में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने और चेंबर निर्माण के नाम पर शहर की सड़कों व गलियों की बेतरतीब खुदाई की है, जबकि गुणवत्ता का बिलकुल ध्यान नहीं रखा जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पाइपें बिछाने के बाद सही तरीके से मेटलिंग नहीं की जा रही, बल्कि केवल खानापूर्ति की जा रही है। सोलिंग की जगह मात्र एक इंच बजरी डालकर काम निपटाया जा रहा है, जिससे सड़कों के जल्द खराब होने की आशंका है। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान न तो कोई वरिष्ठ अधिकारी व न ही सुपरवाइजर मौके पर दिखाई देता है। इससे कार्य की निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। त्रिलोक जम्वाल ने दावा किया कि योजना का कार्य कर रही कंपनी का कार्यालय एक पूर्व विधायक के घर से संचालित हो रहा है, जिससे पूरे कामकाज की पारदर्शिता पर संदेह पैदा हो रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य का सही निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए व अनियमितता बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

चिंतपूर्णी-तलवाड़ा बाइपास पर लगेंगे पैरापिट

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिंतपूर्णी-तलवाड़ा बाइपास पर पैरापिट लगाए जा रहे हैं। एसडीओ नीरज ठाकुर ने बताया कि इस पर लगभग 2 लाख की राशि खर्च होगी। यहां एक दुर्घटना हुई थी, जिसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर पैराफिट लगाने का निर्णय लिया गया। पैराफिट के लिए गड्ढे खोदे जा चुके हैं व तीन के स्ट्रक्चर से लगाए जाएंगे। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा तलवाड़ा बाईपास में नालियों की सफाई भी करवाई जा रही है।

सरकारी विद्यालयों पर विश्वास जताने की अपील की

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। विभागीय निर्देशानुसार राजकीय उच्च विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय धलवाड़ी में शिक्षा संवाद कार्यक्रम एवं वार्षिक परिणाम घोषणा दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विकास भारद्वाज ने की, जिसमें 46 अभिभावकों ने भाग लिया। अध्यक्ष ने बताया कि विद्यालय ने बीते वर्ष नामांकन वृद्धि, शैक्षिक स्तर में सुधार और कंप्यूटर शिक्षा की शुरुआत जैसी उपलब्धियां हासिल की हैं। पाठशाला प्रभारी विनोद शर्मा ने सुरक्षित व सकारात्मक वातावरण पर जोर देते हुए अभिभावकों से सरकारी विद्यालयों पर विश्वास जताने की अपील की। इस अवसर पर अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक किया गया और वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृट प्रदर्शन किया। अंत में सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

भारतीय ज्ञान परंपरा ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय उच्च पाठशाला बिजन-ढलवान के छात्रों ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दसवीं के छात्र गौरव ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक जीता, जबकि नौवीं की वंशिका ने तृतीय स्थान पाकर कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय स्तर पर भी नौ छात्रों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। मुख्याध्यापिका मोनिका ठाकुर ने इस सफलता का श्रेय संस्कृत शिक्षक डॉ. मनोज कुमार 'शैल' के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि सरकारी स्कूलों के छात्र भी सही मार्गदर्शन से उच्च स्तर पर सफलता हासिल कर सकते हैं। समारोह में अभिभावक व स्टाफ भी मौजूद रहे।

4 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति विभाग की बैठक

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक 4 अप्रैल को राजीव भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक का समय सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष वलराम ने बताया कि बैठक प्रभारी व हरियाणा से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध के निर्देशानुसार बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जिला संगठन का गठन किया जाएगा, जो संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। वलराम ने कहा कि इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के कार्यकर्ताओं द्वारा नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद का भव्य स्वागत भी किया जाएगा। राज्यसभा सांसद बनने के बाद यह उनका शिमला का पहला दौरा होगा, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही बैठक में संगठन विस्तार, आगामी रणनीति व विभिन्न गतिविधियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं और शिमला पहुंचने पर प्रभारी के जोरदार स्वागत की योजना बनाई गई है।

बजौरा स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय माध्यमिक पाठशाला बजौरा में कक्षा 6वीं से 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तथा शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन कुमार के साथ समाज सेवी राजकुमार, बूथ अध्यक्ष कांग्रेस लुरहाड़ मुख्यातिथि रहे। कक्षा 6वीं से निकिता, 7वीं से दिव्यांश व 8वीं से सूर्यांश शर्मा व सूर्यांश ठाकुर ने ए-ग्रेड में पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर विक्रम, रीना देवी, प्रबंधन समिति के साथ संपूर्ण विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा, जबकि हेत राम, अंजना, स्वर्ण लता, रीना देवी, उषा देवी, शिल्पा देवी, मन्नत, नायरा शर्मा, सर्वो देवी, सीमा देवी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रकाश चंद बने भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिले के बाहौट कसोल से संबंधित सेवानिवृत्त कृषि उपनिदेशक व कोल वैली नर्सिंग संस्थान के प्रबंध निदेशक प्रकाश चंद ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का सदर मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर ठाकुर ने भाजपा नेतृत्व, सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल, मंडलाध्यक्ष हंसराज ठाकुर व अन्य नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ठाकुर पूर्व में हिमाचल प्रदेश कृषि सेवाएं संघ के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके हैं और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

गेहड़वीं स्कूल ने प्रवेश अभियान पर निकाली रैली

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला गेहड़वीं द्वारा स्कूल प्रबंधन समिति, अध्यापकों, पाठशाला स्टाफ व छात्रों ने सरकारी विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश अभियान के उपलक्ष पर एक आह्वान रैली का आयोजन किया। इस रैली में राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला गेहड़वीं में प्रवेश के लिए स्थानीय जनता से आह्वान किया, कि वह अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलवा कर सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मुफ्त शिक्षा,स्वादिष्ट व ताजा मध्यान भोजन, इंग्लिश मीडियम में शिक्षा, विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों, निशुल्क पुस्तकालय, निशुल्क पुस्तकें, निशुल्क वर्दी, खेलों के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए सभी अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलवाएं। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुमित कुमार व केंद्र मुख्य शिक्षिका लता कुमारी ने विशेष रूप से यह आह्वान किया कि महंगी शिक्षा को दरकिनार कर निशुल्क व बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्राथमिक केंद्र पाठशाला गेहड़वीं में बच्चों का नामांकन करवाएं। प्री प्राइमरी में 3 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रवेश 1 अप्रैल 2026 से आरंभ है।

ग्रामीणों को स्वास्थ्य व योग का संदेश

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। थुराहन में द्वितीय आयुष ग्राम कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार डॉ. सुखविंद्र व डॉ. मनीषा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप ने अपनी समर्पित टीम के साथ किया। इसमें योग गाइड विशाल व रीना तथा परस राम शामिल रहे। इस आयोजन में पूर्व प्रधान सुषमा, आशा कार्यकर्ता निशा, राखी, स्नेहलता, बबली देवी, मीरा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभारी उषा नड्डा व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आयुष विभाग की बहु-विषयक टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिसमें डॉ. तरुण, डॉ. सपना, डॉ. सुमन, डॉ. कल्पना फार्मेसी ने सेवाएं प्रदान की। सोनिया, नीलम, पवन रेखा अन्य सहयोगी स्टाफ में योग गाइड आशा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री नैन सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राविया सिंह ने +1 में कॉमर्स में किया टॉप

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। राविया सिंह पुत्री विजय ठाकुर और मीना ठाकुर वरिष्ठ अधिवक्ता अंब गांव बद्धमाणा की स्थायी निवासी हैं। राविया सिंह ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धर्मशाला महंता में 90% अंक हासिल करके प्रथम स्थान हासिल किया। 85% अंक लेकर सिमरन ने दूसरा स्थान, 83% अंक लेकर हिमांशु ने तीसरा स्थान हासिल किया। राविया सिंह ने बताया कि उनके नाना कैप्टन ठाकुर हकाम सिंह हमेशा उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

सड़क सुरक्षा व नशा नियंत्रण के लिए एडीसी ने दिए कड़े निर्देश

अनंत ज्ञान

एडीसी ऊना बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

ऊना। अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी विभागों को गंभीरता व जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में समन्वित प्रयासों के साथ-साथ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि समाज को सुरक्षित वातावरण मिल सके। मंगलवार को डीआरडीए सभागार में राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एन-कॉर्ड) के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को और अधिक गति से आगे बढ़ाएं। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई में तेजी लाई जाए व प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में तय लक्ष्यों के अनुरूप ठोस परिणाम सुनिश्चित करें। कार्रवाई आंकड़ों में भी दिखे व जमीनी स्तर पर प्रभाव भी दिखना चाहिए और इसकी नियमित समीक्षा हो। एडीसी ने कहा कि सीमावर्ती जिला होने के कारण ऊना में नशे के मामलों में विशेष सतर्कता और चौकसी आवश्यक है।

उन्होंने इसे समाज के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि इससे निपटना प्रशासन और समाज, दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि नशा निवारण समितियां नियमित बैठकें करने को कहा। चिट्टे की समस्या से प्रभावित 10 संवेदनशील पंचायतों में विशेष प्रयास और लक्षित जागरूकता गतिविधियां चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही, स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। एडीसी ने नशा निवारण व पुनर्वास केंद्रों के नियमित निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि एसडीएम व डीएसपी इसकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीसी ने दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां त्वरित सुधार कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाई जा रही रेलिंग को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने तथा कहीं भी असुरक्षित गैप न छोड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठकों में कुछ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गंभीर विषयों से संबंधित बैठकों से नदारद रहना लापरवाही को दर्शाता है।

पुल के पास खाई की ओर झुका झूलों से लदा ट्रैक्टर

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं क्षेत्र में मंगलवार को एक संभावित बड़ा हादसा टल गया, जब मेले के लिए सामान ले जा रहा एक ट्रैक्टर संतुलन खो बैठा व पुल के पास खाई की ओर खतरनाक ढंग से झुक गया। घटना उस समय हुई जब वाहन उतराई वाले हिस्से से गुजर रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में मेले में लगाए जाने वाले झूले लदे हुए थे व वह मेला स्थल की ओर जा रहा था। अचानक नियंत्रण बिगड़ने के कारण वाहन सड़क के किनारे से फिसलकर खाई की तरफ लटक गया। उस समय ट्रैक्टर पर मौजूद दोनों व्यक्तियों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया व मिलकर ट्रैक्टर को नीचे गिरने से बचा लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हालांकि स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

चैत्र नवरात्र मेले में 'सुगम दर्शन' बना वरदान चिंतपूर्णी में 33 .51 लाख का राजस्व एकत्र

अनंत ज्ञान

विकास शर्मा, चिंतपूर्णी। विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले के दौरान लागू की गई 'सुगम दर्शन' प्रणाली श्रद्धालुओं के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है।

इस आधुनिक व्यवस्था ने जहां भीड़ प्रबंधन को सुगम बनाया है। वहीं, मंदिर न्यास की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मंदिर प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 19 से 30 मार्च तक महज 12 दिनों में 'सुगम दर्शन' पास के माध्यम से कुल 33,51,000 रुपए का राजस्व अर्जित किया गया। इसमें लेवल-3 श्रेणी (आम श्रद्धालु) से 30,50,000 रुपए, जबकि लेवल-2 श्रेणी (बुजुर्ग एवं दिव्यांग) से 3,01,000 रुपए की आय हुई है। मेले के शुरुआती 9 दिनों में 24.46 लाख रुपए का संग्रह हुआ, जबकि अंतिम तीन दिनों में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। 29 मार्च को रिकॉर्ड 1,494 पास बिके, जिससे 5,70,200 रुपए की आय हुई। वहीं 30 मार्च को भी 3,43,500 रुपए मंदिर न्यास के खाते में जमा हुए। प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए 'लेवल-2' पास मात्र 100 रुपए में उपलब्ध कराया गया है। वहीं आम श्रद्धालुओं के लिए 'लेवल-3' पास 300 और 500 रुपए की श्रेणी में निर्धारित किए गए हैं, जो भीड़ के अनुसार तय होते हैं। इस प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के दर्शन की सुविधा मिली, जबकि अन्य श्रद्धालु लंबी कतारों से बचते हुए सुगमता से माता के दरबार में हाजिरी लगा सके। प्रशासन की यह पहल श्रद्धालुओं के बीच खासा सराही जा रही है और भविष्य में भी इसे जारी रखने की उम्मीद जताई जा रही है।

'खेलो इंडिया' ट्राइबल गेम्स में हिमाचल के पहलवानों का दमदार प्रदर्शन, जीते कई पदक

'खेलो इंडिया' ट्राइबल गेम्स के विजेता खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। 'खेलो इंडिया' ट्राइबल गेम्स-2026 में हिमाचल प्रदेश के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन दोनों वर्गों में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए कई पदकों पर कब्जा जमाया।

फ्री स्टाइल कुश्ती में सुमित ठाकुर (86 किग्रा) ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि मोहित कुमार (97 किग्रा) ने रजत पदक जीता। वहीं, अब्दुल खान (57 किग्रा), अंकुश कुमार (74 किग्रा), शब्बीर खान (86 किग्रा) और हरपाल सिंह (125 किग्रा) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। ग्रीको रोमन वर्ग में पीयूष (87 किग्रा) और नवीश (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। अरफान खान (77 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया, जबकि अक्षय कुमार (67 किग्रा), टेक चंद (87 किग्रा) और साहिल (97 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। गर्ल्स फ्री स्टाइल में प्रियंका चौधरी (62 किग्रा) ने स्वर्ण पदक और मुस्कान (76 किग्रा) ने रजत पदक हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया। टीम की इस सफलता में कोच प्रिंस पठानिया और टीम मैनेजर अंकिता ठाकुर की अहम भूमिका रही।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के खतरों के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में मंगलवार को स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रितिका कौशल, सदस्यों व अभिभावकों की उपस्थिति में 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नॉन-बोर्ड कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने बताया कि इस वर्ष छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और अन्य छात्रों को मेहनत के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों को आरटीई अधिनियम 2009, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के खतरों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अनुचित साधनों से बचने और व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर भी चर्चा हुई। आगामी सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश 1 से 10 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के होंगे।

12 घंटे में सुलझी 35 लाख रुपए की चोरी हरोली पुलिस की बड़ी कामयाबी, आरोपी काबू

अनंत ज्ञान

नरेश सिंघा, टाहलीवाल। जिला ऊना पुलिस ने सुनार की दुकान में हुई बड़ी चोरी की वारदात का महज 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया व करीब 35 लाख रुपए के सोना-चांदी के गहने बरामद कर लिए। इस सफलता को सेंधमारी के मामलों में अब तक की सबसे बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जानकारी के अनुसार, 30 मार्च को पुलिस थाना हरोली के तहत सलोह चौक के पास 'भाई द मोड़' स्थित कौशल ज्वेलर्स के मालिक ने पुलिस चौकी पंडोगा में शिकायत दर्ज करवाई कि देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर सेफ में रखे लगभग 100 ग्राम सोना और 8 किलो चांदी के गहने चोरी कर लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सचिन हीरेमठ, एसडीपीओ हरोली मोहन रावत व थाना प्रभारी सुनील संख्यान मौके पर पहुंचे व जांच के लिए विशेष टीमें गठित कीं। ह्यूमन इंटेलिजेंस व तकनीकी सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए इस ब्लाइंड केस को सुलझा लिया। पुलिस ने आरोपी मान सिंह पुत्र रमाकांत पासवान निवासी परिहालपुर, पोस्ट ऑफिस को चाधामण, जिला किशनगंज (बिहार) को होशियारपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सभी गहने बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले इस क्षेत्र में राजमिस्त्री के रूप में काम कर चुका है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

कांग्रेस सरकार का बजट जनविरोधी: सतीश शर्मा

अनंत ज्ञान, ऊना/शिमला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संयोजक (बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) सतीश शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार के बजट को जनविरोधी बताते हुए इसे जनता के साथ विश्वासघात करार दिया। उन्होंने कहा कि बजट दिशाहीन है व इसमें विकास के प्रति कोई स्पष्ट नीति या दूरदृष्टि नजर नहीं आती। सतीश शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार ने किसानों, युवाओं, कर्मचारियों व व्यापारियों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है, जबकि वे पहले से ही महंगाई और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हैं। युवाओं के लिए रोजगार सृजन का भी कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि अप्रत्यक्ष करों व शुल्कों में बढ़ोतरी से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। साथ ही कर्मचारियों व पेंशनभोगियों की मांगों को भी नजरअंदाज किया गया है। भाजपा ने सरकार से बजट पर पुनर्विचार की मांग की है।

कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 तक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत अनुसूचित जाति युवाओं के लिए नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, शिमला के सहयोग से संचालित हो रहा है। आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने बताया कि दो पाठ्यक्रमों कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मूल सिद्धांत व ऑफिस ऑटोमेशन, अकाउंटिंग व पब्लिशिंग असिस्टेंट के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। दोनों पाठ्यक्रम तीन माह के हैं और न्यूनतम योग्यता क्रमशः स्नातक व 12वीं पास निर्धारित है। चयन मेरिट के आधार पर होगा, जिसमें बीपीएल अभ्यर्थियों को प्राथमिकता मिलेगी। 30 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 2000 रुपए वजीफा भी दिया जाएगा।

हिमाचल को 3920 करोड़ की सहायता वीरेंद्र कंवर ने जताया पीएम का आभार

अनंत ज्ञान

बंगाणा। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को 'प्राइड ऑफ हिल्स' योजना के तहत 3920 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने पर वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में वीरेंद्र कंवर ने कहा कि आरडीजी बंद होने के कारण हिमाचल प्रदेश को संभावित वित्तीय संकट का सामना करना पड़ सकता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'प्राइड ऑफ हिल्स' योजना शुरू कर राज्य को बड़ी राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा हिमाचल को अपना घर मानते रहे हैं व हर कठिन परिस्थिति में राज्य का सहयोग करते आए हैं। कंवर ने कहा कि पिछले कई दशकों से हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली अधिकांश केंद्रीय योजनाएं 60:40 के अनुपात में होती थीं, जिससे सीमित संसाधनों वाले पहाड़ी राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता था, लेकिन मोदी सरकार के दौरान इस अनुपात को 90:10 किया गया, जिससे प्रदेश के विकास कार्यों को गति मिल सकी है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर हिमाचल की बात तो करते हैं, लेकिन धरातल पर इसके लिए कोई ठोस योजना या प्रयास दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि पूर्व में शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल व जयराम ठाकुर की सरकारों ने हमेशा राज्य की आय बढ़ाने व विकास को गति देने के लिए योजनाएं बनाई थीं, जिससे आम जनता को निराशा का सामना नहीं करना पड़ा।

नगर निकाय वार्डों का आरक्षण सूची जारी

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशन अनुसार जिला ऊना के 6 नगर निकायों के वार्डों का आरक्षण सूची जारी कर दी गई है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि यह आरक्षण हिमाचल प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम, 2015 और नगर पालिका अधिनियम, 1994 के तहत निर्धारित किया गया है। वार्ड आरक्षण महिलाओं, अनुसूचित जाति और सामान्य श्रेणी के लिए पारदर्शी तरीके से किया गया है, ताकि सभी वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित हो सके। संतोषगढ़, मेहतपुर-बसदेहरा, अंब, गगरेट, दौलतपुर चौक और टाहलीवाल के वार्डों में विभिन्न वार्डों को महिला, एससी महिला, एससी और अनारक्षित श्रेणियों में बांटा गया है। उपायुक्त ने कहा कि आरक्षण प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुरूप है और आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कोलडैम ने बटवाड़ा में ओपन जिम का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। एनटीपीसी कोलडैम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत बटवाड़ा, जिला मंडी में ओपन जिम का उद्घाटन परियोजना प्रमुख एसएस राव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर एनटीपीसी कोलडैम की मानव संसाधन प्रमुख मंगला हरीन्द्रन, सीएसआर विभाग से वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. अंजुला अग्रवाल, सहायक प्रबंधक पूरन सिंह, कार्यकारी अरविंद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बटवाड़ा के प्रधानाचार्य रामलाल ठाकुर तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान नंदलाल ठाकुर उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर परियोजना प्रमुख एसएस राव ने ओपन जिम द्वारा एनटीपीसी कोलडैम के स्थानीय समुदायों के स्वास्थ्य व समग्र विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं व स्थानीय निवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। यह पहल एनटीपीसी कोलडैम की स्थानीय समुदायों के उत्थान और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ओपन जिम की स्थापना से क्षेत्र के बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों को शारीरिक फिटनेस एवं मनोरंजन के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। एनटीपीसी कोलडैम के इस प्रयास की स्थानीय समुदायों द्वारा खूब सराहना की गई।

शुरुआत हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में 'आर्ट ऑफ लिविंग यूथ प्रोग्राम'

80 स्टूडेंट्स को मिलेगा मानसिक सशक्तिकरण प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

आर्ट ऑफ लिविंग की बारीकियां सीखते विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। देश के पहले हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था द्वारा छह दिवसीय यूथ प्रोग्राम की शुरुआत एक ऐतिहासिक पहल के रूप में की गई है। इस शिविर में लगभग 80 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिनमें करीब 40 छात्राएं और 40 छात्र शामिल हैं।

कॉलेज के प्रिंसिपल उमेश राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक सुकांत पाल चौहान व संजीव हरनोट कर रहे हैं। इस दौरान कॉलेज के दो शिक्षक भी सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। शिविर के तहत विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, एकाग्रता बढ़ाने व समग्र व्यक्तित्व विकास से जुड़ी अहम जानकारी दी जा रही है। प्रतिस्पर्धी दौर में बढ़ते तनाव को देखते हुए यह पहल विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी मानी जा रही है। इस अवसर पर प्रशिक्षक सुकांत पाल चौहान ने कहा, 'देश के पहले हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में इस तरह का प्रोग्राम शुरू होना अपने आप में ऐतिहासिक है। आज के युवा मानसिक दबाव से जूझ रहे हैं, ऐसे में 'आर्ट ऑफ लिविंग' उन्हें तनाव से मुक्त होकर संतुलित व सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है, जब मन शांत और केंद्रित होता है, तभी विद्यार्थी अपनी वास्तविक क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए इसलिए जरूरी हैं, क्योंकि यह उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और जीवन के प्रति सही दृष्टिकोण विकसित करते हैं। कॉलेज प्रबंधन ने भी इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

कांग्रेस के कुछ नेता हिमाचल और पंजाब के बीच संबंधों में खटास पैदा करने का कर रहे प्रयास : सत्ती

अनंत ज्ञान

ऊना। ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा की बयानबाजी पर कड़ा पलटवार करते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के हितों की बात करने वाले नेताओं को अपने पुराने निर्णयों और तथ्यों को भी याद रखना चाहिए।

सत्ती ने कहा कि टोल टैक्स से प्रदेशवासियों को राहत दिलाने का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री जयराम के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने किया था, ऐसे में आज टोल टैक्स वृद्धि को सही ठहराने वाले कांग्रेस नेताओं को जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या टोल टैक्स में बढ़ोतरी का असर हिमाचल के टैक्सी चालकों, प्राइवेट बस ऑपरेटरों और अन्य व्यावसायिक वाहन चालकों पर नहीं पड़ेगा? क्या यह निर्णय सीधे तौर पर उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगा? विधायक ने आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 से 'आर्थिक सुधारों' के नाम पर प्रदेश की जनता पर लगातार बोझ डाला जा रहा है और अब यही असर टोल टैक्स के जरिए बाहरी राज्यों तक भी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीतियों और बयानों से हिमाचल प्रदेश की छवि पंजाब सहित अन्य राज्यों में प्रभावित हो रही है। सत्ती ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता अनावश्यक रूप से हिमाचल और पंजाब के बीच संबंधों में खटास पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं, जो प्रदेश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जहां प्रदेश के लोगों को टोल टैक्स से राहत दी, वहीं कांग्रेस यदि चाहती तो एक कदम आगे बढ़ाकर पड़ोसी राज्य पंजाब के लोगों को भी राहत दे सकती थी। इस दौरान सत्ती ने कांग्रेस नेता के राजनीतिक योगदान पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि 15 वर्षों की सक्रिय राजनीति के बावजूद विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर जनता आज भी जवाब मांग रही है। उन्होंने 19 नवंबर को जिला मुख्यालय पर हुए गोलीकांड का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना को कोई नहीं भूला है, जिसमें एक युवक की मौत हुई थी और कई युवक आज भी उसके प्रभाव से जूझ रहे हैं। सत्ती ने आरोप लगाया कि उस समय संबंधित नेता ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई और पीड़ितों के प्रति अनुचित टिप्पणियां कीं।

नगर निकाय चुनावों के लिए वार्डों के आधार पर आरक्षण रोस्टर जारी

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर। डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने आगामी नगर निकाय चुनावों के दृष्टिगत नगर परिषद और नगर पंचायतों के वार्डवार आरक्षण की सूची जारी की है। नगर परिषद श्री नयना देवी जी क्षेत्र में 7 वार्ड हैं, जिनमें वार्ड 4 दुर्गा एससी महिला, वार्ड 5 शीतला, वार्ड 6 शक्ति और वार्ड 7 अंबिका महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। वार्ड 1 देवी, वार्ड 2 तारा और वार्ड 3 कालिका अनारक्षित रहेंगे। घुमारवीं में 9 वार्डों में वार्ड 1 बड्डू, 2 इंदिरा, 8 टिकरी और 9 दकड़ी महिलाएँ आरक्षित हैं, जबकि वार्ड 6 जगदंबा एससी महिला और वार्ड 7 बजोआ अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वार्ड 3,4,5 अनारक्षित रहेंगे। नगर परिषद बिलासपुर के 11 वार्डों में 1,3,4,6,7 महिलाएं, 2 व 11 एससी/एससी महिला आरक्षित और 5,8,9,10 अनारक्षित हैं। नगर पंचायत तलाई में 7 वार्डों में वार्ड 6 महिलाएँ, 7 एसटी महिला, 4 एससी, जबकि अन्य वार्ड अनारक्षित रखे गए हैं। डीसी ने कहा कि यह आरक्षण नियमों के अनुसार किया गया है और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

धर्मांतरण देश की संप्रभुता को नष्ट करने का षड्यंत्र: साध्वी ऋतंभरा

कहा-हम सभी के जीवन का एक ही लक्ष्य भारत हो मजबूत, भगवान रघुनाथ जी के किए दर्शन

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि हम सभी के जीवन का एक ही लक्ष्य है भारत मजबूत हो, अखंड रहे भारत व समरसता की बयार बहे।

साध्वी ऋतंभरा अपने दो दिवसीय कुल्लू जिला के दौरे के दौरान मंगलवार को कुल्लू पहुंची। यहां पर उन्होंने भगवान रघुनाथ जी के मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह भी वहां मौजूद रहे। भगवान रघुनाथ के दर्शनों के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि हम सभी शत्रुओं से घिरे हुए हैं, वह आंतरिक व बाह्य शत्रु हैं और उससे पार पाने का एक ही तरीका है कि पूरा समाज संगठित रहे। भारत के लोगों से आग्रह करती हैं कि वे सभी आपसी सद्भावना के साथ रहें, ताकि कोई भी बाहरी या फिर आंतरिक शक्ति भारत को नुकसान न पहुंचा सके। वहीं, उन्होंने कहा कि माला तभी टूटती है, जब उसकी कड़ी कमजोर होती है इसलिए सबसे पहले तो हमें अपनी आंतरिक दुर्बलताओं को दूर करना चाहिए, दूसरा धर्मांतरण पर कड़ी रोक लगनी चाहिए।

साध्वी ऋतंभरा अपने दो दिवसीय कुल्लू जिले के दौरे के दौरान कुल्लू पहुंची। अनंत ज्ञान

प्रलोभन और पैसे से किसी को उसकी जड़ से अलग कर देना मैं तो इसको बहुत बड़ा पाप मानती हूं, क्योंकि विवशता से या प्रलोभन से या भ्रमित करके लोगों का जब धर्मांतरण होता है तब राष्ट्र अंतरण भी हो जाता है, जैसे आप किसी दूसरे धर्म में प्रवेश करते हो तो भारत के प्रति भारत भक्ति जो है वह शिथिल हो जाती है इसलिए धर्मांतरण एक भारी षड्यंत्र है, जो इस देश की जो संप्रभुता है, उसे नष्ट करने का षड्यंत्र है। इसलिए मैं सनातनियों से कहूंगी कि तुम मंत्रों के निर्माता हो पर षडयंत्रों के संघारी बनो, ताकि भारत अक्षुण रहे अखंड रहे और इसी तरह जो हमारी परंपराएं हैं जो हमारी संस्कृति है, जो विश्व में कहीं भी नहीं है इतनी विविधता है इसमें इतना सौंदर्य है। इसमें क्योंकि भौतिक जगत व्यक्ति को थका देता है। अंत तो परमात्मा के चरणों की शरण ही हमें सुख देती है। इसीलिए हमें अपने धर्म को संस्कृति को परंपरा को संस्कारों को संभाल के रखना है। मैं आपके माध्यम से पूरे सनातन जगत से आग्रह करती हूं कि जिस तरह आज हमारी पीढ़ी धर्म की शरण में आनंद पाती है, ऐसे हमारे आगे आने वाली पीढ़ियों जो एक बात कहूंगी सिलसिला ये बाद मेरे यूं ही चलना चाहिए, मैं रहूं या ना रहूं भारत यह रहना चाहिए इसलिए इस भाव के साथ अपने देश में काम करना है।

अटल टनल देश का गौरव

हमारा भारत जिस दिशा में प्रगति कर रहा है, उसका एक साक्षात उदाहरण यहां पर अटल टनल है। 10 किलोमीटर लंबी यह टनल, जो कि हमारे देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए एक अहम भूमिका निभा रही है। यह टनल देश का गौरव है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे हमारा देश भव्यता और दिव्यता की तरफ अग्रसर है।

भगवान के दर्शन करके यात्रा हुई संपन्न

उन्होंने कहा कि 30 वर्ष पहले वह भगवान रघुनाथ जी की शरण में कुल्लू आई थी, तब भी यहां विराट हिंदू समाज एकत्रित हुआ था व सारी देवसत्ता यहां पहुंची थी, वह स्मृतियां भी मुझे याद हैं। कुछ यादें ऐसी होती हैं, जिन्हें समय भी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि यहां की यात्रा बेहद आनंददायी यात्रा है। उन्होंने कहा कि भगवान रघुनाथ जी, भगवती जानकी, नर्सिंग व हनुमंत लाल के दर्शन करके यात्रा संपन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि भगवान रघुनाथ जी के दर्शन करके मन को जो शांति और अनुभूति हुई उसे बताने के लिए शब्द ही नहीं, कुछ अनुभूतियां ऐसी होती हैं, जिनके बारे में बताने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। देवभूमि पवित्रता और पावनता देती है। हिमाचल बहुत खूबसूरत है और कुल्लू में आज भी प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलती है।

डॉ. प्रेम लाल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, भुंतर। स्वास्थ्य विभाग में अपनी निस्वार्थ व समर्पित सेवाएं देने के बाद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेम लाल 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर आयोजित समारोह में स्टाफ सदस्यों व सहकर्मियों ने उन्हें विदाई दी व उनके उज्ज्वल व सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं, साथ ही उनके शानदार कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं डॉ. प्रेम लाल के परिवार की ओर से इस शुभ अवसर पर जेजे रिजॉर्ट, शमशी में प्रीतिभोज का भव्य आयोजन किया गया। इसमें स्टाफ सहित रिश्तेदारों व मित्रगणों ने भारी संख्या में भाग लेकर डॉ. प्रेम लाल को सेवानिवृत्ति की बधाई व शुभकामनाएं दीं। वहीं, भुंतर सुधार समिति ने भी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेम लाल को टोपी मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर उन्हें बधाई दी। भुंतर सुधार समिति के प्रधान रोशन लाल व फाउंडर मेंबर मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि डॉ. प्रेम लाल सेवाकाल के दौरान अपने काम के प्रति ईमानदार रहे।

लाहौल-स्पीति की शांशा पंचायत को एक करोड़ रुपए का राष्ट्रीय पुरस्कार

अनंत ज्ञान

◆ डीसी किरण भड़ाना के नेतृत्व में मिली मजबूत पहचान

ब्यूरो, केलांग। डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना के कुशल, दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में जिले ने एक बार पुन: राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गुणवत्तापूर्ण छवि स्थापित की है। केंद्र सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार की श्रेणी 'सामाजिक न्यायपूर्ण एवं सामाजिक सुरक्षित पंचायत' में विकास खंड लाहौल की ग्राम पंचायत शांशा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

पंचायतीराज मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. विजय कुमार बेहरा द्वारा 30 मार्च को जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से यह घोषणा की गई। इस उपलब्धि के तहत ग्राम पंचायत शांशा को राष्ट्रीय स्तर पर 1 करोड़ रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जो सीधे पंचायत के विकास खाते में जमा की जाएगी।उपायुक्त ने बताया कि देशभर से चयनित कुल 27 ग्राम पंचायतों में शांशा पंचायत 'सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा' श्रेणी के टॉप3 में शामिल होकर लाहौलस्पीति जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने जिले के सभी विकास खंडों की पंचायतों को समाज के विभिन्न वर्गों तक योजना लाभ की समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं तथा ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी सहयोग, डिजिटल लेखांकन, आधारआधारित लाभार्थी सूचियों का जांच पुन: जांच तथा ग्राम सभा आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। डीसी किरण भड़ाना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह पूरे लाहौल-स्पीति जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने ग्राम पंचायत शांशा को हार्दिक बधाई दी तथा कहा कि इस प्रकार के पुरस्कारों से जिले की अन्य पंचायतों को भी अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन जिले के समान विकास के लिए तथा हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यूज ब्रीफ

10 अप्रैल तक करें प्रशिक्षण के लिए आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू में अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत निशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 31 मार्च से बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दी गई है। यह जानकारी जिला कल्याण अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम सशक्तिकरण निदेशालय, हिमाचल प्रदेश तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, शिमला के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण अप्रैल 2026 में राज इंट्रा टेक, ढालपुर (जिला न्यायालय के समीप) में संचालित होगा। प्रशिक्षण के अंतर्गत 'कॉन्सेप्ट्स ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी' तथा 'ऑफिस ऑटोमेशन, अकाउंटिंग एंड पब्लिशिंग' जैसे कोर्स शामिल हैं। दोनों पाठ्यक्रमों की अवधि 3-3 माह निर्धारित की गई है। योजना के तहत आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का अनुसूचित जाति वर्ग से हो, हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी हो तथा आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। चयन 10+2 अथवा स्नातक अंकों के आधार पर मेरिट के अनुसार किया जाएगा। बीपीएल अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा 30 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखी गई हैं। पात्र युवाओं से अपील की है कि वे बढ़ाई गई अंतिम तिथि का लाभ उठाते हुए समय पर आवेदन करें और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर अपने कौशल का विकास करें।

अरछंडी स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। राजकीय प्राथमिक पाठशाला अरछंडी में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा और 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया, जिसमें एसएमसी अध्यक्ष मनोहर ठाकुर और सचिव हेमराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र नामांकन में वृद्धि और शौचालय निर्माण जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचागत विषयों पर अभिभावकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। वार्षिक परीक्षा परिणामों में छात्राओं ने अपना दबदबा कायम रखा, जिसमें कक्षा 6वीं से कामाक्षी, 7वीं से कृतिका, 8वीं से अर्पिता और 9वीं से लक्षित्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को रिपोर्ट कार्ड और पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। वहीं, मुख्याध्यापक और शिक्षक रविंद्र सिंह गुलेरिया सहित अन्य स्टाफ ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अभिभावकों से शिक्षा में निरंतर सहयोग का आह्वान किया। इस आयोजन में कृष्णा लाल, कणु देवी, अनिता शर्मा और शारदा देवी सहित भारी संख्या में अभिभावकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।

सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति कुल्लू की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश भंडारी, अधिशाषी अभियंता लोनिवि कुल्लू बीएस नेगी सहित शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई के अधिकारी तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

ओलवा स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान आनी। शिक्षा खंड आनी के दलाश क्लस्टर के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय ओलवा में वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा। विशेष रूप से कक्षा 8 की दिव्या शर्मा ने 800 में से 758 अंक प्राप्त कर पूरे क्लस्टर में प्रथम स्थान हासिल किया। सानवी शर्मा ने 752 अंक लेकर दूसरा तथा अनुष्का ने 740 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनमोहन शर्मा ने बताया कि कई विद्यार्थियों ने 700 से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार अधिकांश विद्यार्थी सफल घोषित हुए हैं और परिणाम संतोषजनक रहा है। प्रधानाचार्य ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर में शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परिणाम सुनाया गया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

इसमें फर्स्ट से नौवीं व प्लस वन के बच्चों व अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सबसे बुजुर्ग अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया। उसके पश्चात प्रधानाचार्य विजेता ठाकुर ने आगामी सत्र की जानकारियां अभिभावकों से साझा की। तत्पश्चात विद्यालय के परीक्षा प्रमुख सुभाष ने सभी के परिणाम सुनाए। इसके लिए विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष विजय सेन ने सभी को शुभकामनायें दीं। स्कूल की प्रधानाचार्या विजेता ठाकुर ने बताया नए सत्र में नवीन प्रवेश 10 अप्रैल 2026 तक रहेगा।

कुल्लू व मनाली के विधायकों के लिए दु:ख का दिन

कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर के पिता व मनाली के विधायक के भाई का आकस्मिक निधन

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान कुल्लू/पतलीकूहल। जिला कुल्लू के मनाली व कुल्लू विधानसभा क्षेत्रों के दोनों विधायकों के लिए मंगलवार का दिन बेहद दुखद रहा है।

दोनों प्रमुख परिवारों में पिता व भाई के आकस्मिक निधन हुए हैं। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई बुद्धिश्वर गौड़ का निधन भी शामिल है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। बुद्धिश्वर गौड़ का मंगलवार सुबह पीजीआई चंडीगढ़ में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही मनाली विधानसभा क्षेत्र में लोग स्तब्ध रह गए। उनका पार्थिव शरीर दोपहर करीब 12:25 बजे कटराईं स्थित उनके निवास 'गौड़ निवास' लाया गया। यहां घाटी के सैकड़ों लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। बाद में दुआड़ा स्थित ब्यास और फोजल नदी संगम पर उनके पुत्र अदित्य कृष्ण गौड़ ने उन्हें मुखाग्नि दी। बुद्धिश्वर गौड़ का रुझान राजनीति की बजाय बागवानी की ओर अधिक था। उनके पिता स्वर्गीय राजकृष्ण गौड़ और छोटे भाई भुवनेश्वर गौड़ सक्रिय राजनीति में रहे, जबकि बुद्धिश्वर अपना अधिकांश समय बाग-बगीचों में बिताते थे। वे अपने मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। चुनावों के दौरान वे कांग्रेस के समर्थन में लोगों से जुड़ते थे, लेकिन सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए रखते थे। उनकी सादगी और ईमानदार छवि ने गौड़ परिवार को क्षेत्र में एक मजबूत पहचान दिलाई। इसी बीच कुल्लू सदर



ठाकुर जोग ध्यान।

बुद्धिश्वर गौड़।

विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता ठाकुर जोग ध्यान का भी आज सुबह निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। लगघाटी क्षेत्र में उन्हें 'जोगू ठेकेदार' के नाम से जाना जाता था। एक सफल ठेकेदार के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उन पर पहाड़ी गीत भी बनाए गए, जो आज भी क्षेत्र में लोकप्रिय हैं।

उधर, कुल्लू जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद, निवर्तमान महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू एवं मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कुल्लू उत्तम शर्मा, तेजा ठाकुर निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष बंजार, शिव सोहेल पूर्व कोषाध्यक्ष डीसीसी कुल्लू, संजीवधार निवर्तमान उपाध्यक्ष डीसीसी सहित मुकेश महंत, राहुल बौद्ध, दयाल ठाकुर, कैप्टन ताराचंद, राजेश सेठ, राकेश ठाकुर, कुब्जा ठाकुर, ऊष्मज शर्मा, मोहलता, अमीना राज गौर, हेमा शर्मा, रघुनाथ शर्मा, दिग्विजय, नगर परिषद कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनु शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की है। वहीं,व्यापार मंडल कुल्लू के प्रधान मदन लाल सूद ने व्यापार मंडल की ओर से गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा जोग ध्यान का जाना हमारे समाज और व्यापारिक जगत के लिए एक बड़ा आघात है। वे एक मार्गदर्शक के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। इस कठिन समय में हम विधायक सुंदर सिंह ठाकुर और उनके पूरे परिवार के साथ खड़े हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जताई संवेदना

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दोनों निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह समाचार अत्यंत पीड़ादायक है और इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं दोनों परिवारों के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।

गोविंद सिंह ठाकुर ने भी दी श्रद्धांजलि

मनाली के पूर्व विधायक गोविंद सिंह ठाकुर ने भी दोनों दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ठाकुर जोग ध्यान को एक प्रतिष्ठित समाजसेवी व सफल व्यवसायी बताया, वहीं बुद्धिश्वर गौड़ के निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया।

किराये के मकान में चल रहा था नशे का कारोबार, गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के बदाह में किराये के मकान में नशे का कारोबार करने वाले आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कुल्लू थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बदाह क्षेत्र में एक किराये के मकान में नशीले पदार्थों का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बदाह निवासी विश्वदेव शर्मा के मकान की पहली मंजिल पर छापा मारा, जहाँ संदीप वासुदेव (40 वर्ष) किराये पर रह रहा था। कमरे की तलाशी के दौरान पुलिस को 7.12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

एसपी कुल्लू ने मामले की जांच करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अब आरोपी से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह यह नशा कहां से लाया था और इस काले कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

38 बैंक सखी महिलाओं को किया प्रशिक्षित

अनंत ज्ञान

आनी। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कुल्लू के माध्यम से आनी व निरमंड ब्लॉक में दो दिवसीय बैंक सखी रिफ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें 38 बैंक सखी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को बैंक सखियों के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाना रहा। इस दौरान बैंक सखियों को उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि बैंक सखी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी प्रशिक्षित महिलाएं होती हैं, जो बैंकों और ग्रामीण समुदाय के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हुए खाता खोलने, ऋण सुविधा तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती हैं। गौरतलब है कि बैंक सखियां दूरस्थ क्षेत्रों में घर बैठे बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवा रही हैं, जिससे लोगों को बैंकों तक जाने की आवश्यकता कम हो रही है और

बैंक सखी रिफ्रेशर कार्यक्रम के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

बैंकिंग प्रणाली में विश्वास भी मजबूत हो रहा है। 'एक ग्राम पंचायत, एक बीसी सखी' कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत की परिकल्पना के तहत प्रत्येक ग्राम समूह तक बैंकिंग सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर पीएनबी आरसेटी के निदेशक चंद्र नारायण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बैंक सखियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जल्द ही बैंकों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्राम समूह तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम समन्वयक सौरन उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षित बैंक सखियों की बैंकों में नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करेगी।

कौशल विकास भत्ता योजना के तहत सितंबर 2024 तक 24501 लाभार्थियों ने उठाया लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। डीसी कुल्लू ने कौशल विकास भत्ता योजना, के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। कौशल विकास भत्ता योजना, 2013 के तहत आईटी और गैर-आईटी संस्थानों के अगले शैक्षणिक सत्र के लिए नवीनीकरण को मंजूरी देने के लिए जिला स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय समिति अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपायुक्त ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इस योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान कर रहे सभी संस्थान आवश्यक मापदंडों को पूरा करते हैं और गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना जारी रखते हैं। बैठक में संस्थानों द्वारा प्रस्तुत नवीनीकरण आवेदनों और सहायक दस्तावेजों की समीक्षा और चर्चा की गई। समिति द्वारा विचार-विमर्श के बाद, जिला स्तरीय समिति नवीनीकरण के पर निर्णय लिया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि इस योजना के अंतर्गत जिला कुल्लू में विभिन्न व्यवसायों के अंतर्गत सितंबर, 2024 तक 24501 लाभार्थियों ने लाभ प्राप्त किया है वर्ष, 2013 से सितंबर, 2024 तक इस योजना पर 30 करोड़ 39 लाख रुपए की राशि का आवंटन किया गया है।

संगम अनंत बालू नाग 14 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जगती पट्ट पहुंचे

आस्था, भक्ति व उत्साह के रंग में रंगा पतलीकूहल

अनंत ज्ञान

मोहन कपूर, पतलीकूहल। पतलीकूहल में हिमाचल की देव परंपरा, आस्था और संस्कृति का एक अद्भुत संगम एक बार फिर देखने को मिला, जब कुल्लू जिले के आराध्य देव अनंत बालू नाग 14 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मंगलवार को नग्गर जगती पधारे। देवता के आगमन से पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह के रंग में रंग गया।

देवता अपने देव रथ व हरियानों सहित जब नग्गर जगती पहुंचे, तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जगती पट मंदिर में भक्तों ने श्रद्धा से शीश नवाकर देव आशीर्वाद प्राप्त किया। ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों व जयकारों के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। देव अनंत बालू नाग की यह पावन यात्रा 28 मार्च को उनके मूल देवालय तांदी (बंजार) से आरंभ हुई थी। यह देव यात्रा कुल्लू और मंडी जिलों की प्रमुख धार्मिक परंपराओं में से एक मानी जाती है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और लोक रीति-रिवाजों का निर्वहन किया जाता है।

स्थानीय जनमान्यता के अनुसार, देव अनंत बालू नाग भगवान लक्ष्मण के अवतार माने जाते हैं, जो स्वयं भगवान राम के अनुज हैं। यही कारण है कि भक्तों के हृदय में इस देवता के प्रति अटूट श्रद्धा व विश्वास है। देवता के कारदार व पुजारी ख्याति राम के अनुसार, यह संपूर्ण यात्रा देव आज्ञा से ही संपन्न हो रही है। नग्गर जगती में देव कारबाई (धार्मिक अनुष्ठान) के पश्चात देवता मनाली के पवित्र स्थल वशिष्ट के लिए प्रस्थान कर चुके हैं, जहां वे शाही स्नान करेंगे। इस पवित्र स्नान के उपरांत देवता पुन: अपने मूल देवालय लौट जाएंगे। इस दिव्य यात्रा ने न केवल क्षेत्र में धार्मिक चेतना को जागृत किया है, बल्कि लोगों के बीच आपसी एकता, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त किया है। श्रद्धालुओं के लिए यह अवसर किसी महापर्व से कम नहीं, जहां आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

केंद्र से हिमाचल को मिली 3,920 करोड़ रुपए की विशेष सहायता, भाजपा ने जताया आभार

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पहाड़ी राज्यों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 'प्राइड ऑफ हिल्स पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष विकासात्मक सहायता' योजना की शुरुआत करते हुए हिमाचल प्रदेश को 3,920 करोड़ की विशेष सहायता प्रदान की है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने इस महत्वपूर्ण निर्णय पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता हिमाचल के विकास को नई गति देने वाली है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, प्रदेशध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, हिमाचल के सभी सांसदों व भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा केंद्र सरकार से बार-बार किए गए आग्रह और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप ही यह योजना विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों के लिए प्रारंभ की गई है, जिसका सीधा लाभ हिमाचल प्रदेश को मिला है। अखिलेश कपूर ने कहा कि यह राशि प्रदेश में सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, जलापूर्ति तथा अन्य आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति देगी। उन्होंने पीएम मोदी, समस्त केंद्रीय नेतृत्व व केंद्र सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार पहाड़ी राज्यों के समग्र विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को लगभग 65750 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है, जो प्रदेश के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा जहां एक ओर केंद्र सरकार लगातार हिमाचल के विकास के लिए सहायता प्रदान कर रही है। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता पर टैक्स का बोझ डाल रही है। हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा एंट्री टैक्स लगाने के साथ-साथ पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक भार बढ़ा है। अखिलेश कपूर ने इन फैसलों का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि जनता विरोधी इन निर्णयों को तुरंत वापस लिया जाए।

दुआड़ा स्कूल में संगम युवक मंडल ने मेधावियों को नवाजा

शिक्षा के प्रति उत्साह जगाने और नशे से दूर रहने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। उझी घाटी के ग्राम शामन दुआड़ा के संगम युवक मंडल द्वारा मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुआड़ा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी युवक मंडल ने परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को इनाम देकर उनकी शैक्षणिक उपलब्धि को सराहा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में घनश्याम कपूर उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया। परीक्षा परिणामों की बात करें तो पांचवीं कक्षा में मानवी व हरशिव ने प्रथम, रेहान और मिताली ने द्वितीय तथा मनकुमारी और उर्मिला ने तृतीय स्थान हासिल किया। चौथी कक्षा में महेश प्रथम, राम, कुंज व दिव्यांगना द्वितीय तथा समीर तृतीय स्थान पर रहे। तीसरी कक्षा में लक्षित और समीक्षा ने प्रथम, अनुभव ने द्वितीय और एंजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी कक्षा में अनाया प्रथम, विकास द्वितीय और प्रिपना तृतीय रही। वहीं पहली कक्षा में दिक्षा और रिषिका प्रथम, पुरवंशी और आशीष द्वितीय तथा कार्तिक तृतीय स्थान पर रहे। छोटे बच्चों के वर्ग में नर्सरी से प्रियांशी प्रथम, मितांश नेगी द्वितीय और अनिरुद्ध नेगी तृतीय रहे। एलकेजी में चारुषी भल्ला प्रथम, गौरव ठाकुर द्वितीय और विवेक थापा तृतीय स्थान पर रहे, जबकि यूकेजी में सानवी ने प्रथम, वंश ने द्वितीय और रिशु ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

बच्चे, शिक्षकों के साथ युवक मंडल के सदस्य।

इस अवसर पर संगम युवक मंडल के प्रधान प्रवीन कुमार, उपप्रधान मनीष कुमार, सचिव साहिल, निखिल, कार्तिक, अविनाश, सूरज कुमार, अखिल, कृष्ण कुमार व साहिल सहित कई सदस्य मौजूद रहे। युवक मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई के प्रति आकर्षित करना व उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर शिक्षा व खेल के क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल करने का आह्वान किया।

सपरून में बनेगा फुटओवर ब्रिज तीन महीने में कार्रवाई के निर्देश

- स्कूली बच्चों; राहगीरों, स्थानीय लोगों को राहत की उम्मीद
- मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संबंधित विभाग को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। नेशनल हाईवे-5 के तहत सोलन के सपरून में फुटओवर ब्रिज निर्माण की उम्मीद जगी है। यहां फोरलेन बनने के बाद सड़क की बैरिकिटिंग किए जाने से स्थानीय लोगों को सड़क क्रॉसिंग की समस्या खड़ी हो गई है।

सपरून में बहार से आने वाली बसों का स्टॉपेज प्वाइंट होने के चलते यहां दिन-रात लोगों को सड़क के एक छोर से दूसरे छोर आना-जाना लगा रहता है। बैरिकिटिंग के चलते स्कूली बच्चों और सोलन आने-जाने वाले यात्रियों को सड़क से घुमकर बस स्टॉपेज और ऑटो स्टैंड तक पहुंचना पड़ता है। चिंता की बाद है कि लोग रेलिंग के नीचे से जोखिम उठाकर सड़क क्रॉस कर रहे हैं। वार्ड-14 के लोगों ने इस मुद्दे को नगर निगम के समाधान शिविर में जोर-शोर से उठाया था। इस पर संज्ञान लेते हुए पूर्व मेयर और स्थानीय पार्षद राजीव कौड़ा ने मामला प्रदेश के लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के समक्ष रखा। मंत्री ने वस्तुस्थिति को समझते हुए प्रमुख निजी सचिव के माध्यम से एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी को पत्र जारी कर आगे तीन महीनों ने अंदर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

सोलन के सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ। अनंत ज्ञान

जंक्शन प्वाइंट सपरून : एनएचएआई ने फोरलेन निर्माण के बाद कई कस्बों में तो फुटओवर ब्रिज और पैदल पथ बनाए, लेकिन शहर की अति संवेदनशील जगहों पर अभी तक कुछ नहीं हुआ। इसमें सपरून भी शामिल है। सपरून शहर का जंक्शन प्वाइंट है। इसी स्थान से लोग चंडीगढ़, शिमला, और उपनगरों तक आने-जाने के लिए बसें इत्यादि लेते हैं।

पांच साल बीते, पर निर्माण अधर में : नगर निगम ने एनएचएआई से सपरून और बाईपास पर डीएवी व गुरुकुल स्कूल के पास फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग की है, लेकिन पांच साल बीतने को हैं, फुटपाथ का निर्माण भी अधर में लटका हुआ है।

स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को परेशानी

सपरून बाईपास पर डीएवी और गुरुकुल स्कूल जाने वाले बच्चों को बस स्टॉप तक पहुंचने में भारी दिक्कत हो रही है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पार करना जानलेवा साबित हो रहा। बुजुर्गों को भी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। राहगीर बताते हैं कि फुटओवर ब्रिज न होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। एनएचएआई ने फैंसिंग तो लगा दी, लेकिन पैदल यातायात की व्यवस्था नहीं की।

राजीव कौड़ा, पूर्व डिप्टी मेयर व पार्षद वार्ड-14 सोलन।

सपरून में फोरलेन पर फुटओवर ब्रिज निर्माण को लेकर लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मांग पत्र सौंपा गया था। मंत्री ने लोगों की सुरक्षा को देखते हुए संबंधित विभाग को फुटओवर ब्रिज निर्माण के निर्देश दिए हैं। उम्मीद है कि जल्द लोगों को फुटओवर ब्रिज की सुविधा मिल जाएगी।

व्यावसायिक सिलेंडर का कोटा बढ़ाने को सरकार की नई प्रक्रिया लागू

होटल-ढाबे वालों को करना होगा लिखित आवेदन: डीसी

अनंत ज्ञान

नाहन। जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अनियमित आपूर्ति के कारण होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालक और छोटे खाद्य व्यवसायी इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। स्थिति को देखते हुए सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों का कोटा बढ़ाने का निर्णय लिया है, लेकिन इसके साथ नई प्रक्रिया भी लागू की गई है। जिला उपायुक्त प्रियंका वर्मा के अनुसार अब सभी व्यावसायिक उपभोक्ताओं को अपनी मासिक गैस आवश्यकता का विवरण लिखित आवेदन के माध्यम से संबंधित गैस एजेंसी के जरिए ओएनजीसी को देना अनिवार्य होगा। निर्देशों के अनुसार फिलहाल अस्पतालों और स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति की जा रही है, जिससे अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर दबाव बढ़ गया है।

कई दुकानदार कमर्शियल सिलेंडर न मिलने की शिकायत तो कर रहे हैं, लेकिन निर्धारित प्रक्रिया के तहत लिखित मांग प्रस्तुत नहीं कर रहे, जिसके कारण उन्हें आपूर्ति नहीं मिल पा रही।

150 से अधिक कमर्शियल सिलेंडर वितरित

नई व्यवस्था के तहत पिछले तीन महीनों की खपत का आकलन कर ही सिलेंडर आवंटित किए जाएंगे। प्रशासन के अनुसार अब तक इस प्रक्रिया के माध्यम से 150 से अधिक कमर्शियल सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं, जिससे उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में समस्या में सुधार होगा।

द लॉरेंस स्कूल सनावर की पहल: सरकारी स्कूल में 3 शौचालयों का निर्माण शुरू

मिसाल : छात्रों के श्रमदान से स्वच्छता की ओर कदम

- सनावर सर्विस प्रोजेक्ट के तहत 15 दिनों में पूरा होगा कार्य

अनंत ज्ञान

सोलन। द लॉरेंस स्कूल सनावर ने सामुदायिक सेवा और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए परिसर स्थित एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के लिए तीन शौचालयों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। इसमें स्कूली छात्रों ने भी श्रमदान कर मिसाल पेश की। यह निर्माण कार्य सनावर सर्विस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जा रहा है, जो विद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर द लॉरेंस स्कूल सनावर के लगभग 20 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रमदान के माध्यम से सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के हेडमास्टर हिमंत सिंह ढिल्लों की उपस्थिति में हुआ। द लॉरेंस स्कूल, सनावर की हेड गर्ल मानसी कश्यप ने रिबन काटकर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। यह परियोजना आगामी 15 दिनों में पूर्ण होने की अपेक्षा है, जिससे सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता एवं सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार होगा। इस अवसर पर हेडमास्टर ने कहा कि यह पहल हमारे विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने का एक सार्थक प्रयास है।

श्रमदान करते स्कूली छात्र। अनंत ज्ञान

न्यूज ब्रीफ

नाहन में सड़कों पर पशु छोड़ने वालों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला मुख्यालय नाहन में सड़कों पर बढ़ती बेसहारा पशुओं की संख्या परेशानी का सबब बनी हुई है। वहीं प्रशासन अब सड़कों पर पशु छोड़ने वाले पशु मालिकों के खिलाफ सख्ती से निपटने की तैयारी में है। एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि प्रशासन समस्या को लेकर गंभीर और गत वर्ष भी बड़ी संख्या में बेसहारा पशुओं को गौशाला पहुंचाया गया था। उन्होंने कहा कि नगर परिषद, पुलिस और पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों पर घूम रहे टैग लगे पशुओं से टैग के जरिए उनके मालिकों की पहचान की जाए और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। एसडीएम ने यह भी कहा कि त्रिलोकपुर में मंदिर न्यास के सहयोग से करीब 15 बीघा भूमि पर गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। जहां पहले चरण में ढाई सौ पशुओं के रखने की व्यवस्था होगी और बाद में इसकी क्षमता 1000 तक बढ़ाई जाएगी।

हिमाचल प्री-स्कूल संघ ने स्कूलों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश प्री-स्कूल संघ ने स्कूलों के लिए जारी गाइडलाइन के उल्लंघन का आरोप लगाया है। अध्यक्ष रचना दलीवाल ने कहा कि शिमला और सोलन जिलों में निजी स्कूलों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) मानदंडों के कार्यान्वयन में मनमानी की जा रही है। इससे बच्चों के लिए तय मापदंड का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवंबर में शिमला और सोलन के उपायुक्तों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) द्वारा एक आधिकारिक एडवाइजरी जारी की गई थी, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि कोई भी प्री-स्कूल या शैक्षणिक संस्थान निर्धारित नामांकन सीमा से अधिक छात्रों को प्रवेश नहीं देगा। दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्र-शिक्षक अनुपात 1:20 का कड़ाई से पालन, सुनिश्चित गुणवत्ता देखभाल, सुरक्षा और छोटे बच्चों के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कई संस्थानों ने कथित तौर पर प्रति कक्षा 20 से अधिक छात्रों को प्रवेश दिया है, जिससे अनिवार्य बाल्य-अभिभावक अनुपात का उल्लंघन हुआ है और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा का मानक खतरे में पड़ गया है। विभाग ने सोलन में पहले ही जांच शुरू कर दी है, जो जवाबदेही सुनिश्चित करने और शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। शिमला जिले में समान चिंताओं को देखते हुए प्री-स्कूल संघ संबंधित अधिकारियों से शिमला जिले में भी पूर्ण जांच कराने का पुरजोर आग्रह करता है।

सोलन में आज धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार होंगे मुख्य वक्ता

अनंत ज्ञान, सोलन। विश्व हिंदू परिषद जिला सोलन द्वारा 'धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम' का भव्य आयोजन आज (बुधवार) को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोलन के मुरारी मार्केट, मॉल रोड में सायं 3 बजे आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। जिला अध्यक्ष देव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आलोक कुमार (अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और धर्म रक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों एवं समाज की एकता पर अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राणा रणजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि गौतम सुराणा, कार्यक्रम अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता तथा विशेष अतिथि दीपक वर्मा भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य धर्म रक्षा हेतु निधि समर्पण के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाना और लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को गति देने पर भी जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक वैद्य राम कुमार बिंदल (विश्व हिंदू परिषद संरक्षक) ने बताया कि यह आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का प्रयास है।

नाहन बना सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाओं का उभरता नया केंद्र

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन अब केवल प्रशासनिक और शैक्षणिक केंद्र ही नहीं, बल्कि तेजी से उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के नए केंद्र के रूप में भी उभरता नजर आ रहा है। सरकारी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज जैसी सुविधा के बाद अब निजी स्वास्थ्य क्षेत्र ने भी जिले में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है। इसी दिशा में निर्मल हेल्थ केयर सेंटर और अल्केमिस्ट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने मिलकर नाहन में सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी सेंटर शुरू कर एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा की सौगात दी है। नाहन स्थित एनएचएस क्लिनिक एंड फार्मेसी में शुरू हुई इस नई सुविधा से अब जिला सिरमौर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को कई गंभीर और जटिल बीमारियों के लिए बार-बार चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली, देहरादून या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अब मरीजों को हार्ट, किडनी, न्यूरोलॉजी, कैंसर, जॉइंट रिप्लेसमेंट, ऑर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी जैसे जटिल रोगों के लिए विशेषज्ञ परामर्श और उपचार से जुड़ी उन्नत चिकित्सा मार्गदर्शन सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन अब 10 अप्रैल तक

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा लागू की गई केंद्र प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत अनुसूचित जाति श्रेणी के योग्य उम्मीदवारों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा ऑफिस ऑटोमेशन जैसे आधुनिक विषय के लिए आवेदन की तिथि को 31 मार्च से बढ़ा कर 10 अप्रैल कर दिया गया है ताकि अधिक पात्र उम्मीदवारों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदन करने का अवसर मिल सके। यह जानकारी जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी ने दी। इच्छुक आवेदक को अपना आवेदन जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय नाहन अथवा तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में 10 अप्रैल से पूर्व जमा कराने होंगे।

आरटीओ ऑफिस के नीचे किराये के कमरे से चिट्टा बरामद, आरोपी धरा

अनंत ज्ञान

नाहन। आरटीओ ऑफिस के नीचे किराये के मकान में चल रहे नशीले पदार्थों को बेचने के कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए वाल्मीकि बस्ती निवासी आरोपी से 3.20 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि सोमवार को डिटेक्शन टीम को सूचना मिली कि आरटीओ ऑफिस के नीचे अनिल कुमार नाम का एक व्यक्ति किराए के कमरे में चिट्टा बेचने का धंधा करता है और आज स्थानीय युवकों को नशा बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी से 3.20 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन जारी है।

पांवटा में 2.63 ग्राम स्मैक के साथ व्यक्ति पकड़ा

अनंत ज्ञान, नाहन। पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम गश्त के दौरान गर्ल्स स्कूल के पास मौजूद थी, तभी एक व्यक्ति पुलिस को सामने देखकर भागने लगा, पुलिस ने तुरंत उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी से 2.63 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की गई। आरोपी की पहचान राकेश कुमार (32 वर्ष), निवासी गांव बायां कुआं, तहसील पांवटा साहिब के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना पांवटा साहिब में मामला दर्ज किया गया है और और मामले की गहन जांच जारी है।

सुक्खू सरकार का फैसला : मेंबर सेक्रेटरी प्रवीण गुप्ता रिटायर, सेवा विस्तार नहीं

पर्यावरण प्रेमी कृष्ण कुमार कसाना ने कहा, गुप्ता की कार्यशैली नहीं थी ठीक

अनंत ज्ञान

बीबीएन। सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार द्वारा सेवा विस्तार न देने के फैसले को व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है। पर्यावरण प्रेमी कृष्ण कुमार कसाना ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने अपने वादे के अनुरूप स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा था कि दागी छवि वाले और सेवा विस्तार पर चल रहे अधिकारियों को तुरंत हटाया जाएगा। ऐसे में यदि मेंबर सेक्रेटरी प्रवीण गुप्ता को सेवा विस्तार दिया जाता, तो सरकार की मंशा पर सवाल खड़े हो सकते थे, लेकिन सेवा विस्तार न देकर सरकार ने अपनी नीति को स्पष्ट कर दिया है। बताया जा रहा है कि प्रवीण गुप्ता ने मंगलवार को शिमला में अपना कार्यकाल पूरा कर आधिकारिक रूप से सेवानिवृत्ति ले ली। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद अब बद्दी क्षेत्र के लिए नए क्षेत्रीय अधिकारी और मेंबर सेक्रेटरी (प्रदूषण नियंत्रण) की नियुक्ति जल्द होने की उम्मीद है।

पर्यावरण प्रेमी कृष्ण कसाना ने मांग उठाई है कि क्षेत्र में एक ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारी की तैनाती की जाए, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवीण गुप्ता के सेवानिवृत्त होने से इंडस्ट्री को राहत मिली है। अब सभी की निगाहें नए अधिकारी की नियुक्ति टिकी हैं। गौरतलब है कि प्रवीण गुप्ता के खिलाफ विजिलेंस में शिकायत भी दी गई थी। यह शिकायत कृष्ण कुमार कसाना द्वारा की गई थी, जिसमें आय से अधिक संपत्ति से जुड़े आरोप और संपत्ति का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया था।

जानकारी के अनुसार विजिलेंस थाना बद्दी ने इस संबंध में रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी थी, लेकिन अब तक इस मामले में कोई अंतिम कार्रवाई सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आ सकी है।

एंबुलेंस रोड निर्माण को लेकर विधायक संजय अवस्थी से मिले ग्रामीण

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। पंचायत रौड़ी के अंतर्गत गांव खाता के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से विधायक संजय अवस्थी से मुलाकात कर एंबुलेंस रोड के शिलान्यास के लिए समय निर्धारित करने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क गांव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। विधायक संजय अवस्थी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही खाता गांव का दौरा कर एंबुलेंस रोड का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि 10 तारीख से पहले ही वे गांव पहुंचकर इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत करेंगे। लोगों ने इसे गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

जनेडघाट एचडी पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्रों को दी भावपूर्ण विदाई

अनंत ज्ञान

कंडाघाट। चायल के समीप जनेडघाट स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता अध्यक्षता प्रधानाचार्य एम हसन ने की। समारोह की शुरुआत उत्साह और उमंग के कार्यक्रमों के साथ हुई। इस समारोह में कई ऐसे क्षण आए जिसमें विद्यार्थी और शिक्षक भावुक हो गए।

समारोह में मनोरंजक एवं प्रतिभा-आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें फन गेम शो, टैलेंट राउंड, म्यूजिकल चेयर्स, क्वेश्चन आंसर राउंड, रैंप वॉक, पिक अप द ग्लास विद बैलून शामिल रहीं। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल दिव्यम और मिस फेयरवेल सुहाना को चुनी गईं। मिस्टर पर्सनेलिटी अग्रिम और मिस पर्सनेलिटी सृष्टि चुनी गईं। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विदाई समारोह केवल एक अंत नहीं, बल्कि नए सपनों और नई उड़ानों की शुरुआत है। उन्होंने आह्वान किया कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को पहचानें, कठिन परिश्रम करें और जीवन में नई ऊंचाइयों को छुएं।

फेयरवेल समारोह में चुने गए मिस और मिस्टर। अनंत ज्ञान

दाड़लाघाट पंचायत ने कचरा प्रबंधन को लेकर जारी किए सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। ग्राम पंचायत दाड़लाघाट ने क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से कचरा प्रबंधन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पंचायत ने सभी निवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों का कूड़ा सफाई कर्मचारियों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके दें, ताकि उसका उचित निपटान सुनिश्चित किया जा सके। पंचायत की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जो भी व्यक्ति अपने घर का कचरा गलियों, नालियों या सड़कों पर फेंकता हुआ पाया गया, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में जुर्माना भी लगाया जा सकता है। पंचायत सचिव धनी राम ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होकर अपनी भूमिका निभानी होगी।

एनएच-7 पर 32 करोड़ से बन रहा पुल जुलाई 2026 से पहले पूरा होगा: बिंदल

अनंत ज्ञान

नाहन। नेशनल हाईवे कालाअंब-पांवटा साहिब-देहरादून-7 पर जिला मुख्यालय नाहन से करीब आठ किलोमीटर की दूरी पर मारकंडा नदी पर बनाए जा रहे खजूरना पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। करीब 180 मीटर लंबे इस पुल के निर्माण कार्य पर केंद्र सरकार के सहयोग से करीब 32 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। जुलाई 2026 तक इस पुल का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण कार्य पर खर्च हो रहे बजट की स्वीकृति के लिए नाहन के पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय भूतल एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसका कार्य साल 2021 में शुरू हुआ था और अब कुछ ही दिनों में इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।



◆ 2021 में शुरू हुआ था पुल का निर्माण कार्य

राजीव बिंदल ने कहा कि मारकंडा नदी पर पूर्व की भाजपा सरकार के समय 9 पुल स्वीकृत हुए थे, जिसमें यह पुल भी शामिल था। इस पुल में बनने के बाद एनएच की करीब 400 मीटर की दूरी भी कम हो जाएगी।

सोलन नगर निगम रोस्टर में सरकार पर हेराफेरी का आरोप

'रोस्टर जारी करने में देरी, दबाव की राजनीति बर्दाश्त नहीं : संदीपनी

अनंत ज्ञान

सोलन। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने सोलन नगर निगम के रोस्टर को लेकर कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जो रोस्टर कल जारी होना था, उसे जानबूझकर रोका गया और अब उसे राजनीतिक दबाव में बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।



उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के खिलाफ है और प्रशासन पर राजनीतिक दबाव डालकर रोस्टर में हेरफेरी करने की कोशिश की जा रही है। यह साफ दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी अपने राजनीतिक हितों के अनुसार मोड़ने का प्रयास कर रही है। संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया कि रोस्टर को पहले रोका गया और अब उसे जारी करने से पहले प्रशासन पर दबाव बनाकर 'हैंकी-पैंकी' तरीके से बदलाव करने की तैयारी की जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित और गैर-कानूनी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रोस्टर को राजनीतिक दबाव में बदलने की कोशिश की गई, तो भारतीय जनता पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था की पक्षधर है और किसी भी प्रकार की राजनीतिक हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सम्मान अर्की से अंतरराष्ट्रीय मंच तक, हिमाचल की बेटी ने बढ़ाया देश का मान

डॉ. रीना शर्मा बनीं मिस साउथ एशिया यूनिवर्स 2026

अनंत ज्ञान

अर्की। अर्की विधानसभा क्षेत्र के गांव चवाहन भिउन्खरी से संबंध रखने वाली डॉ. रीना शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए मिस साउथ एशिया यूनिवर्स 2026 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया है। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है। यह प्रतियोगिता टेक्सास (अमेरिका) में माय ड्रीम ग्लोबल एवं माय ड्रीम टीवी यूएसए द्वारा रश्मि बेदी के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डॉ. रीना शर्मा ने प्रतियोगिता के सभी चरणों: हेरिटेज राउंड, ब्लैक एवं गोल्डन राउंड, फाइनल गाउन राउंड और प्रश्न-उत्तर राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खासकर उनके आत्मविश्वास और स्पष्ट सोच ने निर्णायकों को काफी प्रभावित किया। फाइनल में बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी व आयोजक रश्मि बेदी ने उन्हें विजेता का ताज पहनाया। इसके साथ ही डॉ. रीना शर्मा ने 'राइजिंग स्टार ऑफ टेक्सास' का खिताब भी अपने नाम किया।

पेशे से लीड साइंटिस्ट हैं डॉ. रीना शर्मा

डॉ. रीना शर्मा एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर इस मुकाम तक पहुंची हैं। वह पेशे से लीड साइंटिस्ट (प्रमुख वैज्ञानिक) हैं और पिछले छह वर्षों से अमेरिका की एक प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत हैं। इसके अलावा वह खेल, थिएटर और अभिनय में भी सक्रिय रही हैं, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। डॉ. रीना शर्मा, शंकर देव शर्मा की पुत्री हैं और तहसील रामशहर, जिला सोलन के छोटे से गांव से संबंध रखती हैं। उनकी यह सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है, जो यह दिखाती है कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

खिताब जीतने के बाद डॉ. रीना शर्मा। अनंत ज्ञान

असम में भाजपा ने जारी किया 31 वादों का 'संकल्प पत्र', पांच साल में दो लाख युवाओं को मिलेगी नौकरी

लव जिहाद पर एक्शन लेने का वादा

◆ **बांग्लादेशी मुस्लिमों की कब्जाई जमीन लेंगे वापस, यूसीसी करेंगे लागू**

एजेंसी, नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को असम के लिए मेनिफेस्टो (संकल्प पत्र) जारी किया। इसमें लव जिहाद पर एक्शन, घुसपैठियों से कब्जाई जमीन वापस लेने, राज्य में यूसीसी लागू करने, युवाओं को 5 साल में 2 लाख नौकरियां देने का वादा किया है। पत्र में कुल 31 वादे किए गए हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए अरुनोदोई योजना के तहत हर महीने मिलने वाली राशि 1250 रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए करने का वादा किया है। लखपति दीदी योजना के तहत 40 लाख महिलाओं को 25,000 रुपए तक की सहायता देने की भी योजना का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)

चुनाव आचार संहिता उल्लंघन में टीवीके प्रमुख विजय के खिलाफ केस दर्ज

एजेंसी, चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में अभिनेता और टीवीके पार्टी के नेता विजय के समेत लगभग पांच सौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पेरावल्लूर पुलिस स्टेशन में दर्ज केस में सोमवार को कोलाथूर में प्रचार के दौरान प्रचार के दौरान यातायात में बाधा डालने और अधिक लाउडस्पीकर के प्रयोग करने का आरोप लगा गया है। दरअसल, विजय को प्रचार के दौरान केवल पांच लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन चुनाव अधिकारी को दिए गए आश्वासन का उल्लंघन करते हुए 30 लाउडस्पीकर का उपयोग किया गया, जिससे आम जनता को असुविधा हुई। इसके अलावा, पांच हजार से अधिक लोगों की भीड़ जुटाने और एंबुलेंस को रास्ता न देने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

हमें घुसपैठियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखनी होगी: हिमंता

गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब तक इस दुनिया में बांग्लादेश मौजूद है, तब तक घुसपैठिए आते ही रहेंगे। हमें घुसपैठियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखनी होगी। उन्हें खत्म करने का कोई डेडलाइन नहीं दे सकते। यह एक निरंतर चलने वाली लड़ाई है।

कांग्रेस ने दी हैं पांच गारंटियां

असम के लिए कांग्रेस ने 5 गारंटियां जारी की हैं। इसमें महिलाओं को नकद सहायता, सीनियर सिटिजन को पेंशन, हर परिवार को 25 लाख रुपए तक का हेल्थ कवर, गायक जुबीन गर्ग को 100 दिन में न्याय और 10 लाख स्वदेशी लोगों को जमीन का अधिकार देने का वादा शामिल है।

ममता का ईसी को लेटर, कहा- भाजपा वोटर हाईजैकिंग की साजिश कर रही

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लेटर लिखकर भाजपा पर 'वोटर हाईजैकिंग' की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में फर्जी फॉर्म-6 आवेदन देकर बाहरी लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने की कोशिश हो रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस और विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में आवेदन जमा किए जा रहे हैं, जो सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा नहीं लगते।

आईटी रूल बदलेंगे: निर्देश नहीं माने तो सेफ हार्बर खत्म

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आईटी नियमन-2021 में बदलाव का नया मसौदा जारी कर दिया है। इससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स सरकारी निर्देशों की अनदेखी नहीं कर सकेंगे। उन्हें निर्देश, गाइडलाइन, एडवाइजरी माननी ही होगी। यदि वो ऐसा नहीं करते हैं तो संबंधित डिजिटल मीडिया कंपनियां सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराई जाएंगी। इससे इन कंपनियों को सेफ हार्बर के तहत मिलने वाली कानूनी ढाल खत्म कर दी जाएगी। आईटी नियमों में सबसे अहम बदलाव यह है कि प्लेटफॉर्म अपने यूजर्स द्वारा पोस्ट किए गए हर कंटेंट के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। फिलहाल 14 अप्रैल तक सरकार ने इस मसौदे पर सार्वजनिक सुझाव, आपत्तियां मांगी हैं।

डिलीट नहीं कर सकेंगे डेटा: नए नियमों के मुताबिक, यदि किसी अन्य कानून के तहत डेटा सुरक्षित रखना जरूरी है तो प्लेटफॉर्म उसे डिलीट नहीं कर सकेंगे। वित्त, टैक्स या जांच से जुड़े मामलों को सुरक्षित रखना होगा। अभी डिजिटल

◗ **अब हर कंटेंट के लिए सोशल मीडिया कंपनियां ही जिम्मेदार; डेटा डिलीट नहीं कर सकेंगे**

मीडिया एथिक्स कोड सिर्फ न्यूज पब्लिशर्स पर लागू होता था, लेकिन सोशल मीडिया पर न्यूज या करंट अफेयर्स पोस्ट करने वाले यूजर भी इसके दायरे में होंगे। सरकार किसी भी कंटेंट से जुड़े मामले को सीधे समीक्षा कमेटी के पास भेज सकती है। इसके लिए किसी की शिकायत का इंतजार करना जरूरी नहीं होगा।

इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन ने कहा- सरकार सेंसरशिप लगा रही: आईटी नियमों में बदलाव का विरोध शुरू हो गया है। इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन ने आरोप लगाया है कि सरकार ऑनलाइन कंटेंट पर सेंशरशिप लगाना चाहती है। इसका मकसद सरकार पर तंज कसने, मखौल उड़ाने, नकल करने वाले कंटेंट पर अंकुश लगाना है। सरकार सेफ हार्बर पर चोट करके आम यूजर्स पर नकेल कसना चाह रही है। (अनंत ज्ञान)

छत्तीसगढ़ के कांकेर में दो नक्सलियों ने एके-47 के साथ किया आत्मसमर्पण

एजेंसी, कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार की तय समयसीमा पर दो नक्सलियों पीपीसीएम शंकर और पीएम हिड़मा डोडी ने पुलिस के समक्ष एके-47 के साथ आत्मसमर्पण किया है। दोनों आत्मसमर्पित नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था, इसकी पुष्टि कांकेर एसपी ने की। कांकेर एसपी निखिल राखेचा ने मंगलवार को बताया कि कांकेर-दंतेवाड़ा क्षेत्र के जंगलों में अभी भी लगभग 15 नक्सली सक्रिय बताए जा रहे हैं, जिनमें दो प्रमुख कैडर चंदर और रूपी सुरक्षाबलों के सर्च ऑपरेशन के केंद्र में हैं। पुलिस का मानना है कि आने वाले घंटों में बाकी बचे नक्सली मुख्यधारा में लौट सकते हैं। राखेचा ने बताया कि विगत 5 दिनों में 9 नक्सली कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में 31 मार्च को 2 और नक्सली कैडरों ने भी हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। इन नक्सली कैडरों की ओर से एक एके 47 के साथ आत्मसमर्पण किया गया है। पुनर्वास के लिए आगे आए माओवादी कैडरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर इलाके में सक्रिय अन्य माओवादी कैडरों से संपर्क स्थापित कर उन्हें भी मुख्यधारा में शामिल कराने के प्रयास जारी हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने पिछले तीन दिनों में 25 मार्च से आज 31 मार्च तक कुल 11 माओवादी कैडर के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा 'माओवादी कैडरों के पास आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास का विकल्प चुनने के लिए अब केवल कुछ ही घंटे बचे हैं। वे इस अवसर का विवेकपूर्ण उपयोग कर शांतिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन अपनाएं। (अनंत ज्ञान)

लीबिया से ग्रीस जा रही प्रवासियों की नाव समुद्र में रास्ता भटकी, 22 की मौत

एजेंसी, ढाका। लीबिया से ग्रीस जा रही प्रवासियों की नाव समुद्र में रास्ता भटक गई। इस दौरान 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें 12 युवा बांग्लादेश के नागरिक हैं। सुनामगंज के उपायुक्त मोहम्मद इलियास मिया ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस घटना के लिए जिम्मेदार मानव तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज करेगा। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सुनामगंज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजन सरकार ने बताया कि अब तक उन्होंने 12 नागरिकों की मौत की पुष्टि कर ली है। इनमें से छह लोग डेराई उपजिला के, पांच लोग जगन्नाथपुर उपजिला के और एक व्यक्ति दोराबाजार उपजिला का रहने वाला है। सुनामगंज के उपायुक्त मोहम्मद इलियास ने कहा कि इनके शव समुद्र से मिल गए हैं। 28 मार्च को बचाए गए 26 लोगों को ग्रीस के एक शिविर में रखा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस, परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों और स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद अब तक 12 मृतकों की पहचान की पुष्टि हो चुकी है। जान गंवाने वालों में मो. नूरुज्जमान सरदार मोयना (30), साजिदुर रहमान (28), साहन एहिया (25), मुजीबुर रहमान (38), तायक मिया,अबू फहीम, सोहनुर रहमान, शायेक अहमद, मो. नईम मिया, अमीनुर रहमान और मोहम्मद अली हैं। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि मानव तस्करों ने युवकों को 12 से 15 लाख टका के बदले इटली पहुंचाने का वादा करके फंसाया था। सबको सबसे पहले लीबिया ले जाया गया। उन्हें जबरदस्ती ठसाठस भरी नावों में बिठा दिया गया। पुलिस ने बताया कि ग्रीक कोस्ट गार्ड ने 28 मार्च को 26 लोगों को बचाया। (अनंत ज्ञान)

आज से बदलेंगे 10 नियम: टोल प्लाजा पर नहीं होगा नकद भुगतान

एजेंसी, नई दिल्ली

1 अप्रैल से देशभर के सभी टोल प्लाजा पर नगद भुगतान बंद हो जाएगा। वाहन चालक सिर्फ फास्टैग या यूपीआई पेमेंट के जरिए ही टोल टैक्स चुका सकेंगे। इसके अलावा, मंगलवार रात 12 बजे के बाद देश में टैक्स और बैंकिंग से जुड़े 3 बड़े कामों की डेडलाइन खत्म हो रही है।

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) या सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) को चालू रखने के लिए हर साल 250 रुपए से 500 रुपए तक न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है। अगर खाता बंद हो गया तो चालू कराने के लिए पेनाल्टी लगेगी और बैंक के चक्कर काटने होंगे। (अनंत ज्ञान)

ऑफिस में जमा करें इन्वेस्टमेंट प्रूफ

अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो आपको अपने ऑफिस में इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा करने होंगे। इसमें घर के किराए की रसीदें, बीमा प्रीमियम की रसीद, होम लोन के ब्याज का सर्टिफिकेट शामिल हैं। अगर आप ये डॉक्यूमेंट्स समय पर नहीं देते हैं, तो कंपनी आपकी आखिरी सैलरी से ज्यादा टीडीएस काट लेगी। इसे वापस पाने के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने तक का इंतजार करना होगा। अगर आपके पास गाड़ी है तो आज ही अपनी गाड़ी में फास्टैग अकाउंट एक्टिव कर लें। फास्टैग का उपयोग नहीं करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपके स्मार्टफोन में यूपीआई पेमेंट की सुविधा चालू हो। बिना डिजिटल पेमेंट के टोल प्लाजा पर पहुंचने पर आपको जुर्माना देना पड़ सकता है या लौटाया जा सकता है। क्योंकि, सभी टोल पर सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से ही टैक्स चुका सकेंगे।

पुरानी टैक्स रिजीम में सेविंग का मौका 80सी और 80डी के तहत निवेश करें: पुरानी टैक्स रिजीम में टैक्स बचाने के लिए निवेश करने का कल आखिरी दिन है। सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपए तक की छूट पाने के लिए आप पीपीएफ, लाइफ इंश्योरेंस में निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा, 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम और मेडिकल खर्चों पर 1 लाख तक की छूट मिलती है। 1 अप्रैल या उसके बाद किया गया निवेश अगले साल के खाते में गिना जाएगा।

व्हाइट हाउस के संकेत, ईरान के खिलाफ जंग का खर्च अरब देशों से वसूलेंगे ट्रंप

एजेंसी, वाशिंगटन

ईरान के खिलाफ अमेरिका-इसरायल जंग अब सिर्फ सैन्य मोर्चे तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसके आर्थिक असर भी सामने आने लगे हैं। इस युद्ध पर अरबों डॉलर खर्च होने के बीच व्हाइट हाउस के ताजा संकेतों ने नई बहस छेड़ दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब इस जंग का बोझ अकेले उठाने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। व्हाइट हाउस ने इशारों-इशारों में साफ कर दिया है कि अरब देशों से युद्ध खर्च में हिस्सेदारी की उम्मीद की जा सकती है।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ईरान के खिलाफ जंग का बिल अब अरब देशों को चुकाना होगा? व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अरब देशों से ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिका-इसरायल युद्ध से जुड़े खर्चों को उठाने में मदद मांगने में 'काफी दिलचस्पी' रखेंगे। व्हाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान लेविट ने कहा कि वह इस मुद्दे पर आगे बढ़कर कुछ नहीं कहेंगी, लेकिन यह एक ऐसा विचार है जिस पर ट्रंप सोच रहे हैं और आने वाले समय में वे इस पर और बात कर सकते है। इस महीने की शुरुआत में पेंटागन के अधिकारियों ने अमेरिकी कांग्रेस को बताया कि ईरान के खिलाफ युद्ध के पहले छह दिनों में ट्रंप प्रशासन ने 11.3 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। यह जानकारी सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने दी। हालांकि, इस रकम में युद्ध के नुकसान और उसकी भरपाई का खर्च शामिल नहीं है. वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अनुमान है कि युद्ध के पहले तीन हफ्तों में पेंटागन को इसकी लागत करीब 1.4 अरब से 2.9 अरब डॉलर के बीच पड़ी होगी. यह अनुमान पेंटागन की पूर्व बजट अधिकारी एलेन मैककस्कर ने लगाया है। व्हाइट हाउस ने कांग्रेस से कम से कम 200 अरब डॉलर के अतिरिक्त सैन्य बजट की मांग की है. इस पैसे का इस्तेमाल ईरान में चल रहे सैन्य अभियान और पेंटागन के हथियारों के भंडार को फिर से भरने के लिए किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

होर्मुज नहीं खुला तो भी ट्रंप ईरान के साथ युद्ध खत्म करने को तैयार हैं: अमेरिका मीडिया

एजेंसी, नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में चल रही लड़ाई के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर समाप्त करने के संकेत दिए हैं। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका अब मिडिल ईस्ट की ऊर्जा पर निर्भर नहीं है, ऐसे में वह होर्मुज स्ट्रेट को खोले बिना ही ईरान के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ईरान में स मिलिट्री कैंपेन खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने अपने सहयोगियों को संकेत दिया कि वह चार से छह हफ्ते के टाइमलाइन में ईरान के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन खत्म करने के लिए तैयार हैं, भले ही होर्मुज स्ट्रेट बंद रहे। ट्रंप का मानना है कि यदि अमेरिका ईरान की नौसैनिक और मिसाइल क्षमताओं को कमजोर करने जैसे अपने मुख्य उद्देश्यों को हासिल कर लेता है, तो होर्मुज स्ट्रेट के बंद रहने के बावजूद वह अपनी दुश्मनी खत्म कर सकता है और जीत का ऐलान कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

विदेश में रिश्तेदार बनकर 23 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी काबू

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। जिले में साइबर ठगी के मामलों पर कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने विदेश में रिश्तेदार बनकर एक बुजुर्ग से 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के मोहम्मद आरिज व सुनील के रूप में हुई है। मामले की जांच साइबर क्राइम थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु के नेतृत्व में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम ने की।

पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि चीका क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 निवासी संतोख ने शिकायत दी थी कि उसके दो बेटे पिछले 15 वर्षों से इटली में रह रहे हैं। उसके साले बहादुर के बेटे बलराज और मनजीत भी इटली में हैं, जिनमें से मनजीत बचपन से ही उसके पास रहा, जिससे उसका अच्छा लगाव था। शिकायत के अनुसार 29 मई 2023 को संतोख के पास एक विदेशी नंबर से कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को मनजीत बताते हुए विश्वास में ले लिया। आरोपी ने भारत आने के लिए कागजात तैयार करवाने के नाम पर पहले तीन लाख रुपये मांगे। विश्वास में आकर शिकायतकर्ता ने बताए गए बैंक खाते में पैसे जमा करवा दिए। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग बहाने बनाकर जैसे कागजात फीस, मां की बीमारी, एक्सीडेंट, पुलिस कार्रवाई और कोर्ट के खर्च का हवाला देकर लगातार पैसे ऐंठे। कभी अस्पताल खर्च, कभी जुर्माना और कभी मामले को रफा-दफा करने के नाम पर पैसे मांगे गए। इस तरह आरोपियों ने कुल 23 लाख रुपये ठग लिए। बाद में जब शिकायतकर्ता ने अपने साले से बात की तो पता चला कि मनजीत बिल्कुल ठीक है और उसने किसी प्रकार के पैसे नहीं मांगे। इसके बाद उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ और साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी सुनील ने ठगी के लिए अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था, जबकि मोहम्मद आरिज ने भी साइबर ठगों को बैंक खाता मुहैया करवाने में भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर काम हुआ शुरू

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। बीते दिनों उचाना में सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा विकास रैली में की गई घोषणाओं पर कार्य शुरू हो गया है।

करसिंधु गांव को महाग्राम का दर्जा मिलने के साथ यहां के लोगों को आने वाले दिनों में शहरों की तरह सुविधाएं मिलेंगी। 18 फरवरी को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में आयोजित विकास रैली में सीएम नायब सिंह सैनी पहुंचे थे। करसिंधु गांव में एसटीपी बनने के साथ-साथ पूरे गांव में सीवरेज लाइन बिछाने के साथ-साथ अन्य कार्य जो महाग्राम योजना के तहत होने है उसको लेकर 50 करोड़ रुपये की राशि मंजूर हो चुकी है। टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया आने वाले दिनों में शुरू होगी। उचाना शहर के करीब 18 साल पहले सीवरेज पाइप लाइन बिछाई गई थी। सीवरेज पाइप लाइन की चौड़ाई कम होने के चलते बार-बार सीवरेज जाम होने की समस्या के साथ.साथ बारिश के पानी की निकासी भी प्रभावित हो रही थी। काफी समय से लोगों द्वारा नए सिरे से सीवरेज लाइन बिछाने की मांग की जा रही थी। नौ करोड़ की राशि नए सिरे से नगर पालिका एरिया में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए मंजूर होने से सीएम ने जो घोषणा की थी वो पूरी हो गई है। इसी तरह कसूहन गांव में बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण, जलघर का दोबारा से निर्माण, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं

पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने को लेकर सीएम घोषणा के बाद तीन करोड़ रुपये की राशि मंजूर हुई है। उचाना विधायक देवेंद्र अत्री ने मंगलवार को बताया कि उचाना विकास रैली उचाना के विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। जो घोषणाएं सीएम नायब सिंह सैनी ने की थी उनको लेकर राशि मंजूर अलग-अलग विभागों की हो रही है। करसिंधुए कसूहनए उचाना नपा एरिया को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के कामों को लेकर 62 करोड़ मंजूर हो चुके हैं। आने वाले दिनों के टेंडर प्रक्रिया कामों को लेकर होगी। हर घोषणा पर काम आने वाले दिनों में शुरू होता नजर आएगा। विकसित उचाना का जो सपना देखा था वो पूरा होगा। चंडीगढ़ में सीएम से मुलाकात के दौरान विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

सेरियाली में डंगा धंसने से लगा घंटों जाम, प्रशासन पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान, सलूणी। नकरोड़-हिमगिरी मुख्य मार्ग एक बार फिर अव्यवस्था व लापरवाही का शिकार हो गया। सेरियाली के पास सड़क का डंगा धंसने से मार्ग खतरनाक रूप से संकरा हो गया।

इसके चलते सोमवार को घंटों लंबा जाम लगा रहा व यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालात इतने खराब रहे कि छोटे वाहनों से लेकर बसों तक को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ा। कई जगहों पर वाहन चालकों को एक-दूसरे को पास देने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, जिससे पूरे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था चरमरा गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि हर कुछ दिनों में यही स्थिति बन जाती है। सड़क पहले ही संकरी है, ऊपर से बार-बार डंगा धंसने की घटनाएं इसे और भी खतरनाक बना रही हैं।

'हर बार सिर्फ मिट्टी डालकर या अस्थायी मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है,' एक स्थानीय निवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा। यात्रियों ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा सवाल उठाया। उनका कहना है कि जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। यह लापरवाही कभी भी जानलेवा साबित हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग का तुरंत स्थायी समाधान किया जाए चाहे वह मजबूत डंगा निर्माण हो या सड़क चौड़ीकरण, ताकि रोज-रोज की इस परेशानी और संभावित खतरे से छुटकारा मिल सके। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस बार भी 'टेंपरेरी समाधान' का सहारा लेकर जिम्मेदारी से बच जाएगा, या फिर लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कोई ठोस और स्थायी कदम उठाएगा?

डिजाइन क्षमता व गुणवत्ता उत्कृष्टता: भारत के ईसीएमएस विजन को विस्तार देने के लिए अंत्यत महत्वपूर्ण: अशोक

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। आईईएसए (इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन) के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा कि ईसीएमएस योजना की सफलता भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण क्षेत्र में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

योजना के तहत 16 उत्पाद श्रेणियों में स्वीकृतियां दी गई हैं, जिनमें लिथियम-आयन सेल, फ्लेक्सिबल पीसीबी, कनेक्टर्स और डिस्प्ले मॉड्यूल शामिल हैं, और ये 8 राज्यों में वितरित हैं, जिसमें कर्नाटक और महाराष्ट्र अग्रणी हैं। इन निवेशों से 14,000 से अधिक रोजगार सृजित होने और 84,515 करोड़ रुपए के उत्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 61,671 करोड़ रुपए के स्वीकृत निवेश शामिल हैं, जो लक्ष्य 59,450 करोड़ रुपए से अधिक है। यह उद्योग में नीति और पारिस्थितिकी तंत्र पर मजबूत विश्वास को दर्शाता है। योजना के अंतर्गत कुल उत्पादन 4,51,858 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है, जबकि रोजगार पहले ही 65,000 से अधिक तक पहुंच चुका है। अशोक चांडक ने एमईआईटीवाई के तेज स्वीकृति प्रक्रिया व सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ईसीएमएस न केवल सेमीकंडक्टर बल्कि कंपोनेंट्स, मटेरियल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स मूल्य संवर्द्धन के लिए भी गेम-चेंजर साबित हो रही है। मंत्री के मार्गदर्शन में डिजाइन क्षमता और सिक्स सिग्मा गुणवत्ता को मजबूत करना दीर्घकालिक वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए महत्वपूर्ण है।

आईईएसए ने डिजाइन-आधारित विनिर्माण को बढ़ावा देने और भारत में नवाचार व उत्पाद निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। अगले चरण में विस्तार, मजबूत डिज़ाइन टीमों का निर्माण, स्थानीय सोर्सिंग और विश्वस्तरीय गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही, ओईएम और सिस्टम कंपनियों को 'डिज़ाइन्ड और मेड-इन-इंडिया' कंपोनेंट्स अपनाने और वितरकों को भारतीय उत्पादों को वैश्विक बिल ऑफ मटेरियल्स में शामिल करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है।

संस्था वन-वे फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

सामाजिक संगठन, पुलिस व राजनीतिक दलों ने बढ़-चढ़कर निभाई भागीदारी

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। सामाजिक संस्था वन वे फाउंडेशन द्वारा गवर्नमेंट मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल ब्लड सेंटर सेक्टर-16 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिवर में शहर के सामाजिक संस्थाओं के साथ चंडीगढ़ पुलिस व राजनीतिक दलों ने भी अपनी भागीदारी निभाई।

संस्था वन वे फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन यादव ने बताया कि संस्था से सीनियर सोशल वर्कर माता, हरबंस कौर ओबराये, सुनीता गुप्ता, सुशीला यादव नेतृत्व में कैंप कराया गया। रक्तदान शिवर का शुभारंभ सतीश पाठक, मीना मेहरा, विष्णु पांडे और तानिया के द्वारा किया गया। रक्तदान करने वाले लोगों को स्वतंत्रता सेनानी माननीय संजीव गोयल, गुलाब चंद यादव, यादव महासंघ चंडीगढ़ के सभी सदस्य व अरुण, प्राचीन शिव मंदिर कमेटी नवागांव के सदस्य, प्रेम यादव, विजय वर्मा, विश्वनाथ, सुजाता,

आशीष राजभर, मीना मेहरा, मनजीत कौर, विजय, रेनू रोहिल्ला, अशोक रोहिल्ला, भारती द्वारा समान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चंडीगढ़ पुलिस के सदस्य ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खरड़ मोहाली से नवीन मल्हन, सुनील रावत, मल्कियत सिंह पराशर, शिवम पराशर, मुनीष कपूर, राजेश सैनी, अमनदीप सिंह रंधावा, संदीप उपाध्याय, निशांत पराशर, निखिल, अवध राज कोहली शिवर ने उपाथित रहे। संस्था वनवे फाउंडेशन के सभी सदस्यों द्वारा गवर्नमेंट मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल ब्लड सेंटर सैक्टर 16 के सभी डॉक्टर और स्टाफ का दिल से धन्यवाद किया इस नेक काम के लिए संस्था मौका दिया और सभी देवतुल्य रक्तदाताओं का आभार और दिल से धन्यवाद किया, सभी से आभार की वन वे फाउंडेशन संस्था पर अपना विश्वास यू ही बनाए रखें समाज के कामों में हमेशा साथ बने रहे।

एलपीजी की कालाबाजारी पर कार्रवाई नौ एफआईआर दर्ज, 56 सिलेंडर पकड़े

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारु रूप से जारी है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक स्टॉक न करें। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों की नियमित निगरानी की जा रही है। जिला खाद्य व आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने मंगलवार को बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की मांग के अनुसार 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सोमवार को पूरे जिले में एलपीजी सिलेंडर मांग के अनुरूप सफलतापूर्वक उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि सप्लाई चेन पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही है और किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है। जिले में गैस सिलेंडरों के स्टॉक की भी कोई कमी नहीं है। कविता सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस कुल 28093 घरेलू गैस सिलेंडर को उपभोक्ताओं में वितरित किए गए हैं। मांग अनुसार हर दिन शत प्रतिशत सप्लाय सुनिश्चित की जा रही है। मांग और आपूर्ति में कोई अन्तर नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता को पैनिक की स्थिति से बचते हुए अनावश्यक स्टॉकिंग से बचने की सलाह दी जाती है। वे अनावश्यक लाइन में न लगे।

जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फरीदाबाद विभाग की गठित टीमों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला फरीदाबाद के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग पाए जाने पर दिनांक 30 मार्च तक आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कुल 9 एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें कुल 56 सिलेंडर पकड़े गए। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त भी किए हैं और आगे भी इस बारे चैकिंग अभियान जारी रहेगा।

मोहाली प्रेस क्लब की गवर्निंग बॉडी भंग, चुनाव 5 को

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। मोहाली प्रेस क्लब की सालाना जनरल बॉडी मीटिंग आज क्लब के प्रेसिडेंट सुखदेव सिंह पटवारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें करीब 67 रेगुलर मेंबर्स ने हिस्सा लिया। इस मीटिंग के दौरान, मौजूद सभी मेंबर्स को क्लब की सालाना एक्टिविटीज के बारे में बताया गया।

इस मौके पर, प्रेसिडेंट सुखदेव सिंह पटवारी ने एकमत से मौजूदा जनरल बॉडी को भंग करने और 5 अप्रैल, 2026 को क्लब के चुनाव कराने का ऐलान किया। इस बारे में, क्लब के ट्रेजरर राजीव तनेजा ने 2025-26 के लिए क्लब की फाइनेंशियल रिपोर्ट पेश की। बाद में, जनरल सेक्रेटरी गुरमीत सिंह शाही ने क्लब की सालाना एक्टिविटीज के बारे में डिटेल में जानकारी दी। इसे ध्यान में रखते हुए, जनरल बॉडी ने बिना किसी बदलाव व बिना विरोध के दोनों रिपोर्ट पास कर दीं। इस मौके पर, क्लब के प्रेसिडेंट सुखदेव सिंह पटवारी ने मौजूदा जनरल बॉडी को भंग करने का ऐलान किया और

अगली गवर्निंग बॉडी बनाने के लिए 5 अप्रैल 2026 को चुनाव कराने का प्रस्ताव पास किया गया। इस मौके पर हरिंदरपाल सिंह हैरी को चीफ इलेक्शन कमिश्नर और कुलविंदर सिंह बावा और गुरमीत सिंह रंधावा को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए इलेक्शन कमिश्नर की जिम्मेदारी एकमत से सौंपी गई। इस अवसर पर गवर्निंग बॉडी केसी वाइस प्रेसिडेंट सुशील गरचा, वाइस प्रेसिडेंट मनजीत सिंह चाना व विजय पाल, ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. रविंदर कौर व विजय कुमार, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी नीलम ठाकुर के अलावा सदस्य वरिष्ठ पत्रकार पाल सिंह कंसाला व अमरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह बावा, अजैब औजला, राजिंदर सिंह तग्गड़, गुरप्रीत सिंह नियामियां, सुखविंद्र सिंह मनोली, बलजीत सिंह मरवाहा, हरदेव चौहान, मंगत सिंह सैदपुर, अरुण शर्मा, नेहा वर्मा, रणजीत धालीवाल, गुरनाम सागर, धरमिंदर सिंगला, दविंदर सिंह, हरमिंदर सिंह नागपाल, अमरदीप सैनी, मलकीत सिंह सैनी, राजीव सचदेवा, कुलवंत कोटली, गौतम बंसल, प्रितपाल सिंह सोढ़ी, विनोद शर्मा, अनिल कुमार गर्ग, संदीप बिंद्रा, राकेश हंपल, रितेश नाहर, रमेश सचदेवा, डी.एन. सिंह, तरलोचन सिंह, जतिंदरपाल सिंह, रविंदर कुमार, अमरपाल सिंह नूरपुरी, सागर पाहवा व अन्य क्लब सदस्य मौजूद थे।

स्पोर्ट्स विंडो

बांगड़ बोले-सूर्यवंशी ने अपने बेखौफ खेल से चार बेहतरीन गेंदबाजों पर बनाया दबाव

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि आईपीएल 2026 के पहले मैच में वैभव सूर्यवंशी ने जिस तरह

विश्व स्तरीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया, वह उसकी खास प्रतिभा और निडर खेल का परिचायक है। 15 वर्ष के सूर्यवंशी ने 15 गेंद में अर्द्धशतक जमाकर राजस्थान रॉयल्स को चेन्नई सुपर किंग्स पर शानदार जीत दिलाई। पिछले साल आईपीएल शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने सूर्यवंशी ने मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''वैभव सूर्यवंशी अलग ही खिलाड़ी है। उसने गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। मैट हेनरी और खलील अहमद जैसे गेंदबाजों पर दबाव बनाया। वहीं नूर अहमद जैसे गेंदबाज के लिये भी परेशानी का सबब बना।'' उन्होंने कहा,''उसने 15 वर्ष की उम्र में चार बेहतरीन गेंदबाजों पर अपनी बेखौफ बल्लेबाजी से दबाव बनाया। यह उसकी खासियत है और मुझे बहुत पसंद है। जिस तरह से उसने इस सत्र में शुरुआत की है, यह उसके लिए यादगार रहने वाला है।'' (अनंत ज्ञान)

मोहम्मद शमी बोले-क्रिकेट से बोर हुआ तो ही रिटायरमेंट लूंगा

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि वह अभी रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे हैं। वे तभी क्रिकेट छोड़ेंगे जब उन्हें खेल से बोरियत होगी। चयन या उम्र उनके फैसले का आधार नहीं

होंगे। 35 साल के शमी पिछले एक साल से टीम इंडिया से बाहर हैं, जबकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। बंगाल के लिए 67 विकेट लिए, लेकिन इसके बावजूद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली। शमी ने कहा कि वे अपने प्रदर्शन पर ध्यान दे रहे हैं। उनके मुताबिक, एक खिलाड़ी के तौर पर वह अपनी जिम्मेदारी पूरी करेंगे, बाकी चयन उनके नियंत्रण में नहीं है। एक इंटरव्यू में शमी ने कहा कि जब खिलाड़ी के मन में रिटायरमेंट का ख्याल आता है, तो वह थक चुका होता है। उन्होंने कहा कि वह न तो थके हैं और न ही बोर हुए हैं। उन्होंने कहा, जिस दिन उन्हें लगेगा कि अब खेल में मजा नहीं आ रहा या आलस महसूस हो रहा है, उसी दिन वह क्रिकेट छोड़ देंगे। शमी इस बार आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम ने उन पर भरोसा जताया है और वह उसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। (अनंत ज्ञान)

वैज्ञानिक ट्रेनिंग और रिकवरी से निखरेगा प्रदर्शनः सोनाली शिंगाटे

एजेंसी, बेल्लारी। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में भारतीय महिला कबड्डी टीम की खिलाड़ी एशियन गेम्स 2026 की तैयारी कर रही हैं। 2025 वर्ल्ड कप स्वर्ण विजेता और 2018 एशियन गेम्स रजत पदकधारी सोनाली शिंगाटे ने कहा कि वैज्ञानिक ट्रेनिंग और रिकवरी के संतुलन से खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि इस बार स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव है। शिंगाटे ने कहा कि पहले वर्कलोड और रिकवरी पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता था, जिससे चोट की संभावना बढ़ जाती थी। अब वैज्ञानिक दृष्टिकोण से फिटनेस और प्रदर्शन दोनों में सुधार होगा। कैंप 2 अप्रैल तक चलेगा और अनुभवी व युवा खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा का माहौल बन रहा है। (अनंत ज्ञान)

सामिया आरजू का खूबसूरत अंदाज

पाकिस्तान क्रिकेटर हसन अली की पत्नी सामिया आरजू हरियाणा के नूंह जिले के मेवात की रहने वाली हैं। आरजू फ्लाइट अटेंडेंट भी रही हैं। इसी दौरान दुबई में उनकी मुलाकात हसन अली से हुई थी। सामिया के इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।

आईपीएल लखनऊ की नई शुरुआत, ऋषभ पंत पर रहेगा दबाव

दिल्ली-लखनऊ में आज होगी कांटे की टक्कर

एजेंसी, लखनऊ

लखनऊ सुपर जाइंट्स बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल में अपने अभियान की शुरुआत करेगी तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊ टीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है ।

अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊ को उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।

गेंदबाजी की तुलना में लखनऊ की बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था। वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे, जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिए डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में हैं।

चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडी भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबरदस्त फॉर्म में थे। (अनंत ज्ञान)

मैच : शाम 7 : 30 बजे से

संभावित टीमें

लखनऊ सुपर जाइंट्स : ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी

दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख।

गुजरात के ओपनरों ने पंजाब किंग्स के गेंदबाज छकाए

एजेंसी, मुल्लांपुर (चंडीगढ़)

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का चौथा मैच मंगलवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच न्यू चंडीगढ़ के मुल्लापुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने आए गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज शुभमन गिल और साई सुदर्शन की ओपनिंग जोड़ी ने पहले ही ओवर से आक्रामक शुरुआत की। टीम ने शुरुआती तीन ओवर में 35 रन बनाकर मजबूत नींव रखी।

चौथे ओवर में गेंदबाजी करने आए मार्को यानसन ने पंजाब को पहली सफलता दिलाई। उनकी गुड लेंथ गेंद पर साई सुदर्शन बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में मिड-ऑफ पर कैच दे बैठे। सुदर्शन ने 11 गेंदों पर 13 रन बनाए।

पावरप्ले के दौरान गुजरात ने बिना कोई छक्का लगाए 6 ओवर में 54 रन बनाए। इसके बाद सातवें ओवर में जोस बटलर ने विजयकुमार वैशाख की स्लोअर गेंद पर जोरदार छक्का लगाया। कप्तान शुभमन गिल ने 27 गेंदों में 36 रन बनाए, उन्हें चहले ने कूपर कॉनोली के हाथों कैच करवाया। समाचार लिखे जाने तक गुजरात टाइटंस ने 12 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 102 रन बना लिए थे। जोस बटलर (29) और ग्लेन फिलिप (16) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

ग्रीन से बड़ी उम्मीदें, संतुलन बनाए रखना होगा : एंड्रयू मैकडोनाल्ड

एजेंसी, सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन से आईपीएल और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट में काफी उम्मीदें हैं, लेकिन इस हरफनमौला में वह काबिलियत है, जिससे वे इन उम्मीदों को संतुलित करते हुए अपने कैरियर को लगातार ऊंचाइयों की ओर ले जा सकते हैं।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में चोटिल ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने को लेकर पूछे गए सवाल पर कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे की टिप्पणी से विवाद पैदा हो गया था। बाद में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर टीम प्रबंधन को उनकी चोट के बारे में पूरी तरह से पता था और वह 10-12 दिन और गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे।

मैकडोनाल्ड ने सेन रेडियो से कहा,''आईपीएल में काफी अपेक्षाएं हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी उनसे काफी अपेक्षायें हैं। यह अनुचित नहीं है क्योंकि हरफनमौलाओं से हमेशा अपेक्षा रहती है।''

ग्रीन को केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा था और वह आईपीएल में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने। मैकडोनाल्ड ने कहा,''हमें पता है कि वह बेहतरीन खिलाड़ी है। उसे सभी अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना होगा , खासकर तीनों प्रारूप में खेलने को लेकर। यह किसी भी क्रिकेटर के लिए चुनौतीपूर्ण है।'' (अनंत ज्ञान)

सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में 29 टीमें लेंगी भाग

एजेंसी, रांची। यहां बुधवार से शुरू हो रही 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीन श्रेणियों में 29 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक चलेगा और टीमें ए, बी तथा सी श्रेणियों में भाग लेंगी। ए श्रेणी की टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए खेलेंगी, जबकि बी श्रेणी की शीर्ष दो टीमों और सी श्रेणी की विजेता टीम को प्रमोशन मिलेगा। ए और बी श्रेणी की आखिरी दो टीमें अगले साल क्रमशः बी और सी श्रेणी में खिसक जाएंगी।

ए श्रेणी में बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है और नॉकआउट चरण नौ अप्रैल से खेला जाएगा। पूल-ए में मेजबान हॉकी झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र हैं ,जबकि पूल-बी में ओडिशा, हॉकी पंजाब और हॉकी आंध्र प्रदेश हैं। पूल-सी में हॉकी हरियाणा, हॉकी मध्यप्रदेश और मणिपुर हॉकी हैं। सभी टीमों को जीतने पर तीन अंक और ड्रॉ पर एक अंक मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

सौरव गांगुली का बीसीसीआई को समर्थन, हर केंद्र पर हों टेस्ट मैच

एजेंसी, कोलकाता

भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों, लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं।

बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। गांगुली ने स्पोटर्स स्टार की किताब 'मिरेकल एट ईडन' के विमोचन से इतर कहा,''ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो, लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा,''हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हों, लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।''

पहली बार इस मसले पर बोलते हुए बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ने कहा,''पूरे भारत में अच्छे स्टेडियम है। चेन्नई , गुवाहाटी और रांची में टेस्ट होते देखकर अच्छा लगता है ।वहां सुविधायें काफी अच्छी है।'' वहीं भारत के पूर्व स्पिनर वेंकटपति राजू ने कहा,''हमारे समय में कोलकाता, कानपुर, चेन्नई, दिल्ली और मुंबई में ही टेस्ट होते थे। उसका अपना आकर्षण था और मुझे लगता है कि फिर ऐसा ही होना चाहिए।'' गांगुली ने इस मौके पर यह भी कहा कि ईडन गार्डंस पर 2001 की टीम के मिलने की योजना बनाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

'खेलो इंडिया' कुश्ती में रिवालसर के पियूष गुर्जर ने जीता स्वर्ण

अनंत ज्ञान

रिवालसर। खेलो इंडिया के तहत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के रिवालसर क्षेत्र के युवा खिलाड़ी पियूष गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

रिवालसर उप-तहसील के घियूंधार गांव के पियूष गुर्जर ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते हुए सभी मुकाबलों में जीत हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे रिवालसर क्षेत्र सहित जिला मंडी में खुशी और गर्व का माहौल है। पियूष गुर्जर ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा नारयण ब अपने गुरु बलबीर को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही वे इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने पियूष की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आरसीबी में आया है ठहराव, खिलाड़ियों को अपनी भूमिका पता है : कृणाल

एजेंसी, बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कृणाल पांड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है ।

आरसीबी ने 2025 में 18 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता था और पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल में कृणाल प्लेयर आफ द मैच थे जिन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए थे। आरसीबी ने मैच छह रन से जीता था।

कृणाल ने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा,''मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नयी टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।''

उन्होंने कहा,''जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे दबाव महसूस होता है लेकिन मैं सोचता हूं कि कैसे शांतचित्त रहूं और जरूरत के मुताबिक खेलूं।'' उन्होंने विराट कोहली का उदाहरण देते हुए कहा,''विराट अच्छा उदाहरण हैं। आप उसकी जीत की भूख और जुनून देख सकते हैं। विराट कोहली किसी भी पीढ़ी में पैदा होते, वह महानतम खिलाड़ियों में ही होती। उनका किसी और से मुकाबला ही नहीं है।'' (अनंत ज्ञान)

एचपीसीए खिलाड़ी पुखराज का हाई परफार्मेंस कैंप के लिए चयन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ओर से हाई परफार्मेंस कैंप फॉर इमरजिंग अंडर-25 पुरुष का आयोजन किया जा रहा है। 13 अप्रैल से 7 मई 2026 के बीच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होने वाले कैंप के लिए एचपीसीए के खिलाड़ी पुखराज मान का चयन हुआ है। कैंप का आयोजन 25 वर्ष से कम आयु के उभरते पुरुष खिलाड़ियों के लिए किया जा रहा है। इस कैंप के लिए खिलाड़ियों को 12 अप्रैल (दोपहर) को निर्धारित स्थान पर रिपोर्ट करना होगा।

एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि एचपीसीए खिलाड़ी पुखराज मान का कैंप के लिए चयन होना खुशी की बात है। इस कैंप में शामिल होने से पहले, उक्त खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस का आकलन एचपीसीए द्वारा धर्मशाला स्थित क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। इसके बाद ही उन्हें कैंप में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। एचपीसीए ने पुखराज मान को बधाई देते हुए आगामी कैंप के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

रवींद्र जडेजा का इमोशनल मूमेंट वायरल

जर्सी में लगा सीएसके का लोगो चूमकर जीता दिल

एजेंसी, गुवाहाटी

राजस्थान रॉयल्स की जीत के बाद ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपनी पुरानी टीम चेन्नई के लोगो को चूम लिया। उनका यह इमोशनल जेस्चर वायरल हो गया। सोमवार को गुवाहाटी में खेले मुकाबले में राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से हराया। मैच के बाद जडेजा ने लेफ्ट आर्म पेसर खलील अहमद से मुलाकात की और उनकी जर्सी पर बने चेन्नई के लोगो को चूमा। उन्होंने माना कि टीम से अलग होना आसान नहीं था। जडेजा बोले कि 12-13 साल एक ही फ्रेंचाइजी के साथ बिताने के बाद बदलाव भावुक करने वाला था, लेकिन इसे करियर का हिस्सा मानकर स्वीकार किया।

जडेजा अब उसी टीम में लौटे हैं, जहां से उनका आईपीएल करियर शुरू हुआ था। 17 साल बाद राजस्थान में वापसी कर रहे जडेजा ने हल्के अंदाज में कहा कि अब गुलाबी रंग अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि वह पॉजिटिव सोच के साथ टीम में आए हैं, जहां सीखने के साथ अपना अनुभव भी साझा करना चाहते हैं। रवींद्र जडेजा ने चेन्नई के लिए पहला मैच 2012 सीजन में खेला था। नीलामी में सीएसके ने उन्हें 9.72 करोड़ रुपए में खरीदकर टीम में शामिल किया था। (अनंत ज्ञान)

किसी और को अपनी सीमाएं तय मत करने दो: शीतल देवी

एजेंसी, नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर की 19 वर्षीय भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना। दक्षिण कोरिया में विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में गत चैंपियन और तत्कालीन नंबर एक तीरंदाज तुर्की की ओजनुर क्यूरे को हराकर खिताब जीतने वाली शीतल पहली भुजाहीन महिला विश्व चैंपियन बनीं।

शीतल ने कहा कि यह सम्मान वर्षों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों का परिणाम है। उन्होंने उदीयमान खिलाड़ियों को संयम और प्रक्रिया पर भरोसा रखने, लगातार सुधार करने और किसी को अपनी सीमाएं तय न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'किसी में कोई कमी नहीं होती, बस मेहनत की कमी होती है। अपना सफर खुद तय करो और हर दिन बेहतर करने की कोशिश करो।'

एक दुर्लभ बीमारी के कारण भुजाओं के बिना जन्मी शीतल 'रिलीजर' उपकरण का इस्तेमाल करती हैं। पैर के अंगूठे से तीर उठाकर धनुष में लोड करने के बाद रिलीजर के माध्यम से निशाना लगाती और फायर करती हैं। नियमों में बदलाव के बावजूद उन्होंने संयम, अनुशासन और कोच गौरव शर्मा के मार्गदर्शन में अपनी तकनीक में सुधार किया। शीतल हफ्ते में छह दिन सुबह आठ से शाम छह बजे तक कड़ा अभ्यास करती हैं और रविवार को विश्राम करती हैं। उनका फोकस लगातार सुधार और प्रदर्शन में निरंतरता लाने पर है, जो उनकी सफलता की कुंजी है। (अनंत ज्ञान)

फिडे कैंडिडेट्स दूसरे दौर के सभी मैच ड्रॉ, महिला वर्ग में भी जीत का इंतजार

प्रज्ञानानंदा ने वेई यी के साथ ड्रॉ खेला

एजेंसी, पाफोस (साइप्रस)

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए चीन के वेई यी के खिलाफ आसानी से ड्रॉ खेला और सोमवार को यहां फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर बने रहे। पहले दौर में अनीश गिरी पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरे दिन भी लय में नजर आए। उन्होंने 'फ्रेंच डिफेंस ओपनिंग' में काले मोहरों से खेलते हुए चीन के खिलाड़ी पर कुछ दबाव बनाया।

वेई यी ने जटिल मुकाबले से बचने का फैसला किया और मोहरों की अदला-बदली होती रही, जिससे अंत में विपरीत रंग के ऊंटों के एंडगेम में मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। प्रज्ञानानंदा के पास एक अतिरिक्त प्यादा था, लेकिन सफेद मोहरों की स्थिति बेहद मजबूत थी। 46 चालों के बाचद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। पहले दौर में जहां चार में से तीन मुकाबले निर्णायक रहे थे। वहीं, दूसरे दौर में सभी मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। अनीश गिरी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अमेरिका के फैबियानो कारुआना के खिलाफ ठोस खेल दिखाया और ड्रॉ हासिल किया। उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम ने ड्रॉ पर रोका।

इसके साथ ही खेले जा रहे महिला वर्ग में दिव्या देशमुख एक बड़ा मौका गंवा बैठीं। वह अपनी हमवतन आर वैशाली के खिलाफ जीत की स्थिति में थीं, लेकिन समय के दबाव में गलती कर बैठीं। नागपुर की विश्व कप विजेता दिव्या ने समय कम होने के बावजूद एक रणनीतिक मौका निकाला था, लेकिन जल्दबाजी में गलत चाल चल दी, जिससे वैशाली ने शानदार जवाबी खेल दिखाते हुए मुकाबला ड्रॉ करा लिया। चीन की जिनेर झू भी लगभग जीती हुई बाजी रूस की कतेरीना लाग्नो के खिलाफ गंवा बैठीं।

कजाखस्तान की बिबिसारा अस्साउबायेवा ने रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के साथ ड्रॉ खेला, जबकि चीन की झोंगयी तान और यूक्रेन की अन्ना म्यूजिचुक के बीच भी मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। महिला वर्ग में अब तक आठों खिलाड़ियों में से किसी ने भी जीत दर्ज नहीं की है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट दो साल में एक बार आयोजित होता है, जिसमें विजेता को मौजूदा विश्व चैंपियन को चुनौती देने का मौका मिलता है। ओपन वर्ग का विजेता इस साल डी. गुकेश से भिड़ेगा, जबकि महिला वर्ग की विजेता चीन की वेनजुन जू के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। (अनंत ज्ञान)